दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 183
कोटद्वार बुधवार
2 नवम्बर 2022, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## पीएम मोदी ने मोरबी में घटनास्थल का किया दौरा

### पीड़ितों को हर संभव मदद देने के निर्देश



**मोरबी, एजेंसी।** गुजरात के मोरबी में रविवार को हुए केबल सस्पेंशन ब्रिज हादसे में अब तक 135 लोगों की मौत हो चुकी है। मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी घटनास्थल का दौरा करने पहुंचे। इस दौरान उनके साथ राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौजूद थे। हादसे के बाद से राहत एवं बचाव कार्य लगातार जारी है, 100 से ज्यादा घायल लोगों का इलाज अभी भी जारी है। प्रधानमंत्री ने मोरबी सिविल अस्पताल में भर्ती घायलों से मिल उनका हाल चाल जाना। साथ ही पीएम ने हादसे को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की।

गुजरात के मोरबी में रविवार को हुए केबल ब्रिज हादसे में अब तक 135 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, 100 से ज्यादा घायल लोगों का इलाज मोरबी के सिविल अस्पताल में अभी भी जारी है। प्रधानमंत्री ने अस्पताल पहुंच निजी तौर पर घायलों से उनका हाल जाना।

पीएम मोदी ने मंगलावर को गुजरात के मोरबी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने हादसे में घायल लोगों का इलाज जानने के साथ, राहत एवं बचाव कार्य में अहम भूमिका निभाने वाले लोगों से भी मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने सभी के साहस की प्रशंसा की।

प्रधानमंत्री मोदी, मोरबी में हुए केबल ब्रिज हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों से मुलाकात की। हादसे में अब तक 135 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, 100 से ज्यादा घायल लोगों का सिविल अस्पताल में इलाज जारी है। पीएम मोदी ने अस्पताल पहुंच घायलों से उनका हाल चाल भी जाना है।

प्रधानमंत्री ने मोरबी में केबल ब्रिज हादसे को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि अधिकारियों को प्रभावित परिवारों के संपर्क में रहना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इस दुखद घड़ी में उन्हें हर संभव मदद मिले।

## गुजरात में मोरबी पुल हादसा बनेगा बड़ा चुनावी मुद्दा!

**गुजरात।** गुजरात के मोरबी में हुए बड़े हादसे के बाद अब इस पूरे घटनाक्रम पर सरकार और भ्रष्टाचार के सिस्टम पर चोट की जाने लगी है। इसको लेकर सिर्फ राजनीतिक दल ही नहीं बल्कि कई सामाजिक संगठन भी जिम्मेदारों पर भ्रष्टाचार के आरोप प्रत्यारोप का दौर लगाने लगे हैं। प्रदेश की प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने तो मोरबी घटनाक्रम पर राज्य सरकार को घेरने का पूरा खाका तैयार कर लिया है।



गुजरात कांग्रेस के कन्वीनर और प्रवक्ता मनीष दोशी कहते हैं कि यह घटना कोई दैवीय आपदा नहीं है बल्कि सरकार का ठेकेदारों के साथ खुला भ्रष्टाचार है। सरकार और भ्रष्टाचारियों के बीच हुए आपसी समझौते के चलते ही हमारे प्रदेश के इतने लोगों की जाने चली गई और ना जाने कितने घर बर्बाद हो गए। मनीष दोशी कहते हैं कि कांग्रेस के बड़े नेता लगातार घटनास्थल पर बने हुए हैं और हमारी पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता मृतकों और घायलों से मिलकर उनके परिवार की पूरी मदद भी कर रहे हैं। वो कहते हैं कि सरकार अपने भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने के लिए सुरक्षाकर्मी और गेटकीपर जैसे सबसे निचले पायदान के कर्मचारियों खिलाफ एफआईआर दर्ज कर रही है। कांग्रेस के प्रवक्ता कहते हैं कि उनकी पार्टी गुजरात सरकार के भ्रष्टाचार को छोड़ने वाली नहीं है।गुजरात कांग्रेस से जुड़े वरिष्ठ नेता बताते हैं कि मोरबी में हुई घटना के चलते 31 अक्टूबर से शुरू होने वाली परिवर्तन यात्रा को एक दिन टाल दिया गया था। अब यह यात्रा मंगलवार से शुरू होगी। गुजरात कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कहते हैं कि वह परिवर्तन यात्रा के माध्यम से गुजरात की पूरी जनता को गुजरात सरकार और पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के माध्यम से होने वाली लूट और भ्रष्टाचार के बारे में जनता को बताएंगे।कांग्रेस के प्रवक्ता मनीष दोशी कहते हैं कि या कोई चुनावी स्टंट या चुनावी प्रचार जैसा मुद्दा नहीं है। बल्कि हकीकत है कि गुजरात सरकार किस तरीके से अपने ठेकेदारों को फायदा पहुंचाने के लिए लोगों की जान की कीमत लगाती है। वह कहते हैं कि देवीय आपदाएं अलग होती है जबकि यह तो जानबूझकर लोगों को मौत के मुंह में ढकेल ने जैसी घटना थी। इसलिए बताओ और प्रमुख विपक्षी पार्टी होने के चलते हमारा दायित्व और जिम्मेदारी अपने प्रदेश की जनता के प्रति है। यही वजह है कि हम पूरे प्रदेश के लोगों को सरकार के इस भ्रष्टाचार की कहानी अलग-अलग माध्यमों से जरूर बताएंगे। कांग्रेस से जुड़े सूत्रों का कहना है कि पार्टी ने डोर टू डोर चल रही कैंपेनिंग में इस बात को पुरजोर तरीके से जनता के सामने रखने को कहा है। इसके अलावा जो भी बड़ी चुनावी रैलियां होंगी या ज्यादा से ज्यादा लोगों से संपर्क करने के लिए जब कांग्रेस के नेता पहुंचेंगे तो सरकार कैसी लापरवाही आज इसमें हमारे प्रदेश के इतने लोगों की मौत हो गई उसका कच्चा चिट्ठा खोला जाएगा।

## अग्निवीर नहीं बन पाया तो जीवन लीला की समाप्त

**जयंत प्रतिनिधि**

**बागेश्वर** : कपकोट तहसील के मल्लादेश निवासी एक युवक ने अग्निवीर नहीं बन पाने से आहत होकर खुदकुशी कर ली। उसने सल्फास खाकर जान दे दी। वह सेना में जाने के लिए तीन साल से तैयारी कर रहा था। सफलता नहीं मिलने पर वह तनाव में आ गया और घटना को अंजाम दे दिया।

परिजनों के अनुसार मल्ला देश निवासी 21 वर्षीय कमलेश गिरी पुत्र हरीश गिरी तीन साल से सेना में जाने की तैयारी कर रहा था। पहले कोरोना ने उसकी राह रोकी। उसके बाद सरकार ने अग्निवीर के पदों की भर्ती शुरू की। भर्ती में कमलेश ने भी हाथ आजमाया। शारीरिक दक्षता और मेडिकल पास करने के उसे लगने लगा कि अब उसका चयन हो जाएगा। सोमवार को अग्निवीर परीक्षा का रिजल्ट घोषित हुआ, जिसमें उसका चयन नहीं हो पाया। इस बात से क्षुब्ध होकर उसने देर शाम सल्फास खा लिया। इसके बाद वह तड़पता रहा। परिजन उसे सीएचसी कपकोट ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उसकी मौत हो गई। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लिया। मंगलवार को पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। घटना के बाद से गांव में शोक की लहर है। विभिन्न संगठनों ने घटना पर दुःख जताया है। कोतवाल कैलाश नेगी ने बताया कि मामले की जांच चल रही है। **(एजेन्सी)**

## उत्तराखंड में इस बार भी लोकपर्व इगास पर रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**देहरादून।** प्रदेश में इगास बग्वाल पर्व के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश रहेगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा इगास पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने के बाद शासन ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं।सचिव सामान्य प्रशासन विनोद कुमार सुमन द्वारा जारी आदेश के अनुसार शुक्रवार चार नवंबर को इगास बग्वाल पर्व पर सार्वजनिक अवकाश रहेगा। यह अवकाश सभी शासकीय व अशासकीय कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों व कार्यालयों के साथ ही बैंक, कोषागार व उपकोषागार में भी रहेगा। उत्तराखंड के लोकपर्व ईगास बग्वाल पर राजकीय अवकाश रहेगा। बीती 25 अक्टूबर को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यह घोषणा की थी। यह दूसरा मौका होगा जब उत्तराखंड में लोकपर्व ईगास बग्घ्वाल को लेकर राज्घ्य में अवकाश घोषित किया गया है।

## भारत में बंद हुए 26 लाख वट्सऐप अकाउंट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मेटा के मैसेजिंग ऐप वट्सऐप ने मंगलवार को कहा कि उसने नए आईटी नियम, 2021 के तहत सितंबर के महीने में भारत में 26 लाख से अधिक खातों पर प्रतिबंध लगा दिया। इन नियमों को सोशल मीडिया प्लेटफर्म पर अधिक जिम्मेदारियां देने के लिए संशोधित किया जा रहा है।मैसेजिंग प्लेटफर्म, जिसके देश में लगभग 500 मिलियन यूजर हैं। भारत में सितंबर में 666 शिकायत रिपोर्ट मिली है, और रिकर्ड कार्रवाई 23 थी। आईटी नियम 2021 के अनुसार, कंपनी ने सितंबर 2022 महीने के लिए अपनी रिपोर्ट प्रकाशित की है। इसमें यूजर-सिक्योरिटी रिपोर्ट में मिली शिकायतों और वट्सऐप द्वारा की गई संबंधित कार्रवाई के साथ-साथ वट्सऐप की स्वयं की निवारक कार्रवाइयों का विवरण शामिल है।प्लेटफर्म ने अगस्त में भारत में 23 लाख से अधिक खराब अकाउंट पर प्रतिबंध लगाया था। एडवांस आईटी नियम 2021 के तहत, प्रमुख डिजिटल और सोशल मीडिया प्लेटफर्म, जिनमें पांच मिलियन से अधिक यूजर हैं, को मासिक अनुपालन रिपोर्ट प्रकाशित करनी होती है। इसके साथ ही एक खुले, सुरक्षित, भरोसेमंद और जवाबदेह इंटरनेट की दिशा में एक बड़ा कदम बढ़ाते हुए, इलेक्ट्रनिक्स और आईटी मंत्रालय ने षडिजिटल नागरिकोंष के अधिकारों की रक्षा के उद्देश्य से कुछ संशोधनों को नोटिफाई किया है।सोशल मीडिया बिचौलियों को केवल यूजर्स को हानिकारक/गैरकानूनी कंटेंट की कुछ कैटेगरी को अपलोड नहीं करने के बारे में सूचित करने की जरूरत होती है। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि भारतीय नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों की सुरक्षा जरूरी है।

## शाह ने दी हरियाणा,मप्र, छग, केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश की स्थापना दिवस की शुभकामनाएं

**नई दिल्ली ,एजेंसी ।** केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को हरियाणा, मध्यप्रदेश, केरल, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश और छत्तीसगढ़ के स्थापना दिवस पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए प्रदेश के विकास की कामना की।श्री शाह ने एक ट्वीट श्रृंखला में कहा, बहादुर जवानों, मेहनतकश किसानों और प्रतिभावान खिलाडियों की भूमि हरियाणा के स्थापना दिवस पर प्रदेश के सभी भाइयों-बहनों को शुभकामनाएं देता हूँ और कमाना करता हूँ कि आने वाले समय में प्रदेश विकास व प्रगति के शिखर पर पहुँचे। दूसरे ट्वीट में उन्होंने लिखा, संस्ति, अध्यात्म और प्रातिक सौन्दर्य के अद्भुत समागम की भूमि मध्य प्रदेश के स्थापना दिवस पर राज्य के भाइयों-बहनों को शुभकामनाएं देता हूँ। मध्य प्रदेश ने विकास और सुशासन को चरितार्थ कर लोक कल्याण के नए माप दंड स्थापित किए हैं, प्रदेश नई ऊँचाइयों को टुए ऐसी कामना करता हूँ।

## मोरबी पुल हादसा : सुको पहुंचा मामला, 14 नवंबर को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली ,एजेंसी ।** गुजरात के मोरबी में हुए पुल हादसे में मृतकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। अब तक 135 लोगों की मौत हो चुकी है। इस हादसे पर देश-विदेश के नेताओं ने दुख जताया है।

वहीं अब ये मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। कोर्ट में याचिका दायर कर सेवानिवृत्त न्यायाधीश की देखरेख में तत्काल न्यायिक आयोग नियुक्त करने की मांग की गई है।

## दिल्ली के प्रदूषण के लिए पंजाब जिम्मेदार?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ठंड बढ़ते ही राजधानी दिल्ली में एक बार फिर गैस चेंबर जैसे हालात बन रहे हैं। ऐसे में दिल्ली सरकार ने कई पाबंदियां लगाई हैं। पाबंदी का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए 586 दलों का गठन किया गया है। दिल्ली के मंत्री गोपाल राय ने कहा कि कुछ दिन में वायु की गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में पहुंच जाएगी। मंगलवार की सुबह दिल्ली का एक्यूआई इंडेक्स 551 पर पहुंच गया। वहीं इस मामले में पहले की ही तरह सियासत भी तेज हो गई है। पंजाब के षि मंत्री कुलदीप धालीवाल ने कहा कि पंजाब को दिल्ली के प्रदूषण का जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है।

एक निजी न्यूज चौनल से बातचीत के दौरान धालीवाल ने कहा, पंजाब में पराली जलाना दिल्ली के प्रदूषण का कारण नहीं



है। रोहतक, पानीपत, सोनीपत ही दिल्ली के प्रदूषण के लिए जिम्मेदार है। आखिर पंजाब का प्रदूषण दिल्ली कैसे पहुंच सकता है? यह कैसे हो सकता है कि अमृतसर का स्मोक दिल्ली तक पहुंच जाए लेकिन सोनीपत का ना पहुंचे।

उनसे जब पूछा गया कि पराली जलाने का समाधान क्या हो सकता है तो उन्होंने कहा, पराली बहुत कम ही जलाई जाती है। इसका इस्तेमाल शादी ब्याह या फिर कार्यक्रमों में हो जाता है। धान की वजह से हमारा भूमिगत जल कम हो गया है फिर भी देश के लिए इसे उगाया जाता है।

## टिहरी पहुंचने पर हुआ गंगा कलश यात्रा का भव्य स्वागत

**नई टिहरी।** गंगोत्री धाम से 800 लीटर के कलश में गंगा जल भरकर नेपाल के पशुपति नाथ मंदिर तक कलश यात्रा निकाली गई है। मंगलवार को कलश यात्रा नई टिहरी पहुंची। जहां पर स्थानीय लोगों ने कलश यात्रा का भव्य स्वागत किया। कलश यात्रा के आयोजक गंगोत्री धाम के रावल शिव प्रकाश सेमवाल ने कहा कि पहली बार 800 लीटर के वृहत कलश में गंगा जल पशुपति नाथ पहुंचाया जायेगा। पौराणिक काल से परंपरा है कि पशुपति नाथ में गंगा जल से पूरे साल भर जलाभिषेक होता है। जिसके लिए हर वर्ष गंगोत्री धाम के कपाट बंद होने पर लक्ष्मी पूजन के दिन कलश की मदद से जल पशुपति नाथ के लिए रवाना किया जाता है। लेकिन इस बार एक बड़े कलश का सृजन कर 800 लीटर गंगा जल पशुपति नाथ के लिए कलश यात्रा की मदद से रवाना किया गया है।

## बड़खोलू झूलापुल से गिरकर बुजुर्ग की मौत

### पिछले कई वर्षो से जर्जर हालत में खड़ा है झूला पुल

**कोटद्वारः** सतपुली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बड़खोलू में जर्जर झूला पुल से गिरकर एक बुजुर्ग की मौत हो गई। उक्त पुल पिछले कई वर्षों से जर्जर हालत में खड़ा है। ग्रामीण कई बार इसकी मरम्मत को प्रदर्शन भी कर चुके थे। वहीं, घटना से ग्रामीणों में रोष बना हुआ है। मंगलवार दोपहर ग्रामीण सतीश चंद्र 62 वर्ष सतपुली बाजार से अपने गांव बड़खोलू जा रहे थे। इसी दौरान पुल पर उनका पैर फिसला और वह नदी में जा गिरे मौके पर पहुंची ग्रामीण उन्हें लेकर हंस अस्पताल चमोली सैण पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत



घोषित कर दिया। बुजुर्ग के सिर पर गंभीर चोट आई हुई थी। वहीं, मालूम हो कि वर्ष 2010 में आपदा के दौरान उक्त पुल क्षतिग्रस्त हो गया था। जिसके बाद ग्रामीण पुल मरम्मत की मांग उठा रहे थे। इसके लिए ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन भी किया था। वहीं, शासन ने वर्ष 2016 में मोटर पुल बनाए जाने के लिए शासनादेश जारी किया। लेकिन, धरातल पर पुल मरम्मत का कार्य शुरू नहीं हुआ।

पुल पर हुई घटना के बाद ग्रामीणों में रोष बना हुआ है।

## अधिकारी मनोयोग के साथ कार्य कर जिम्मेदारी तय करें : सीएम

### सीएम ने किया सुशीला तिवारी अस्पताल का निरीक्षण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सुशीला तिवारी चिकित्सालय का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने पंजीकरण काउंटर, कैंटीन एवं वार्डों का निरीक्षण कर वार्ड में भर्ती मरीजों एवं ओपीडी में आये वाह्य रोगियों से मुलाकात की एवं उनकी समस्याओं से रूबरू हुये। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी ब्लॉक/न्यायपंचायत स्तर पर समाधान चौपाल का आयोजन कर जनता की समस्याओं से रूबरू होकर मौके पर समस्याओं का समाधान करें। उन्होंने कहा अधिकारी अपने मनोयोग के साथ कार्य कर अपनी जिम्मेदारी तय करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कुमाऊं का सबसे बड़ा चिकित्सालय है यहां पर्वतीय क्षेत्र के साथ ही उत्तर प्रदेश के रोगी अपना उपचार हेतु आते है।



सीएम पुष्कर सिंह धामी सुशीला तिवारी अस्पताल में मरीज से जानकारी लेते हुए।

उन्होंने प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी को निर्देश दिये कि चिकित्सालय में आने वाले रोगियों को बेहतर उपचार दें। उन्होंने कहा कि चिकित्सालय हेतु जिन वस्तुओं की आवश्यकता है उनका प्रस्ताव बनाकर शासन को प्रेषित करें ताकि कार्यो हेतु शीघ्र धन आवंटित किया जा सके। इस अवसर पर मेयर डा0. जोगेन्दर पाल सिंह रौतेला, विधायक राम सिंह कैडा, जिलाध्यक्ष प्रदीप बिष्ट, डॉ. अनिल कपूर डब्बू, प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र बिष्ट, पूर्व दर्जा मंत्री हेमन्त द्विवेदी, चन्दन बिष्ट, योगेश रजवार, सुरेश तिवारी, संजय दुम्का, विकास भगत,भुवन जोशी, नवीन पंत, चतुर बोरा, प्रताप बिष्ट, दिनेश आर्य, प्रदीप जनौटी के साथ ही आयुक्त दीपक रावत, डीआईजी नीलेश आनन्द भरणे, जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल, एसएसपी पंकज भटट, प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी, अपर जिलाधिकारी अशोक जोशी, सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह के साथ अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## चिनूक हेलीकॉप्टर से पहुंचाई जा रही सामग्री केदारनाथ

**रुद्रप्रयाग।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ड्रीम प्रोजक्ट केदारनाथ पुनर्निर्माण एवं नवनिर्माण कार्यो को समय पर पूरा करने के लिए प्रशासन स्तर से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। केदारपुरी में नव और पुनर्निर्माण कार्यो को तेजी लाने के लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने वायु सेना की मदद ली है। वायु सेना के चिनूक हैलीकप्टर से विभिन्न निर्माण सामाग्री का परिवहन का कार्य गौचर हैलीपैड से प्रारंभ कर दिया गया है। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बताया कि केदारपुरी में चल रहे निर्माण कार्यो को गुणवत्तापूर्वक समय पर पूर्ण करने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। विपरीति परिस्थितियों के बावजूद केदारनाथ में कई निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके हैं एवं कई कार्य पूर्ण होने जा रहे हैं। करीब 12 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित केदारनाथ धाम में 20 किलोमीटर से अधिक का कठिन ट्रेक कर पहुंचा जाता है। ऐसे में गतिमान निर्माण कार्यो में तेजी से पूर्ण करने के लिए वायु सेना के चिनूक हैलीकप्टर के माध्यम से निर्माण सामाग्री पहुंचाई जा रही है।

### एससीओ काउंसिल की बैठक

## जयशंकर ने किया भारत का प्रतिनिधित्व, मध्य एशियाई देशों में बेहतर कनेक्टिविटी पर दिया जोर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विदेश मंत्री ड. एस. जयशंकर ने शासनाध्यक्षों की एससीओ परिषद की बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व किया। इसके बाद उन्होंने अपने ट्वीट में कहा कि हमें मध्य एशियाई देशों के हितों को देखते हुए एससीओ क्षेत्र में बेहतर कनेक्टिविटी की आवश्यकता है।विदेश मंत्री ने कहा कि चाबहार पोर्ट और इंटरनेशनल नर्थ साउथ ट्रांसपोर्ट करिडोर क्षेत्र में आर्थिक क्षमता की संभावनाओं के रास्ते खोलेगा। इन कनेक्टिविटी परियोजनाओं को सदस्य राज्यों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना चाहिए और अंतरराष्ट्रीय कानून का सम्मान करना चाहिए। डा. जयशंकर ने कहा, एससीओ सदस्यों के साथ हमारा कुल व्यापार 141 अरब डलर का है, जिसके कई गुना बढ़ने की संभावना है। उचित बाजार पहुंच हमारे पारस्परिक लाभ के लिए है और आगे बढ़ने का एकमात्र तरीका है। जयशंकर ने इस बात पर भी जोर दिया कि आगामी साल 2023 को संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय बाजरा वर्ष के रूप में मनाएगा। भारत खाद्य संकट का मुकाबला करने के लिए एससीओ सदस्य देशों के साथ और ज्यादा सहयोग को बढ़ावा देना चाहता है। यह बैठक प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है। इसमें संगठन के व्यापार और आर्थिक एजेंडे पर ध्यान केंद्रित किया जाता है और इसके वार्षिक बजट को मंजूरी दी जाती है। शंघाई सहयोग सगंठन (एससीओ) की स्थापना 2001 में शंघाई में रूस, चीन, किर्गिज गणराज्य, कजाकिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान के राष्ट्राध्यक्षों ने एक शिखर

# प्राथमिक शिक्षा छात्रों के भविष्य एवं ज्ञान की आधारशिला : डीएम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा ही छात्र-छात्राओं के भविष्य एवं ज्ञान की आधारशिला है। प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों का नैतिक दायित्व है कि सभी प्राथमिक विद्यालयों में पठन-पाठन कर रहे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें। जिलाधिकारी ने शिक्षकों से अपील की कि आधुनिक समय के हिसाब से शिक्षा में तकनीक का उपयोग करते हुए व्यवहारिक ज्ञान भी उपलब्ध कराया जाए। प्राथमिक के विद्यार्थियों को किताबों तक सीमित न रखते हुए प्रयोगिक ज्ञान देने का प्रयास करें, इसके लिए चार्ट, डायग्राम, फ्लैक्स कार्ड, कंप्यूटर, मोबाइल फोन, इंटरनेट आदि उपकरणों का प्रयोग किया जा सकता है।



जिलाधिकारी मयूर दीक्षित डायट कार्यालय परिसर का निरीक्षण करते हुए।

जनपद में प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता सुधार के लिए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रतूड़ा में आयोजित एफएलएन आधारित तीन दिवसीय फ्लैक्स कार्ड निर्माण कार्याशाला में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने शिरकत की। उन्होंने प्रशिक्षण ले रहे शिक्षकों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित शिक्षकों से प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर करने उनके सुझाव भी लिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने डायट कार्यालय परिसर का निरीक्षण भी किया। जिलाधिकारी ने प्राचार्य डायट को प्रशिक्षण संस्थान में बेहतर साफ-सफाई व्यवस्था रखने के भी निर्देश दिए गए। संवाद के दौरान जिलाधिकारी ने शिक्षकों से उनके विद्यालयों की छात्र संख्या जानी एवं समस्याएं भी सुनीं। उन्होंने कहा कि किसी भी स्कूल में पानी, बिजली, शौचालय, भवन मरम्मत समेत अन्य समस्याओं के समाधान के लिए उच्च अधिकारियों एवं जिलाधिकारी कार्यालय को अवगत कराएं ताकि समस्याओं का यथासंभव निराकरण किया जा सके। उन्होंने शिक्षकों को छात्र संख्या बढ़ाने एवं उनकी उपस्थिति शत-प्रतिशत रखने के लिए हर संभव प्रयास करने के निर्देश दिए। कहा कि ग्राम प्रधानों, अभिभावकों एवं पंचायत स्तर के अधिकारियों से समन्वय बनाते हुए स्कूल के सर्वोच्च विकास के लिए प्रयास करें एवं विद्यालय की बैठकों में सभी को आमंत्रित करें ताकि उनके स्तर से समस्याओं का समाधान त्वरित गति से हो सके। इस अवसर पर डायट प्राचार्य विनोद प्रसाद सिमल्टी ने अवगत कराया है कि प्राथमिक शिक्षा में शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से तीनों विकासखंडों के प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों के साथ एफएलएन आधारित तीन दिवसीय फ्लैक्स कार्ड निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया है।

# इगास पर अपनों को दें स्थानीय उत्पादों की भेंट: मुख्यमंत्री



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित केम्प कार्यालय में बेडू ग्रूप के सदस्यों ने स्थानीय उत्पादों की सामग्री के साथ भेंट की। उन्होंने इगास पर्व पर राजकीय अवकाश घोषित किये जाने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने बेडू ग्रुप के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वोकल फ़ॉर लोकल मुहिम की सार्थकता बताया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य में इगास को लेकर इस बार कई कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इसका स्वागत है, उन्होंने कहा कि इगास पर्व की सार्थकता तभी है जब हम इस पर्व को अपनी संस्कृति, प्रकृति और उत्पादकता से जोड़ें। हमें इगास पर्व को उत्पादकता से जोड़ना होगा। इससे हमारे पारम्परिक व्यंजनों को प्रचार एवं पहचान भी मिलेगी और नई पीढ़ी का इन व्यंजनों से भी परिचय हो सकेगी। इसके साथ ही पारंपरिक बाल मिठाई, सिंगोरी सहित अन्य मिठाइयों से एक–दूसरे का मुंह मीठा करें तो इससे अच्छी बात कुछ और नहीं हो सकती। इससे ना सिर्फ स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा बल्कि इससे जुड़े लोगों की आर्थिकी भी मजबूत होगी। बेडू ग्रुप से जुड़े दया शंकर पांडेय, अवधेश नौटियाल एवं अमित अमोली ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि उनके द्वारा उत्तराखंड के लोकपर्व इगास पर समाज के विभिन्न वर्गों के प्रमुख लोगों को बेडू के शुद्ध हर्बल उत्पादों के साथ ही रोट, अरसे और सिंगोरी मिठाई की कंडी बनाकर समूण के तौर पर देने का अभियान चलाया है।

# विस्थापन की मांग पूरी होने तक जारी रहेगा धरना



नई टिहरी : टिहरी बांध से प्रभावित ग्रामीणों का धरना दूसरे दिन भी पुर्नवास दफ्तर के बाहर जारी रहा। ग्रामीणों ने पुर्नवास विभाग और टीएचडीसी से जल्द विस्थापन की मांग की है। कहा जब तक उनकी मांग पूरी नहीं हो जाती उनका धरना जारी रहेगा।

बांध प्रभावित रौलाकोट, उठड, नंदगांव और भल्डियाना के ग्रामीणों का धरना मंगलवार को भी जारी रहा। बांध प्रभावित ग्रामीण मंजू देवी ने कहा कि बांध प्रभावित ग्रामीण बीते कई वर्षों से विस्थापन की मांग करते आ रहे हैं, लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि टिहरी बांध की झील के कारण उनके घरों और आंगन में दरारें पड़ गई, लेकिन ग्रामीण क्षतिग्रस्त भवनों में रहने को मजबूर हैं। बांध प्रभावित पुरुषोत्तम रावत ने कहा कि जब तक छूटे हुये बांध प्रभावित की मांग पूरी नहीं हो जाती, उनका अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। धरने पर बैठने वालों में सागर भंडारी, बुद्धि रावत, लक्ष्मी देवी, रेखा देवी, गीता देवी, माया देवी, नारायणी देवी, लक्ष्मी देवी, रुशना देवी आदि उपस्थित थे। (एजेन्सी)

# अशासकीय विद्यालयों की भर्तियों पर रोक का विरोध

देहरादून। अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों में भर्ती पर बार बार रोक का शिक्षकों ने विरोध किया है। माध्यमिक शिक्षक संघ ने इन स्कूलों में भर्ती के लिए आयोग बनाने को भी गलत बताया। कहा कि भर्ती आयोग केवल भ्रष्टाचार का अड्डा बनते जा रहे हैं। यूकेएसएसएससी में सामने आए कई घपले इसका उदाहरण हैं। संघ की वर्चुअल बैठक में कहा गया कि भर्तियों पर रोक अशासकीय विद्यालयों के खिलाफ एक सोची समझी साजिश है। ये भी आरोप लगाए गए कि सरकार के जितने भी नियुक्ति आयोग है सभी में व्याप्त भ्रष्टाचार का पर्दाफाश हो चुका है। जिला मंत्री अनिल नौटियाल ने कहा कि सरकार से पूर्व में बनाये गये नियुक्ति आयोग तो संभल नहीं रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ अशासकीय विद्यालयों में नियुक्ति के लिये भर्ती आयोग बनाये जाने के नाम पर बार–बार अशासकीय शिक्षकों की भर्ती कभी अघोषित, मौखिक तथा कभी लिखित रोक लगाई जा रही है। जिससे छात्र–छात्राओं को उसका नुकसान उठाना पड़ रहा है। जिलाध्यक्ष संजय बिजल्वाण ने कहा कि अशासकीय विद्यालयों में पूर्व से ही शिक्षको की भर्ती के एक चयन समिति का प्रावधान है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि अशासकीय विद्यालयों में शिक्षकों की भर्ती पर रोक लगाई गई तो संगठन इस का कड़ा विरोध करेगा तथा आन्दोलन के लिए बाध्य होगा। बैठक में टिहरी के जिलाध्यक्ष महादेव मैठाणी, जनपद अल्मोड़ा के जिलाध्यक्ष गणेश भट्ट, मंत्री कैलाश पांडे, बागेश्वर के जिलाध्यक्ष कैलाश अंडोला, मंत्री प्रकाश कालाकोटी, जनपद नैनीताल के जिलाध्यक्ष पीसी जोशी, मंत्री शैलेन्द्र चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# तहसील दिवस में दर्ज कराई 46 शिकायतें

नई टिहरी : तहसील गजा के तहत राजकीय पालिटेक्टिक गजा में डीएम डा सौरभ गहरवार की मौजूदगी में आयोजित तहसील दिवस में आम लोगों की 46 शिकायतें सामने आई। जिसमें से अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया। शेष शिकायतों को सम्बंधित अधिकारियों को भेजकर डीएम ने तय समय के भीतर निस्तारण के निर्देश दिए।

मंगलवार को तहसील दिवस में ग्राम प्रधान लसेर बबीता देवी ने नव निर्मित सिंचाई गुल के सम्बन्ध में शिकायत की। जिस पर डीएम ने शाम तक रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश विभाग के अधिकारी को दिए। ग्राम माणदा के राजेन्द्र सिंह ने गजा माणदा सड़क पर क्षतिग्रस्त जाले वाले पुश्तों को ठीक करवाने के मांग की गई। जिस पर डीएम ने अधिशासी अभियन्ता पीएमजीएसवाई को भौतिक कार्यों की स्वीकृति देते हुए तत्काल काम करने के निर्देश दिए। 15 दिनों के भीतर कार्य पूरा कर फोटोग्राफस उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। भाजपा के मण्डल महामंत्री रतन सिंह ने जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पेयजल निगम चम्बा में अनियमितताएं तथा नन्दा देवी कन्याधन योजना में अनियमितताओं की शिकायत की। जिस पर डीएम ने सीडीओ को जांच कराकर अवगत कराने के निर्देश दिए। ग्राम अखोड़ीसेरा कुल्पी के उम्मेद सिंह ने कठूड़ अखोड़ी सेरा पयालगांव मोटरमार्ग पर सड़क के पानी से मकान को खतरा होने की शिकायत की। ग्राम विरोगी के भगवती प्रसाद कोठारी ने ओवरी से विरोगी खडवालगांव–खाण्ड मोटर मार्ग से पुश्तैनी खेत पर सुरक्षा दीवार निर्माण की मांग की। प्रकरणों को संबंधित अधिशासी अभियन्ता लोनिवि को 15 दिन के अन्दर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। तहसील दिवस में ग्राम फलसारी के विरेन्द्र सिंह चौहान ने विधायक निधि से कराये गये कार्यों के भुगतान की मांग की। गजा के बलबीर सिंह ने वृद्धावस्था पेंशन दिलाये जाने, ग्राम खाण्ड तैला की मुन्नी देवी ने खाण्ड मोटर मार्ग के किमी 3 के अन्तर्गत भूस्खलन से आवासीय भवन के क्षतिग्रस्त होने की शिकायतें दर्ज करवाई। ग्राम पंचायत माणदा के राजेन्द्र सिंह ने गजा–माणदा मोटर मार्ग के स्थान स्वीर में सड़क के क्षतिग्रस्त होने तथा अवसीय भवनों को खतरा होने की शिकायत की।

## एक नजर

### टेंट हाउस में लगी आग मामले मे क्रॉस केस दर्ज

देहरादून। प्रेमनगर में टेंट हाउस में लगी आग का मामला अब आपसी विवाद बन गया है। पहले इसमें टैंट कारोबारी ने केस दर्ज कराया तो अब दूसरे पक्ष ने भी आरोपियों के खिलाफ प्रेमनगर थाने में केस दर्ज कराया है। दिवाली की रात आपसी रंजिश के चलते टेंट हाउस जलाने का मामला सामने आया था। कारोबारी ने आरोप लगाते हुए तीन पड़ोसियों पर केस दर्ज कराया। अब दूसरे पक्ष ने केस कराया है प्रेमनगर एसओ दीपक रावत ने बताया कि तुषार प्रजापति की तरफ से सतीश वर्मा और अन्य पर मुकदमा दर्ज हुआ है। पुरानी रंजिश के चलते आपसी विवाद बताया जा रहा है। केस में सतीश वर्मा, संजय वर्मा, नितिन वर्मा, शैली वर्मा, नितेश वर्मा, निधि वर्मा, नेहा वर्मा, गुड्डी देवी, शैली वर्मा, तेलूराम, सन्नो आदि को आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने मामले को आपसी रंजिश से देखते हुए जांच शुरू कर दी है।

### भर्ती परीक्षाओं हेतु प्री और मैन्स का मॉडल लागू करने की तैयारी

देहरादून। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग भविष्य में आयोजित होने वाली भर्ती परीक्षाओं को प्री और मैन्स के दो चरणों में आयोजित करेगा। आयोग इसके लिए हरियाणा, पंजाब, यूपी के मॉडल का अध्ययन कर रहा है। इसके साथ ही आयोग परीक्षा आयोजित करने के लिए एसओपी भी बना रहा है। हाल ही में एक के बाद भर्ती घपले सामने आने के बाद यह नई व्यवस्था करने की तैयारी की जा रही है। भर्ती घपले को लेकर विवाद में आए उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग नई भर्ती शुरू करने से पहले परीक्षा प्रणाली में व्यापक बदलाव करने जा रहा है। आयोग ज्यादातर परीक्षाओं के लिए अब प्री और मैन्स का मॉडल लागू करने जा रहा है। ऐसा पेपर लीक या नकल गिरोह को सीमित करने के लिए किया जा रहा है। आयोग का मत है कि दो– दो परीक्षाएं आयोजित कराने से नकल के सरगनाओं की सेंधमारी की संभावना कम रहेगी। साथ ही मैन्स तक आधे अभ्यर्थी छंट जाएंगे, इस तरह मुख्य परीक्षा सीमित स्तर पर होने से बेहतर निगरानी के साथ हो सकेगी।

# खेल मंत्री रेखा आर्य ने किया आमवाला में बहुउद्देशीय क्रीड़ा भवन का उद्धाटन



देहरादून। प्रदेश में 2025 में 38वें राष्ट्रीय खेलों का आयोजन होना है। जिसके लिए खिलाड़ियों को अभी से तैयार किया जा रहा है। साथ ही खेल मैदानों के साथ ही विश्व स्तरीय सुविधाएं भी खिलाड़ियों को दी जाएंगी। ये बात खेल मंत्री रेखा आर्य ने मंगलवार को आमवाला रायपुर में बहुउद्देशीय क्रीड़ा भवन के उद्धाटन अवसर पर कही। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि इस क्रीड़ा हॉल की कुल लागत 4 करोड़ 75 लाख रुपये है। जहां खेल महाकुंभ में चयनित प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को बैडमिंटन, जूड़ो, कराटे, टेबल टेनिस, कबड्डी सहित अन्य खेलों में उच्चस्तरीय प्रशिक्षण मिलेगा। उन्होंने कहा कि आज जिस प्रकार से हमारे लिए शिक्षा जरुरी है ठीक इसी प्रकार आज खेल भी हमारे लिए जरुरी है। इस दौरान उन्होंनें विशेष प्रमुख सचिव खेल अभिनव कुमार के साथ जोड़ी बनाकर खिलाड़ियों के साथ बैडमिंटन भी खेला। इस दौरान रायपुर विधानसभा विधायक उमेश शर्मा काऊ खेल एवं युवा कल्याण निदेशक जितेन्द्र सोनकर ,जॉइंट डायरेक्टर युवा कल्याण अजय कुमार अग्रवाल,धर्मेंद्र भट्ट ,उपनिदेशक शक्ति सिंह,महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज के प्रधानाचार्य राजेश मंमगाई और जिला क्रीड़ा अधिकारी शवाली गुरुंग सहित कई लोग मौजूद रहे।

# केन्द्रीय फिल्म सेंसर बोर्ड के अध्यक्ष प्रशून जोशी ने की सीएम धामी से भेंट



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड को देवभूमि के साथ संस्कृति साहित्य एवं कला की भूमि बताते हुए राज्य में इन विधाओं को विस्तार दिये जाने पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य में फिल्म सिटी खोलने के विचार को भी आगे बढ़ाये जाने की जरूरत है। उन्होंने राज्य में साहित्य एवं ललित कला केंद्रों की सम्भावनाओं पर ध्यान देने को कहा है ताकि राज्य के युवाओं को फिल्मों के साथ ही साहित्य एवं लोक संस्कृति एवं लोक कला की विभिन्न विधाओं से जुड़ने का अवसर मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे युवा सकारात्मक सोच के साथ राज्य की लोक परम्पराओं एवं समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से जुड़ सकें, यह हमारा प्रयास होना चाहिए।

मंगलवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से केन्द्रीय फिल्म सेंसर बोर्ड के अध्यक्ष प्रशून जोशी ने भेंट की। प्रदेश में फिल्म निर्माण, गीत संगीत नाट्य संस्कृति एवं साहित्य की विभिन्न विधाओं को बढ़ावा देने से सम्बन्धित विषयों पर चर्चा की गई।

# राज्यपाल ने की क्षय रोगियों को मासिक पोषण किट वितरित

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने राजभवन में क्षय(टीबी) रोग जन जागरूकता अभियान के तहत क्षय रोगियों को मासिक पोषण किट वितरित की। राज्यपाल ने रोगियों से बातचीत कर उनकी कुशल क्षेम जानी तथा उन्हें उपचार के दौरान नियमित पौष्टिक आहार व आराम लेने की सलाह दी। उल्लेखनीय है कि राज्यपाल ने टीबी रोगियों की देखभाल हेतु निःक्षय मित्र बनते हुए टीबी रोगियों को गोद लिया है जिन्हें एक वर्ष तक प्रत्येक माह निःशुल्क पोषण किट वितरित की जाएगी। राज्यपाल ने कहा कि प्रत्येक टीबी रोगी का मित्र बनकर उसके इलाज, पोषण में सहयोग करना होगा ताकि हमारा प्रदेश टीबी मुक्त हो सके।



उन्होंने कहा कि स्वस्थ भारत, समृद्ध भारत के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए प्रदेश को टीबी मुक्त बनाने के साथ ही इसे जड़ से समाप्त करने का संकल्प लेना होगा। टीबी उन्मूलन के लिए जन भागीदारी के इस अभियान में उन्होंने सभी लोगों से आगे आने की अपील की। राज्यपाल ने प्रदेश के आम लोगों के साथ–साथ जनप्रतिनिधियों, गैर सरकारी संगठनों, सामाजिक संस्थानों, सक्षम व्यक्तियों आदि से आह्वान किया कि वे टीबी रोगियों की सहायता करने के लिए निःक्षय मित्र बनें।

# गुजरात मोरवा हादसे के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

देहरादून। गुजरात के मोरवा में हुए पूल हादसे में जान गंवाने वाले लोगों को देहरादून में श्रद्धांजलि दी गई। रायपुर विधानसभा क्षेत्र के एमडीडीए डालनवाला में कांग्रेस के सदस्यों ने मृत लोगों की आत्मा की शांति को कैंडल मार्च निकाला। पूर्व कैबिनेट मंत्री हीरा सिंह बिष्ट ने कहा कि गुजराज सरकार और स्थानीय प्रशासन इस घटना के लिए जिम्मेदार है। शोक सभा में उत्तराखंड कांग्रेस के प्रदेश सचिव टीटू त्यागी ने कहा कि प्रशासनिक लापरवाही के चलते इतने लोगों की मौत हुई। इस अवसर पर पूर्व पार्षद मूर्ति देवी, आनंद त्यागी, पार्षद इलियास अंसारी, गिरिश तिवारी, प्रदीप मामा, शशि बाला कन्नौजिया, रानी कन्नौजिया, राहुल जेवियर, शुभम चौहान, शिवकुमार कांबौज, अजय कुमार, पिंटू मोरया, गौरव आदि शामिल हुए।

# एनएसयूआई ने की छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग

देहरादून। एनएसयूआई ने कॉलेजो में चुनाव की मांग की है। मंगलवार को छात्रों ने डीएवी व एसजीआरआर में प्रिंसिपल को एक ज्ञापन दिया गया।जिसमें उच्च शिक्षा निदेशक से चुनाव कराने की मांग की गई। जिलाध्यक्ष उदित थपलियाल ने बताया कि कोरोना महामारी के कारण पिछले दो वर्षो से छात्रसंघ चुनाव नहीं कराए गए हैं। लेकिन अब लगभग डेढ़ वर्ष से कोरोना महामारी का प्रकोप समाप्त हो चुका है तथा कोरोना के सम्बन्ध में वर्तमान में कोई भी प्रतिबन्ध लागू नहीं है। अब हर क्षेत्र में सामान्य गतिविधियों चल रही हैं।। ऐसी परिस्थितियों में छात्र चुनाव न कराया जाना न्यायसंगत नहीं है। डीएवी पीजी कॉलेज में छात्रसंघ न कराये जाने के कारण छात्र हितों को अत्याधिक नुकसान पहुंच रहा है। कहा कि छात्रों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए मात्र एक ही मंच छात्रसंघ उपलब्ध है, जिससे छात्र पिछले तीन वर्षों से वंचित हो रहे हैं। ज्ञापन देने वालों में राहुल जग्गी, सिद्धार्थ अग्रवाल, वासु शर्मा, प्रज्वल शर्मा, भव्या, गौरव रावत, सागर पुंडीर, शुभम चौधरी, सौरभ कुमार, आदित्य, वैभव आदि मौजूद रहे।



# सीएम धामी ने किया रानीबाग स्थित एचएमटी फैक्ट्री का निरीक्षण

देहरादून । मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को रानीबाग स्थित एचएमटी फैक्ट्री का निरीक्षण किया। एचएमटी फैक्ट्री के निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि मास्टर प्लान बनाकर इस क्षेत्र का विकास किया जायेगा। जिससे यहां के क्षेत्रवासियों को इसका लाभ मिले यही प्राथमिकता है। मुख्यमंत्रीपुष्कर सिंह धामी ने निरीक्षण स्थल पर आयुक्तदीपक रावत एवं जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल एवं सम्बन्धित अधिकारियों से वार्ता कर संभावनाओं पर विचार विमर्श किया। निरीक्षण दौरान एचएमटी फैक्ट्री के कर्मचारियों द्वारा मुख्यमंत्री को अपनी समस्याओं से अवगत कराया।धामी ने कहा कि कर्मचारियों की सभी मांगों का समाधान किया जायेगा।एचएमटी फैक्ट्री का 1982 में कार्य प्रारम्भ हुआ तथा 1985 में फैक्ट्री का प्रोडेक्शन प्रारम्भ हुआ। नवम्बर 2016 में एचएमटी फैक्ट्री को बन्द कर दिया गया था।



# डीडीए निदेशक संदीप गुप्ता का वेटरन क्रिकेट टीम में चयन

देहरादून। दून डिफेंस एकेडमी के निदेशक संदीप गुप्ता का चयन उत्तराखंड वेटरन क्रिकेट टीम में हुआ है। हॉल ही में संपन्न उत्तराखंड चैलेंजर कप 40 प्लस क्रिकेट प्रतियोगिता में संदीप गुप्ता ने अच्छे प्रदर्शन की बदौलत टीम में खिलाड़ी के साथ–साथ मेंटोर के रूप में जगह बनाई। सेंट्रल इंटर स्टेट क्रिकेट प्रतियोगिता चार नवंबर से आयुष क्रिकेट मैदान में खेली जानी है।

इसमें उत्तराखंड के अलावा छत्तीसगढ़, विदर्भ, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान की टीमें भाग लेंगी।

# महिलाओं हेतु 30% आरक्षण पर तत्काल अध्यादेश लाने की मांग को यूकेड़ी ने किया प्रदर्शन

देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल (उक्रांद) ने सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 30% क्षैतिज आरक्षण के लिए अध्यादेश लाने की मांग पर विधानसभा के बाहर प्रदर्शन किया। पार्टी ने सरकार पर महिला विरोधी होने का आरोप लगाया। उक्रांद महिला मोर्चा के सदस्य मंगलवार को विधानसभा के बाहर जुटे और प्रदेश सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की।

मोर्चा की केंद्रीय अध्यक्ष सुलोचना ईष्टवाल ने कहा कि यदि तत्काल अध्यादेश नहीं लाया गया, तो उग्र आंदोलन होगा। केंद्रीय उपाध्यक्ष उत्तरा पंत बहुगुणा ने सभी राजनीतिक दलों, संगठनों से एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मात्र शासनादेश के भरोसे सरकार बैठी रही और कमजोर पैरवी के चलते हाईकोर्ट में महिलाओं के अधिकारों को गंवा बैठी। केंद्रीय मीडिया प्रभारी शिवप्रसाद सेमवाल ने कहा कि दूसरे राज्यों में सरकारें महिलाओं को क्षैतिज आरक्षण देती आ रही है। आखिर उत्तराखंड की सरकारों को इसे देने में क्या परेशानी हैं। केंद्रीय संगठन महामंत्री मोहन असवाल ने कहा कि कहीं उत्तराखंड में महिलाओं के हाथों से घास छीना जा रहा है, तो कहीं नौकरी। मौके पर रमा चौहान, उषा चौहान, उमा खंडूड़ी, मीना थपलियाल, नीलम लखेड़ा, अनीता असवाल, आशा, शकुन्तला कलूड़ा, रिंकी कुकरेती आदि मौजूद रहे।

## गढ़वाल राइफल्स के नाम रहा फुटबाल मैच

**कोटद्वारः** कोटद्वार में आयोजित हिमालय कप फुटबाल टूर्नामेंट का तीसरा दिन गढ़वाल राइफल्स के नाम रहा। गढ़वाल राइफल्स ने जम्मू कश्मीर को 3–01 से हराया राजकीय स्टेडयिम में आयोजित प्रतियोगिता के दौरान जम्मू कश्मीर ने गढ़वाल राइफल्स पर पहला गोल दागकर बढ़त बनाई। इसके बाद गढ़वाल राइफल्स ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते एक के बाद एक लगातार तीन गोल दागकर प्रतियोगिता अपने नाम की। फुटबाल मैच देखने के लिए स्टेडियम में भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। इस मौके पर स्टेडियम प्रभारी संदीप डुकलान, अंतरराष्ट्रीय फुटबाल कोच सुनील रावत, स्टेडियम के फुटबाल कोच महेंद्र सिंह रावत, गिरीराज सिंह रावत, अकबर खान, अमित कुमार, ऋतिक नेगी आदि मौजूद रहे।

## लोक गायक के घर के बाहर से बाइक चोरी

**कोटद्वारः** नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड नंबर 16 कामरूप नगर निवासी लोक गायब संजय रावत के घर के बाहर खड़ी उनकी मोटरसाइकिल चोरी हो गई। लोक गायक ने इस संबंध में पुलिस को तहरीर दी है। संजय रावत ने बताया कि सोमवार रात उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल घर के बाहर खड़ी की हुई थी। मंगलवार सुबह जब वह कमरे से बाहर निकले तो मोटरसाइकिल गायब थी। परिजनों से पूछताछ करने के बाद भी मोटरसाइकिल के बारे में कुछ पता नहीं चल पाया। वहीं, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने बताया कि घर के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही मोटरसाइकिल बरामद कर ली जाएगी।

## 5 पेटी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**श्रीनगर** : श्रीनगर कोतवाली पुलिस ने पांच पेटी अवैध अंग्रेजी शराब व 22 केन बीयर के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। कोतवाली निरीक्षक हरिओम राज चौहान ने बताया कि कलियासौड़ चौकी के पास चैकिंग के दौरान एक वाहन से पुलिस टीम ने अरविंद सिंह(33) निवासी बाडव मल्ला अगस्तमुनि पांच पेटी अवैध अंग्रेजी शराब व 22 केन बीयर बरामद किए। जिस पर आरोपी के खिलाफ श्रीनगर कोतवाली में आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। टीम में उपनिरीक्षक अजय भट्ट, आरक्षी मनोज कुमार, राकेश डिमरी, दिनेश चंद्र शामिल रहे।

# असामाजिक तत्वों का अड्डा बना कोटद्वार- रामणी मार्ग, सिस्टम ने फेरी निगाहें

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** कोटद्वार–रामणी मार्ग इन दिनों असामाजिक तत्वों का अड्डा बना हुआ है। मार्ग पर जगह–जगह शराब पीने वालों का जमावड़ा लगा रहता है। बाजवूद इसके सरकारी सिस्टम इस ओर ध्यान देने को तैयार नहीं है। जबकि, पूर्व में असामाजिक तत्व मार्ग से गुजरने वाले ग्रामीणों के साथ अभद्रता भी कर चुके हैं।

**◆मार्ग पर जगह–जगह शराबियों का लगा रहता है जमावड़ा**
**◆पूर्व में हुई घटनाओं के बाद भी सुध नहीं ले रही पुलिस**

वहीं, मार्ग पर हर समय हाथियों की धमक बनी रहती है। लेकिन, जंगल में मंगल करने वाले अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे।

कोटद्वार से रामणी–पुलिंडा गांव को जोड़ने के लिए वर्षों पूर्व जंगल के बीच से सड़क का निर्माण करवाया गया था। 25 किलोमीटर लंबे मार्ग पर प्रकृति की खूबसूरती हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करती है। लेकिन, इस खूबसूरती पर असामाजिक तत्व बदनुमा दाग लगाते नजर आ रहे हैं। मार्ग पर सफर करते समय जगह–जगह शराबियों के अलग–अलग जत्थे आसानी से देखे जा सकते हैं। पार्टी करने के बाद असामाजिक तत्व गंदगी को जंगल में ही डाल देते हैं। जिससे जंगल के कई स्थान गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। असामाजिक तत्वों को जंगल में घुमने वाले जंगली जानवरों का डर भी नहीं सताता। जबकि, पूर्व में कई मर्तबा इस मार्ग पर हाथी के हमलों की घटनाएं हो चुकी हैं।



कोटद्वार—रामणी मार्ग पर असामाजिक तत्वों द्वारा फैलाई गई गंदगी

### जंगल में फैला रहे गंदगी

असामाजिक तत्व जंगल में शराब पीने के बाद खाली बोतलों को तोड़ देते हैं। जंगल में प्लास्टिक व अन्य कूड़ा भी फेंक दिया जाता है, जो कि वन्य जीवों के लिए भी घातक है। जंगली जानवरों के संरक्षण का दावा करने वाला वन विभाग भी समस्या को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रहा। जंगल में जगह-जगह गंदगी के ढेर आसानी से देखे जा सकते हैं।

### कुछ दिन पूर्व हुई थी घटना

कोटद्वार-रामणी मार्ग पर बल्ली गांव जा रहे एक दंपति के साथ कुछ शराबी युवक व युवतियों ने मारपीट कर दी थी। जिसके बाद बड़ी संख्या में कोटद्वार कोतवाली पहुंचे ग्रामीणों ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई थी। साथ ही ग्रामीणों ने मार्ग पर पुलिस गश्त भी करवाने की मांग की। लेकिन, इसके बाद भी पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया।

# दुकान का तोड़ा ताला, नगदी व सामान पर हाथ साफ



कोटद्वार के रतनपुर—सुखरो में टूटे दुकान के ताले।

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः सोमवार देर रात अज्ञात बदमाशों ने रतनुपर सुखरो जल निगम कार्यालय के समीप एक दुकान का ताला तोड़ वहां रखी नगदी व सामान पर हाथ साफ कर दिया। मामले में पीड़ित दुकानदार की ओर से कोतवाली में तहरीर दी गई है।

पीड़ित दुकानदार धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि जल निगम कार्यालय के समीप उनकी परचून की दुकान है। सोमवार देर शाम वह दुकान के शटर पर ताला लगाकर घर चले गए थे। मंगलवार सुबह जब वह दुकान खोलने के लिए पहुंचे तो शटर के दोनों ताले टूटे हुए थे। बताया कि जब उन्होंने शटर खोलकर दुकान के अंदर का नजारा देखा तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। दुकान में सामान इधर-उधर बिखरा हुआ था। साथ ही गल्ले के अंदर रखे पांच हजार रुपये व सिक्के गायब थे। दुकान के भीतर से सिगरेट की डिब्बियां व तेल के पाउच भी चोरी हो गए थे। बताया कि इससे पूर्व भी उनकी दुकान में दिन-दहाड़े गल्ले से तीन हजार रुपये गायब हुए थे। वहीं, लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर स्थानीय लोगों ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि पुलिस चोरी की घटनाओं को रोकने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है। क्षेत्रवासियों ने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़वाने की मांग की है। कहा कि क्षेत्र में किसी भी तरह की आपराधिक घटनाएं बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर पूरे मामले की जांच की जा रही है। साथ ही घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

# कबाड़ी के साथ फरार हुई दो बच्चों की मां, छह पर मुकदमा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत एक मोहल्ले में रहने वाली दो बच्चों की मां क्षेत्र में काबाड़ी का काम करने वाले एक व्यक्ति के साथ फरार हो गई। विवाहिता के पति का आरोप है कि उसकी पत्नी घर में रखे भूमि के कागज, स्कूटी व ज्वेरी सहित अन्य सामान भी अपने साथ लेकर चली गई। पति की तहरीर पर पुलिस ने विवाहिता व कबाड़ी सहित छह अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

पीड़ित पति ने बताया कि वह शहर से बाहर नौकरी करते थे। जबकि, उनकी पत्नी व दो बच्चे किराए के एक कमरे में कोटद्वार में रहते थे। बताया कि वर्ष 2019 को उनकी पत्नी अपने दोनों बच्चों को मायके छोड़ लकड़ीपड़ाव निवासी एक कबाड़ी के साथ फरार हो गई। उन्होंने इसकी शिकायत एक अप्रैल वर्ष 2019 में कोटद्वार थाने में की थी। लेकिन, पुलिस ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। बताया कि इस कृत्य में उनकी पत्नी के साथ ही सास, ससुर व कबाड़ी वाले का दोस्त भी शामिल है। मामले में कार्रवाई नहीं होने से वह चार वर्षों से मानसिक उत्पीड़न झेल रहे हैं। बताया कि उन्होंने अपने पत्नी के नाम से क्षेत्र में भूमि भी खरीदी थी, जिसकी कीमत करीब चालीस लाख रुपये है। भूमि के कागज भी उनकी पत्नी अपने साथ लेकर चली गई है। यही नहीं उनकी पत्नी एटीएम कार्ड, स्कूटी व ज्वेलरी भी लेकर भाग गई थी।

वर्ष 2019 मे जब वह कोतवाली में तहरीर देकर आ रहे थे तो उनकी मुलाकात स्वयं को हिंदू नेता बताने वाले संजय थपलियाल नाम के व्यक्ति से हुई।

संजय थपलियाल ने बताया कि वह उनकी पत्नी को कबाड़ी के चंगुल से निकालकर लेकर आ सकता हैं। लेकिन, इसके लिए उन्हें एक लाख रुपये खर्च करने होंगे। बताया कि उन्होंने संजय थपलियाल पर भरोसा करते हुए उसे एक लाख रुपये दे दिए। लेकिन, संजय ने पैसे लेने के बाद कोई जवाब नहीं दिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने बताया कि व्यक्ति की तहरीर पर उसकी पत्नी के साथ ही उत्तर प्रदेश जिला बिजनौर नगीना निवासी जावेद, इमरान खान, संजय थपलियाल, दरबार सिंह व उसकी सास के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### विहिप ने दिखाया बाहर का रास्ता

व्यक्ति से पैसे ठगने के मामले को गंभीरता से लेते हुए विश्व हिंदू परिषद ने संजय थपलियाल को सभी दायित्व से मुक्त कर दिया। कार्यकारी जिलाध्यक्ष दीपक गौड़ ने बताया कि संजय थपलियाल के इस कृत्य से परिषद की छवि धूमिल हुई है। ऐसे में संगठन ने उसे बाहर का रास्ता दिखा दिया है।

**◆पीड़ित पति की तहरीर पर चार वर्ष बाद पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा**
**◆जमीन के कागज, स्कूटी व ज्वेलरी लेकर भी घर से भागी विवाहिता**

# ब्लॉक स्तरीय मैथ्स विजार्ड प्रतियोगिता में अंश, अभय ने मारी बाजी

**कोटद्वार :** ब्लॉक स्तरीय मैथ्स विजार्ड एवं इंगलिश स्पैल जीनियस प्रतियोगिता का आयोजन बीआरसी रिखणीखाल के डाबरी में किया गया। प्रतियोगिता में 28 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। वहीं जयहरीखाल ब्लॉक की मैथ्स विजार्ड एवं इंगलिश स्पैल जीनियस प्रतियोगिता राजकीय प्राथमिक विद्यालय सेन्धीखाल में आयोजित की गई।



निर्णायक मंडल के अनुसार मैथ्स विजार्ड प्रतियोगिता में संकुल ढौंटियाल राप्रावि कोटड़ी के अंश रावत ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, मानवी द्वितीय स्थान पर रही, जबकि संकुल चुरानी की कनिका तृतीय स्थान पर रही। इंगलिश स्पैल जीनियस प्रतियोगिता में कनिका रावत राप्रावि कोटनाली प्रथम, राप्रावि कोटड़ी ढौंटियाल की अपेक्षा रावत द्वितीय एवं गुणेड़ी संकुल राप्रावि बमणगांव का छात्र वंश तृतीय स्थान पर रहा। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को ट्राफी भेंटकर एवं मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर बीआरसी प्रभारी पंकज रावत, रवींद्र सिंह, विनोद कुमार, सुषमा ममगाईं, राकेश बुढ़ाकोटी, आशीष कुमार, डॉ. अम्बिका प्रसाद ध्यानी, तारा सिंह, मोहन सिंह नेगी, धीरज रावत आदि मौजूद रहे।

वहीं जयहरीखाल ब्लॉक की मैथ्स विजार्ड एवं इंगलिश स्पैल जीनियस प्रतियोगिता राजकीय प्राथमिक विद्यालय सेन्धीखाल में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में 14 छात्रों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबन्धन समिति जडियाना अध्यक्ष श्रीमती सुमनलता देवी ने किया। गणित विजार्ड प्रतियोगिता में अभय कुमार राप्रावि जडियाना, अंशिका चौहान राप्रावि बरस्वार, वंश रावत राप्रावि बांसी, इंगलिश स्पैल जीनियस प्रतियोगिता में वंश रावत राप्रावि बांसी, अंशिका चौहान राप्रावि बरस्वार, जानवी राप्रावि खच्चरवाड़ी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर विक्रम सिंह रावत, चन्द्रमोहन सिंह रावत, सीमा थपलियाल, सुनीता पटवाल, बबीता बिष्ट, योजना मैंदोला, नीलम देवी, सुनील, देवेन्द्र आदि मौजूद थे।

# तहसील दिवस में नदारद अधिकारियों से मांगा स्पष्टीकरण

## तहसील दिवस में दर्ज हुई 15 शिकायतें

**जयन्त प्रतिनिधि**

**पौड़ी** : मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पांडे की अध्यक्षता में मंगलवार को पौड़ी तहसील परिसर में तहसील दिवस आयोजित किया गया। तहसील दिवस में 15 शिकायतें दर्ज हुई, जिसमें अधिकांश शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने तहसील दिवस में अनुपस्थित रहे अधिकारियों तथा पूर्व में आयोजित हुई तहसील दिवस में समस्याओं का निराकरण न करने पर संबंधित अधिकारियों का स्पष्टीकरण तलब किया। उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि तहसील दिवस सहित अन्य बैठकों में प्रतिभाग करें, जिससे आम जनमानस की समस्याओं का समाधान मौके पर हो सकेगा।

तहसील दिवस में अधिकतर शिकायतें स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क सहित अन्य विभागों की रही। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि तहसील दिवस में जो शिकायतें दर्ज हुई हैं उनका निस्तारण 15 दिवस के भीतर पूर्ण करें। कहा कि पूर्व तहसील दिवस में जिन समस्याओं का निराकरण अभी तक नहीं हो पाया है उनका भी तत्काल निस्तारण करें। उन्होंने समस्त अधिकारियों को बैठकों में पूर्ण तैयारी के साथ प्रतिभाग करने के निर्देश दिए। कहा कि क्षेत्र में हो रहे विभिन्न कार्यों का समय-समय पर निरीक्षण करते हुए उसकी आख्या रिपोर्ट प्रस्तुत करें। विकास कार्यों को गंभीरता से लेते हुए गुणवत्ता के साथ कार्य करें। जिससे आम जनमानस को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि विकासखंड स्तर की समस्याओं का निस्तारण ब्लॉक स्तर पर ही करें। जिससे आम जनमानस को मुख्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह चौहान, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी पीएस बिष्ट, सीओ पुलिस प्रेमलाल टम्टा, तहसीलदार पौड़ी सुशीला कोठियाल, जिला पंचायत राज अधिकारी जितेंद्र कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी केएस कोहली, जिला बाल विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार, अधिशासी अभियंता जल संस्थान एसके राय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## खाई में गिरा युवक, गंभीर

पौड़ी : देवप्रयाग थाना क्षेत्र के अंतर्गत सौड़गांव के समीप एक युवक पैर फिसलने से खाई में जा गिरा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने युवक का रेस्क्यू कर उसे अस्पताल पहुंचाया।सोमवार देर सांय देवप्रयाग थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थानीय करन सिंह (35) पुत्र नर बहादुर सौड़ के समीप पैर फिसलने से वह गहरी खाई में गिर गया। इसकी सूचना उसके साथी गोविंद सिंह ने पुलिस को दी। जिस पर थानाध्यक्ष देवप्रयाग सुनील पंवार अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। जहां पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से युवक का रेस्क्यू कर उसे सीएचसी बागी देवप्रयाग पहुंचाया। रेस्क्यू टीम में पुलिस कर्मी अरविन्द कुमार, मौनेश चौधरी, विक्रम सिंह, सुभाष व विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

# मृत गोवंश नहीं उठाने पर जताई नाराजगी

## लोकनिर्माण विभाग कालोनी में रहने वालों को निगम को दिया ज्ञापन

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वारः** सिद्धबली मार्ग स्थित लोक निर्माण विभाग कालोनी में पिछले चार दिन से मृत पड़े गोवंश को नहीं उठाने पर लोनिवि कर्मचारी व अधिकारियों के परिवार का गुस्सा भड़क उठा। उन्होंने निगम कार्यालय में पहुंचकर नगर आयुक्त से जल्द गोवंश को उठवाने की मांग की। कहा कि दुर्गंध के कारण परिवारों को संक्रामण बीमारियों का खतरा सताने लगा है।

मंगलवार को कर्मचारी व अधिकारियों के परिवार ने नगर निगम में पहुंच नगर आयुक्त से शिकायत की। बताया कि नगर निगम बनने के बाद उन्हें बेहतर विकास की उम्मीद थी। लेकिन, नगर निगम क्षेत्रवासियों की समस्याओं का भी निराकरण नहीं कर पा रहा है। हालत यह है कि उनकी कालोनी में पिछले चार दिन से एक गोवंश मृत पड़ा हुआ है। शिकातय के बाद भी नगर निगम गोवंश को उठाने की सुध नहीं ले रहा। पिछले चार दिन से दुर्गंध के कारण परिवारों का कालोनी में रहना भी दूभर हो गया है। ऐसे में संक्रामक बीमारियों का भी खतरा सताने लगा है। कालोनी वासियों ने जल्द समस्या का निराकरण नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। कहा कि जनसमस्याओं की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर दिनेश चंद्र टम्टा, अनिल कमार, संतोष जखमोला, रेसमा, पवन रावत, मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे।



नगर निगम में नगर आयुक्त को अपनी समस्या से अवगत करवाते लोग

## छात्रों को दिए सफलता के टिप्स

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**श्रीनगर** : बलूनी क्लासेज के मैनेजिंग डायरेक्टर बिपिन बलूनी के द्वारा राइंका नागराजा धार कड़ाकोट कीर्तिनगर में छात्र/ छात्राओं को कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम के तहत मेडिकल व इंजीनियरिंग में सफलता के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। इस अवसर पर उनके साथ सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के राज्य समन्वयक देवानंद देवली व डॉ. सुशील राणा भी रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय मोहन गैरोला ने बिपिन बलूनी का विद्यालय में स्वागत किया। विद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षिकाओं के साथ भी बलूनी द्वारा संवाद स्थापित किया गया। कार्यक्रम का संचालन महेन्द्र कठैत प्रवक्ता जीव विज्ञान ने किया। इस अवसर पर पीएस कठैत, धनंजय मलिक, सुशील अमोली, रविन्द्र भट्ट, मानवेन्द्र पंवार, सुमन लाल, शान्ति लाल, सरला रावत, सरिता, दीपा दानू, रितिका, मेघा बलोनी, नवाब अली आदि मौजूद रहे।

# आप ने दर्ज कराई टिहरी लोकसभा सांसद की गुमशुदगी की रिपोर्ट

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून :** आज आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों ने प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. आरपी रतूड़ी के नेतृत्व में नेहरू कॉलोनी स्थित चौकी नेहरू कॉलोनी पहुंचकर टिहरी लोकसभा सांसद की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

इस दौरान आरपी रतूड़ी ने कहा कि पिछले लंबे समय से भाजपा की टिहरी से सांसद क्षेत्र से गायब है और जनता के बीच दिखाई नहीं दे रही साथ ही लोकसभा टिहरी में विकास कार्य ठप पड़े हैं। उन्होंने कहा हद तो तब हो गई जब बीजेपी के ही कार्यकर्ताओं द्वारा सोशल मीडिया पर सांसद को गुमशुदा बताया। यह इस बात का प्रमाण है कि भाजपा भी मानती है कि उनकी सांसद गुमशुदा है। इस मौके पर उमा सिसोदिया ने कहा कि 5 साल पहले जब राज्य लक्ष्मी शाह सांसद बनी थी तब से लेकर अब तक वह जनता के बीच में नहीं है और इस दौरान वह कभी भी सक्रिय नजर नहीं आई। उन्होंने कहा कि राज्य लक्ष्मी शाह ने अपना प्रोटोकॉल रानी की तरह बना कर रखा और जनता से दूरी बनाए रखी। इस मौके पर गढ़वाल मीडिया प्रभारी रविंद्र सिंह आनंद ने कहा कि सांसद राज्य लक्ष्मी शाह ने जनप्रतिनिधि की भाषा ही बदल दी है क्योंकि वह एक ऐसी सांसद हैं जो सदैव जनता से दूरी बनाए रखती हैं फिर भी भारतीय जनता पार्टी उन्हीं को टिकट देती है इससे यह जाहिर होता है कि भारतीय जनता पार्टी राजा महाराजाओं की पार्टी है। उन्होंने आरोप लगाया कि ना तो टिहरी लोकसभा में विकास कार्य ही हुए हैं और ना ही ना ही सांसद सक्रिय दिखाई देती हैं ऐसे में आम जनता अपना दुःख दर्द किसको सुनाएं। उन्होंने जनता से आग्रह किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में इस बात का अवश्य ध्यान रखें की आम जनता के कार्य करने वाले लोगों को ही जिताए किसी राजा रानी को नहीं। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. आरपी रतूड़ी, उमा सिसोदिया, गढ़वाल मीडिया प्रभारी रविंद्र सिंह आनंद, प्रदेश सचिव नासिर खान, प्रदेश प्रवक्ता विपिन खन्ना, मुकेश पांडे, कमलेश रमन, अल्पसंख्यक मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष रेहाना परवीन, सुरेश सैनी, अशोक सेमवाल, सुधा पटवाल, आजाद सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।



# धूमधाम से मनाया जाएगा राज्य स्थापना दिवस



बागेश्वर। जिले में नौ नवंबर को राज्य स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में तय हुआ कि स्थापना दिवस सुबह सात बजे नुमाईशखेत से प्रभातफेरी शुरू होगी। नौ बजे थाने के पास शहीद पार्क में शहीदों का श्रृद्धांजलि एवं माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित होगा। विभिन्न विभागों द्वारा विकासपरक झांकी निकाली जाएगी। बैठक में तय किया गया कि सभी सरकारी एंव गैर सरकारी भवनों को प्रकाशमान किया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम नुमाईशखेत में आयोजित होंगे, जिसमें दस बजे से पुलिस, एनसीसी, पीआरडी व होमगार्ड की परेड आयोजित होगी। उसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम में लाभार्थियों को चैक वितरण एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेताओं को प्रशस्ति पत्र व मेडल दिए जाएंगे। शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालयों में पेंटिंग, निबंध व वाद–विवाद प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, वहीं खेल विभाग व युवा कल्याण विभाग द्वारा क्रॉस कंट्री रेस के साथ ही विभिन्न वर्गो में वैडमिंटन व ताइक्वांडो प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। डीएम ने कहा कि स्थापना दिवस से पूर्व नगर में सफाई अभियान चलाया जाएगा, जिसके नोडल अधिशासी अधिकारी नगर पालिका होंगे। उन्होंने शहीद पार्क की सफाई की व्यवस्था के साथ ही नुमाईशखेत में मंच, साउंड, कुर्सिया सहित आदि समस्त व्यवस्थाएं करने के निर्देश ईओ नगर पालिका को दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी संजय सिंह, जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुनीता टम्टा,वरिष्ठ नागरिक नरेंद्र खेतवाल, दलीप खेतवाल, इंद्र सिंह परिहार, भुवन कांडपाल आदि मौजूद रहे।

## अशासकीय विद्यालयों में नियुक्ति प्रक्रिया पर लगी रोक हटाने की मांग की

बागेश्वर : प्रदेश सरकार द्वारा अशासकीय विद्यालयों में अध्यापकों की नियुक्ति प्रक्रिया को रोके जाने का माध्यमिक शिक्षक संघ ने विरोध किया है। कहा है कि इससे विद्यालयों का पठन–पाठन बाधित होगा। उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष कैलाश अंडोला ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा अशासकीय विद्यालयों में अध्यापकों की नियुक्ति पर रोक लगाना छात्र हित में नहीं है। कहा कि यदि सरकार को कहीं पर गड़बड़ी की संभावना है तो वह इसकी जांच कराएं तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे। उन्होंने कहा कि पूर्व में सरकार द्वारा टैबलेट व पाठय पुस्तकें वितरित नहीं की गई जिससे जनपद में पिछले सत्र में 1700 छात्र छात्राएं इन सुविधाओं से वंचित रहे। जो कि इन विद्यालयों के साथ भेदभाव पूर्ण व्यवहार के साथ ही छात्र छात्राओं के साथ भी अन्याय है। उन्होंने अशासकीय विद्यालयों में नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ करने की मांग की है। (एजेन्सी)

# विधायक गडिया ने लिया बंद पड़े स्वान केंद्र का संज्ञान

बागेश्वर। कांडा में लंबे समय से बंद स्वान केंद्र के अब जल्द खुलने की उम्मीद जगने लगी है। केंद्र बंद होने से लोग खासे परेशान हैं। उन्हें आधार कार्ड बनाने के लिए दूसरे जिलों में जाना पड़ रहा है। इस समस्या का अब क्षेत्रीय विधायक सुरेश गड़िया ने भी संज्ञान ले लिया है। उन्होंने एसडीएम को जल्द समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। मालूम हो कि कांडा तहसील में बना एकमात्र स्वान केंद्र डेढ़ साल से बंद है। इससे लोगों को सिस्टम के खिलाफ गुस्सा पनपने लगा। लोगों ने आंदोलन की चेतावनी तक डे दी है। केंद्र बंद होने से लोगों को आधार कार्ड बनाने में हजारों रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं। इसके लिए अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ जिले के कस्बों या फिर 74 किमी दूर जिला मुख्यालय जाना पड़ रहा है। क्षेत्रीय विधायक सुरेश गड़िया ने मामले का संज्ञान लिया है। सोमवार को विधायक कांडा में 52 करोड़ की लागत से बनने वाली पेयजल योजना के भूमिपूजन कार्यक्रम में पहुंचे थे। यहां लोगों ने उन्हें इस समस्या के बारे में बताया। विधायक ने तुरंत एसडीएम से पूरी जानकारी मांगी। एसडीएम मोनिका ने विधायक को बताया कि गत दिनों पोर्टल के लॉगइन और पासवर्ड में दिक्कत आई थी। इस कारण वह कुछ घंटे में ही बंद हो गया। एसडीएम कांडा से जब जानकारी मांगी तो उन्होंने 15 दिन का समय मांगा है।

# अग्निवीर भर्ती में सफल नहीं होने पर युवक ने की आत्महत्या



बागेश्वर। सेना की अग्निवीर भर्ती में सफल नहीं हो पाने से आहत एक युवक ने जहर खाकर जान दे दी। आत्महत्या करने से पहले उसने अपने फेसबुक अकाउंट में कई वीडियो भी अपलोड किए। जिसमें उसने चयन न होने की हताशा अपनी योग्यताओं की चर्चा करते हुए की है। युवक के इस कदम से घर में मातम का माहैल है।

कपकोट के मल्लादेश निवासी कमलेश गिरी (21) पुत्र हरीश गिरी के परिजनों ने बताया कि, सोमवार को अग्निवीर परीक्षा का रिजल्ट घोषित हुआ, जिसमें कमलेश का चयन नहीं हो पाया। इसके बाद जब उन्होंने सोशल मीडिया पर कमलेश के रोते हुए स्टेटस देखे तो पता चला कि, वह तनाव में है। परिजनों को कमलेश घर के पास ही तड़पता हुआ मिला। उसने सल्फास गटक लिया था। बागेश्वर जिला अस्पताल में कमलेश की मौत हो गई। कोतवाल कैलाश नेगी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। परिजनों ने बताया कि सेना में भर्ती होने के लिए कमलेश तीन साल से तैयारी कर रहा था। पहले कोविड से सेना की भर्ती लटकी रही। उसके बाद अग्निवीर भर्ती शुरू हुई।

अग्निवीर की भर्ती में शारीरिक दक्षता और मेडिकल पास करने के बाद उसे अपने चयन का पूरा भरोसा हो गया था। लेकिन वह लिखित परीक्षा में असफल हो गया। युवक के इस कदम से घर में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल हो रहा है।

## आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोपी को जेल भेजा

रूद्रपुर : एक युवती को आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया। यहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।पुलिस के अनुसार, बीते 31 अगस्त को क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने तारकधाम कॉलोनी बुक्सौरा निवासी विक्की सरदार पर उसकी 21 साल की बेटी को प्रेम जाल में फंसाकर शादी का झांसा देकर तीन साल तक शारीरिक उत्पीड़न करने का आरोप लगाया था। आरोप था कि युवक के शादी से इनकार करने और अभद्र व्यवहार से क्षुब्ध होकर उसकी बेटी ने 26 अगस्त को घर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी युवक पर युवती को आत्महत्या के लिए मजबूर करने का केस दर्ज किया था। पुलिस के मुताबिक, आरोपी तब से फरार था।

# जिलाधिकारी ने ली अधिकारियों की बैठक



रूद्रपुर। जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त ने कलेक्ट्रेट सभागार में अतिक्रमण को हटाये जाने के सम्बन्ध में एक आवश्यक बैठक आयोजित की।

मंगलवार को आयोजित बैठक में जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि भूरारानी मोड़ से राधा स्वामी तक काशीपुर–किच्छा नेशनल हाईवे मार्ग एवं आर्क होटल से डीडी चौक तक रामपुर–नैनीताल नेशनल हाईवे मार्ग पर अतिक्रमण को शीघ्र हटाना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि एनएच के आस–पास किसी भी प्रकार का फड़–खोखे आदि अतिक्रमण नही होने चाहिए।

उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को एनएच को नो वेडिंग जोन बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सरकारी सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि एनएच के आस–पास किसी भी प्रकार की होर्डिंग–बैनर आदि नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि एनएच के अन्तर्गत किसी भी प्रकार का धार्मिक निर्माण कार्य न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, एएसपी मनोज कत्याल, उपजिलाधिकारी प्रत्युष सिंह, सीओ आशीष भारद्वाज, तहसीलदार नीतू डागर, एसएनए राजू नबियाल आदि उपस्थित रहे।

# डीएम के आश्वासन के बाद धरना–प्रदर्शन कार्यक्रम स्थगित



बागेश्वर। जिलाधिकारी से मिले आश्वासन के बाद जिला पंचायत के विपक्षी सदस्यों ने फिलहाल अपना धरना–प्रदर्शन कार्यक्रम स्थगित कर दिया है। तीन दिन तक उन्हें संतोषजनक उत्तर नहीं मिला तो वह दोबारा आंदोलन शुरू करेंगे।

सदस्य बजट आवंटन से लेकर अनुमोदन बैठक में कोतवाल तथा एसडीएम की भूमिका से नाराज हैं। उन्होंने डीएम को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। मालूम हो कि जिला पंचायत उपाध्यक्ष समेत विपक्षी सदस्य जिला पंचायत अध्यक्ष की भूमिका को लेकर नाराज चल रहे हैं। उनका आरोप है कि उनके साथ विकास कार्य के लिए मिलने वाले बजट आवंटन में भेदभाव बरता जा रहा है। इसके विरोध में उन्होंने गत दिनों आयोजित अनुमोदन बैठक में इसका विरोध किया था। इसके बावजूद नौ करोड़ का बजट पास हो गया। इस मामले में जिला पंचायत अध्यक्ष ने एसडीएम को फोन पर बताया कि उनके कर्मचारियों को विपक्षी सदस्यों ने बंधक बना लिया है। इसके बाद एसडीएम ने कोतवाल को मौके पर भेजा। सदस्यों का आरोप है कि कोतवाल कैलाश नेगी ने उनके महिला सदस्यों समेत अन्य सदस्यों के साथ सदन में अभद्रता की। इस मामले कोतवाल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। एसडीएम की भूमिका पर भी सवाल खड़े किए। विरोध में एक नवंबर से जिला पंचायत पसिर में धरना देने की चेतावनी दी थी। इस बीच प्रशासनिक बदलाव के चलते डीएम रीना जोशी का तबादला हो गया और जिले में नई डीएम अनुराधा पाल आ गईं। मंगलवार को सदस्यों का धरना प्रस्तावित था। धरने में बैठने से पहले सदस्यों ने मामले से डीएम को भी अवगत किया और ज्ञापन सौंपा। डीएम के आश्वासन के बाद वह सदस्यों ने आंदोलन स्थगित कर दिया है। उन्होंने कहा कि यदि उन्हें न्याय नहीं मिला तो वह दोबारा आंदोलन करेंगे।

## भूमि विवाद : छ : लोगों पर मुकदजा दर्ज

रुद्रपुर : जमीन पर कब्जे को लेकर हुए विवाद में एक परिवार पर कुछ लोगों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने छः लोगों को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज किया है।चांद मस्जिद खेड़ा निवासी फरीद हसन ने सौंपी तहरीर में कहा था कि वार्ड नंबर 18 खेड़ा निवासी अज्जू मियां और उसका भाई कलबू मियां कल्याणी व्यू नदी के पास चांद मस्जिद की जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। उसका आरोप था कि इसका विरोध करने पर सोमवार शाम को अज्जू मियां, कलबू मियां, समीर, नसीम और अकीला पत्नी शाहिद खान और गुड्डू पाटल, छुरी, कुल्हाड़ी लेकर उसके घर में घुस आए। साथ ही उसे जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया।

इससे उसके सिर में गंभीर चोटें आयी हैं। हो–हल्ला होने पर भाई शरीफ, मां रूबी और पत्नी शायमा बीच–बचाव को आए तो हमलावरों ने उनको भी हमला कर घायल कर दिया।

# ठोस अपशिष्ट कचरे की शिकायत करें मेल पर

बागेश्वर। नवागत जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने अपनी नई पारी की शुरू कर दी है। उन्होंने जिले की सफाई व्यवस्था को लेकर लोगों की शिकायत सुनने के लिए मेल आईडी बनाकर सार्वजनिक की है। इसमें लोग ठोस अपशिष्ट कचरे से संबंधित शिकायतों को दर्ज कर सकते हैं। जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने बताया कि नगर पालिका सीमा के भीतर हो या ग्रामीण, वन क्षेत्रों में एकत्र ठोस कचरे के संबंध में आम जनता की शिकायतों पर कार्रवाई करने के लिए ल्ल ई–मेल आईडी खुली रहेगी। ठोस अपशिष्ट से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायतों पर समाधान होगा। उन्होंने बताया कि शिकायत के साथ–साथ शिकायताकर्ता को ठोस कचरे के संग्रह/निपटान को स्पष्ट रूप से उसके स्थान की पहचान करने के लिए तस्वीरें भी अपलोड करनी होगी। शिकायतकर्ता को अपनी पहचान व संपर्क विवरण स्पष्ट रूप से देना होगा। प्राप्त होने वाली शिकायतों को न्यायालय स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी। तद्पश्चात शिकायतों को आयुक्तों को भेजी जाएगी। न्यायिक स्तर पर शिकायतों को भेजने के दो कार्य दिवसों के भीतर शिकायतों के संबंध में की गई कार्रवाई की सूचना भी प्राप्त की जाएगी।

# डीडीए के विरोध में गांधी पार्क में दिया धरना



अल्मोड़ा : जिला विकास प्राधिकरण समाप्ति का शासनादेश जारी करने को लेकर मंगलवार को सर्वदलीय संघर्ष समिति ने गांधी पार्क चौघानपाटा में धरना दिया। लंबे आंदोलन के बावजूद सरकार की अनसुनी पर गहरा असंतोष प्रकट किया गया। साथ ही सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। डीडीए समाप्ति का शासनादेश पास नहीं होने तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी।

समिति के संयोजक व पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी ने कहा कि पांच साल से संघर्ष समिति लगातार जिला विकास प्राधिकरण को समाप्त करने के लिए आंदोलनरत है। सरकार ने पर्वतीय क्षेत्रों डीडीए थोप लोगों के साथ धोखा दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार को जनता की भावनाओं को समझना चाहिए और स्पष्ट आदेश के तहत जिला विकास प्राधिकरण को समाप्त कर भवन मानचित्र स्वीकृति संबंधि समस्त अधिकार पूर्व की भांति नगर निकायों को देने चाहिए। धरना प्रदर्शन करने वालों में कांग्रेस नगर अध्यक्ष पूरन सिंह रौतेला, समिति प्रवक्ता राजीव कर्नाटक, दीपांशु पांडे, कांग्रेस प्रदेश सचिव गोपाल सिंह चौहान, चंद्रकांत जोशी, आनंद बड़गवाल, चंद्रमणी भट्ट, पीसी तिवारी, ललित मोहन जोशी, नवीन चंद्र जोशी, हेम चंद्र जोशी, पन्ना लाल कन्नौजिया, आनंदी वर्मा, नरेश नौढ़ियाल, राजू गिरी, महेश चंद्र आर्या, ललित मोहन पंत, एनडी पांडे, भीमा पंवार, गोविंद प्रसाद, आनंद सिंह ऐरी समेत विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग मौजूद रहे। (एजेन्सी)

# जगदीश हत्याकांड : आरोपी की जमानत खारिज

अल्मोड़ा : दलित नेता जगदीश हत्याकांड के एक आरोपी की कोर्ट ने जमानत याचिका खारिज कर दी है। इस मामले में पुलिस ने एक महिला सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इसमें एक आरोपी ने कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल कराई थी। भिकियासैंण विकासखंड क्षेत्र में सवर्ण युवती से प्रेम विवाह करने पर दलित नेता जगदीश की अपहरण के बाद हत्या कर दी गई थी।

ये मामला पूरे राज्य में चर्चा का विषय रहा था। अभियोजन की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता पूरन सिंह कैड़ा ने बताया कि वादी कविता मनराल निवासी इनौली पोस्ट भिकियासैंण ने एक सितंबर को राजस्व क्षेत्र बगोड़ा, तहसील भिकियासैंण में लिखित तहरीर सौंपी थी। आरोपी नरेंद्र सिंह ने जगदीश को सगी सास, सौतेले ससुर और सौतेले साले के साथ मिलकर अपहरण कर पीट–पीटकर मार डाला था। जिसके बाद मामले में पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। ग्राम नौगांव पोस्ट कनौली तहसील रानीखेत निवासी आरोपी नरेंद्र सिंह ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में जमानत याचिका दाखिल की। अपर जिला सत्र न्यायाशीश अरविंद नाथ त्रिपाठी की कोर्ट में इस मामले में सुनवाई हुई। अभियोजन की ओर से जमानत का घोर विरोध किया गया। पत्रावली में मौजूद साक्ष्य का परिसीलन कर न्यायालय ने आरोपी नरेंद्र सिंह की जमानत याचिका खारिज कर दी। (एजेन्सी)

# नैनीताल एनएच पर युवक ने किया हंगामा, लगा जाम

रूद्रपुर : रामपुर–नैनीताल नेशनल हाईवे में मंगलवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे एक्सिस बैंक के सामने एक युवक नाले में गिर गया। उसे किसी तरह वहां से निकाला तो उसने हंगामा काटना शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे काबू करने की कोशिश की तो वह उनसे भी उलझ गया। इस दौरान वहां भीड़ जमा हो गयी जिससे हाईवे में हल्का जाम भी लग गया। बाद में मौके पर पहुंची परिजनों ने पुलिस ने मदद से किसी तरह उसे काबू किया और ई–रिक्शा में बैठाकर घर ले गए।

फुलसुंगा निवासी एक युवक रामपुर–नैनीताल नेशनल हाईवे में अचानक लड़खड़ाते हुए गंदे नाले में गिर गया। यह देखकर कुछ युवकों ने किसी तरह उसे बचाया और बाहर निकाला लेकिन इसके बाद वह फिर से नाले में जाने लगा। वहीं इस बीच पुलिस को सूचना दी गयी। मौके पर पहुंचे आवास विकास चौकी के दो कांस्टेबलों ने युवक को काबू करने की कोशिश की और उसके परिजनों को सूचना दी गयी। युवक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। वहीं युवक को काबू करने की कोशिश कर रहे पुलिस कर्मियों से भी युवक उलझ गया और उनसे हाथापाई की कोशिश की। किसी तरह युवक को पुलिस कर्मियों ने काबू में किया और परिजनों के साथ ई–रिक्शा में बैठाकर घर भेजा। परिजनों ने बताया कि युवक मानसिक रूप से बीमार है और उसका इलाज चल रहा है। उसे लेकर वह जिला अस्पताल आए थे लेकिन वहां से वह भाग गया था। वहीं आवास चौकी प्रभारी नीमा बोहरा ने बताया कि युवक मानसिक रूप से परेशान बताया गया है।

## एक्सप्रेस ट्रेन का गूलरभोज में स्टॉपेज करने की मांग उठाई

रूद्रपुर : जनप्रतिनिधियों ने गूलरभोज रेलवे स्टेशन में एक्सप्रेस ट्रेन स्टॉपेज की मांग की है। दरअसल गूलरभोज रेलवे स्टेशन में गदरपुर, दिनेशपुर समेत कई कस्बों व ग्रामीण क्षेत्र के लोग पहुंचते हैं। इसके बावजूद गूलरभोज से गुजरने वाली आगरा फोर्ट एक्सप्रेस, बांद्रा टर्मिनल सुपरफास्ट एक्सप्रेस व अमृतसर एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टॉपेज नहीं है। जनप्रतिनिधियों ने रेलवे के उच्चाधिकारियों के साथ ही सांसद अजय भट्ट व विधायक अरविंद पांडे से गूलरभोज में ट्रेनों के स्टॉपेज करने के साथ ही रिजर्वेशन काउंटर खोलने की मांग की है। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष कुलदीप रघुवंशी, भाजपा अध्यक्ष तरुण दुबे, रमेश सागर, सुखविंदर सिंह, मुकेश राजभर, गिरधारी लाल, रमेश कुमार, इंद्र सिंह राठौर, ध्यान सिंह, मनोज आदि मौजूद रहे। (एजेन्सी)

## नवनियुक्त उच्च शिक्षा प्रभारी निदेशक ने संभाला कार्यभार

हल्द्वानी। नवनियुक्त उच्च शिक्षा प्रभारी निदेशक डॉ. प्रवीण जोशी ने मंगलवार को गौलापार स्थित उच्च शिक्षा निदेशालय में कार्यभार ग्रहण कर लिया। डॉ. संदीप कुमार शर्मा के सेवानिवृत्त होने पर वरिष्ठता के आधार पर डॉ. जोशी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वे अभी तक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणनगर (डीडीहाट) में प्राचार्य पद पर तैनात थे। कार्यभार ग्रहण करने पर निदेशालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया।

# अंकतालिकाओं में सुधार न हुआ तो करेंगे आंदोलन



चम्पावत। पीजी कॉलेज में बीए 6 सेमेस्टर की अंकतालिकाओं में अनियमितता होने पर एबीवीपी के बैनर तले छात्र–छात्राओं ने प्राचार्य के माध्यम से कुमाऊं विश्वविद्यालय कुलपति को ज्ञापन भेजा। उन्होंने समस्या का समाधान न होने पर आंदोलन करने का निर्णय लिया। मंगलवार को छात्र संघ महासचिव राहुल जोशी के नेतृत्व में एबीपीवी कार्यकर्ताओं ने कॉलेज प्रशासन को ज्ञापन देकर कहा कि बीए 6 सेमेस्टर के संस्कृत, अंग्रेजी और विज्ञान संकाय में वनस्पति विज्ञान और रसायन विज्ञान में छात्र–छात्राओं को अत्यधिक कम अंक प्रदान किए गए हैं। कुछ छात्राओं के तो शून्य, एक और दो नंबर आए हैं। कई बार मांग करने के बाद भी उनकी नहीं सुनी जा रही है। जिससे छात्र–छात्राओं में रोष प्रदान हो गया है।

## महिला ने लगाई शारदा नदी में छलांग, अस्पताल में भर्ती

चम्पावत : यूएस नगर की रहने वाली एक महिला ने दिनदहाड़े अज्ञात कारणों के चलते शारदा नदी में छलांग लगा दी। समय रहते महिला को नदी से बाहर निकाल लिया गया। उपजिला अस्पताल में महिला का उपचार किया जा रहा है।

मंगलवार को नानकमत्ता, यूएसनगर निवासी महिला 35 वर्षीय ममता धामी पत्नी पूरन सिंह धामी ने बैराज मार्ग के पास से शारदा नदी में छलांग लगा दी। वहां से गुजर रहे ई–रिक्शा चालक रवि और अभिषेक कश्यप ने घटना की जानकारी तैराक पुलिस कांस्टेबल राकेश गिरी को दी। कांस्टेबल गिरी ने तुरंत रेस्क्यू करते हुए नदी से महिला को निकालकर निजी वाहन से उपजिला अस्पताल पहुंचाया।

# मूलभूत सुविधाओं के लिए ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

बागेश्वर : लस्करखेत के ग्रामीणों ने पानी और सड़क को लेकर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि छुआ बैंड से पिंगलो तक लिंक मार्ग नहीं बन सका है। वहीं, ग्वालदम मोटर मार्ग का चौड़ीकरण होने से पेयजल योजना क्षतिग्रस्त है। उन्होंने मांगों का शीघ्र समाधान नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

मंगलवार को ग्रामीण ग्राम प्रधान प्रदीप राठी के नेतृत्व में कलक्ट्रेट पहुंचे यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। कहा कि छुआं बैंड से पिंगलो तक साढ़े चार किमी सड़क का पिछले पांच वर्षों से स्थलीय निरीक्षण किया जा रहा है। लेकिन आज तक सड़क का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। सड़क न बनने से ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांव के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि नेपाली गधेरे से गांव को पेयजल मिलता था। सड़क चौड़ीकरण से योजना क्षतिग्रस्त है। उसके बाद परकोटी पेयजल योजना का गठन हुआ।

# केंद्र सरकार पावर हाउस के समानः महाराज

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून/हिमाचल। केंद्र सरकार पावर हाउस के समान होती है। जो पावर हाउस से जुड़ता है उसे केंद्र की सहायता मिलती है और उस राज्य का विकास तेजी से होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार आगे बढ़ रहा है। विश्व में भारत एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में खड़ा हुआ है। मोदी के नेतृत्व में देश में आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विरासतों के संरक्षण से भारत पुनः विश्व गुरु बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।



काबीना मंत्री सतपाल महाराज हिमाचल प्रदेश के दयारगी के चैल चौक में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए।

अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण हो या जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाने का ऐतिहासिक निर्णय, हर मामले में मोदी सरकार कि सर्वत्र प्रशंसा हो रही है।उक्त बात प्रदेश के काबीना मंत्री सतपाल महाराज ने मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के जनपद मण्डी स्थित नाचन, दयारगी के चैल चौक में भाजपा प्रत्याशी विनोद कुमार की विशाल चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए कही। कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने मतदाताओं से भाजपा प्रत्याशी विनोद कुमार को भारी मतों से जिताने की अपील की। उन्होंने अपने संबोधन में केंद्र की मोदी सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि केंद्र सरकार कई ऐसी जन कल्याणकारी योजनाएं लेकर आई, जिनसे आम लोगों को बेहद लाभ पहुंचा। जन धन योजना, आयुष्मान योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना और उज्ज्वला योजना से करोड़ों लोगों के जीवन में परिवर्तन देखने को मिला। श्री महाराज ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि' का लाभ लाखों किसानों को मिल रहा है। इस योजना का लाभ उन किसानों को मिलता है, जिनके पास 2 हेक्टेयर से कम जमीन है। इस योजना का लाभ लाखों गरीब किंसानों को मिल रहा है। अगर आप अपना कोई व्यवसाय शुरू करना चाहते हैं, तो 'प्रधानमंत्री मुद्रा योजना' का लाभ उठा सकते हैं। इस योजना के तहत 10 लाख रुपये तक का लोन दिया जाता है। आयुष्मान भारत योजना गरीबों के लिए जीवनदान साबित हो रही है। इसके तहत 10 करोड़ गरीब परिवारों को 5 लाख रुपये प्रतिवर्ष फ्री बीमा की सुविधा दी जा रही है। इस योजना के कारण करोड़ों लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही हैं।

श्री महाराज ने चुनावी सभा में कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत केंद्र सरकार का लक्ष्य सभी को घर उपलब्ध कराना है। इस योजना के तहत होम लोन में सब्सिडी दी जा रही है। इस सब्सिडी के तहत होम लोन लेने वाले को लगभग 2 लाख 60 हजार रुपये का लाभ मिलता है। कोरोना महामारी के दौरान लगे लॉकडाउन में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना ने लाखों लोगों का पेट भरा। इस योजना के तहत 5 किलो राशन प्रति व्यक्ति हर महीने मुफ्त दिया गया। योजना का सीधा लाभ 80 करोड़ से अधिक लोगों को पहुंचा है। केंद्र सरकार ने यह पहल कोरोना काल में खाद्य सुरक्षा कानून के तहत की थी। अगर ये योजना शुरू न होती, तो शायद कोरोना महामारी के दौरान जब काम धंधे बंद हो गए थे, तब लोगों के सामने बड़ा संकट खड़ा हो जाता। इस अवसर पर भाजपा विधायक विनोद कुमार, नाचन मण्डल भाजपा के अध्यक्ष स्वर्ण सिंह ठाकुर, महामंत्री मुकेश चंदेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा, रविंद्र राणा एवं नरेंद्र भंडारी सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# तहसील दिवस में दर्ज 20 में से 6 शिकायतों का किया निराकरण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में तहसील बसुकेदार के राजकीय प्राथमिक विद्यालय तिमली में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर फरियादियों द्वारा 20 शिकायतें दर्ज कराई गई, जिनमें 6 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया।



तहसील दिवस में अपर जिलाधिकारी दीपेंद्र सिंह नेगी महिला की समस्या सुनते हुए।

अपर जिलाधिकारी दीपेंद्र सिंह नेगी की अध्यक्षता में आयोजित तहसील दिवस के दौरान नागजगई के प्रधान धर्मेंद्र चौहान ने नागजगई में 25 केवी ट्रांसफार्मर के स्थान पर 63 केवी ट्रांसफार्मर लगवाए जाने के साथ ही गुप्तकाशी मयाली मोटर मार्ग में दुर्गा मंदिर के नीचे ब्रिष्ट वाल निर्माण को लेकर प्रार्थना–पत्र दिया।

जखनाल के ग्रामीणों ने कुछ परिवार बष्टा तथा कुछ परिवार डोबलिया में शामिल होने के स्थान पर जखनाल को एक ही ग्राम सभा में शामिल करने अथवा अलग ग्राम सभा बनाने संबंधी प्रार्थना–पत्र दिया। तिमली बष्टा के ग्रामीणों ने विद्यालय में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं की सुरक्षा के साथ ही यातायात की अधिकता के दृष्टिगत स्पीड ब्रेकर बनाए जाने, बष्टा के राम लाल व किरोड़ा मल्ला की फागुणी देवी ने आवासीय भवन बनवाए जाने, जिला कल्याण समिति बुद्धि लाल ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय में सौर ऊर्जा एवं राज्य योजना के अंतर्गत मरोड़ा किरोड़ा तल्ला मोटर मार्ग का कार्य शुरू करने तथा कोटी निवासी लाल सिंह ने लघु सिंचाई के माध्यम से सिंचाई नहर नहीं बनाए जाने को लेकर शिकायत दर्ज की। कोटी निवासी जगदीश सिंह नेगी द्वारा राजस्व उपनिरीक्षक बष्टा को सप्ताह के एक दिन पटवारी चैक में बैठने संबंधी प्रार्थना–पत्र दिया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सरकार व प्रशासन की प्राथमिकता है कि जनता की समस्याओं का यथासंभव प्राथमिकता से निराकरण किया जाए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि तहसील दिवस में जो भी शिकायतें क्षेत्रीय जनता द्वारा दर्ज कराई गई हैं उन पर सभी अधिकारी शीघ्र कार्यवाही करते हुए निराकरण करें।

# 'विद्या संवाद' को जनपदों में जायेंगे वरिष्ठ अधिकारी : डॉ. रावत

**जयन्त प्रतिनिधि।**


देहरादून : 'विद्या संवाद' कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी विभागीय कार्यों की समीक्षा के लिये विभिन्न जनपदों में जायेंगे। जहां वह शिक्षकों, अभिभावकों एवं छात्र-छात्राओं से संवाद स्थापित करेंगे। विद्या संवाद कार्यक्रम के दौरान विभागीय अधिकारी शिक्षा की गुणवत्ता सहित विभागीय कार्यों का अवलोकन करेंगे। साथ ही न्यायालय में योजित वादों की संख्या में कमी लाने के लिये संबंधित शिक्षकों से वार्ता करेंगे। इसके लिये शिक्षा महानिदेशालय द्वारा सभी जनपदों के लिये अधिकारी नामित कर दिये हैं।

विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत ने मीडिया को जारी एक बयान में बताया कि नवम्बर माह के प्रथम सप्ताह प्रदेशभर में विद्या संवाद कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। जिसके तहत विभाग के वरिष्ठ अधिकारी विभिन्न जनपदों में जाकर शिक्षकों, अभिभावकों और छात्र-छात्राओं से संवाद स्थापित करेंगे। उन्होंने कहा कि इसके लिये महानिदेशालय स्तर से जनपदवार अधिकारी नामित कर दिये गये है, जो शीघ्र ही संबंधित जनपदों में जाकर संवाद स्थापित करेंगे। डॉ. रावत ने बताया कि विद्या संवाद कार्यक्रम के तहत नामित अधिकारी अपने-अपने जनपदों के प्रत्येक विकासखंड में कम से कम तीन विद्यालयों का समग्र अनुश्रवण करेंगे, जिसकी रिपोर्ट वह आगामी 15 नवम्बर तक महानिदेशालय को उपलब्ध करायेंगे।

डॉ. रावत ने बताया कि विद्या संवाद कार्यक्रम के दौरान विभागीय अधिकारी न्यायालयों में दायर विभिन्न वादों से संबंधित शिक्षकों के साथ वार्ता कर वादों की संख्या में कमी लाने का प्रयास भी करेंगे, ताकि वादों से संबंधित विभिन्न लम्बित प्रकरणों पर विभाग अग्रिम कार्रवाही कर शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुचारू कर सकेगा। इसके अलावा कार्यक्रम के दौरान विद्यालयों में अधूरे पड़े निर्माण कार्यों, परीक्षाफल सुधार, वर्चुअल कक्षाओं के संचालन, एनईपी के अंतर्गत बालवाटिका कार्यक्रम की स्थिति, मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता सहित छात्रों के पठन-पाठन आदि की स्थिति का जायजा लेने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये गये हैं। डॉ. रावत ने बताया कि विद्या संवाद कार्यक्रम की सभी जनपदों से प्राप्त रिपोर्ट की समीक्षा की जायेगी और रिपोर्ट में सुझाये गये सुझावों को अमल में लाया जायेगा।

## बंशीधर तिवारी को देहरादून तो आरडी शर्मा को मिली पौड़ी की जिम्मेदारी

विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत ने बताया कि महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा बंशीधर तिवारी को देहरादून जनपद आवंटित किया गया है, जबकि निदेशक माध्यमिक शिक्षा राकेश कुमार कुंवर को पिथौरागढ़, निदेशक अकादमी शोध एवं प्रशिक्षण सीमा जौनसारी को हरिद्वार, निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा वंदना गर्ब्याल को टिहरी, अपर निदेशक महानिदेशालय विद्यालयी शिक्षा राम कृष्ण उनियाल को



उत्तरकाशी, अपर निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा एसपी खाली को चमोली, अपर निदेशक एससीईआरटी डॉ. आरडी शर्मा को पौड़ी गढ़वाल, संयुक्त निदेशक डॉ. एसबी जोशी को चम्पावत, संयुक्त निदेशक एससीईआरटी आशा पैन्यूली को ऊधमसिंह नगर, प्रभारी अपर निदेशक सीमैट दिनेश चन्द्र गौड़ को रूद्रप्रयाग, संयुक्त निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा रघुनाथ लाल आर्य को बागेश्वर, हरीश चन्द्र सिंह रावत को नैनीताल और संयुक्त निदेशक माध्यमिक शिक्षा कंचन देवराड़ी को अल्मोडा जनपद की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# राज्य स्थापना दिवस की तैयारियां शुरू, सीडीओ ने अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : 22 वें राज्य स्थापना दिवस समारोह के आयोजन को लेकर मंगलवार को विकास भवन सभागार पौड़ी में मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पाण्डे की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों को जिमेदारियां सौंपते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समस्त शासकीय कार्यालयों को 7 से 9 नवम्बर तक प्रकाश मान किया जाएगा। राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर उत्तराखंड राज्य के गठन में शहीद हुए शहीदों को प्रातः 8 बजे शहीद स्मारकों पर श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

कहा कि मुख्य कार्यक्रम स्थल रामलीला मैदान में मुख्य अथिति द्वारा स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को लखपति बनाए जाने संबंधी मुख्यमंत्री की योजना का शुभारंभ किया जाएगा।

मुख्य विकास अधिकारी ने शिक्षा अधिकारी को राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर विद्यालय में राज्य गठन को लेकर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन करने, समस्त नगर निकायों के अधिकारियों को शहर में सफाई अभियान के साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने हेतु अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनपद के अंतर्गत समस्त शहीद स्मारकों में साफ-सफाई के साथ ही सजावट करें। मुख्य विकास अधिकारी ने पंचायती राज अधिकारी को ग्राम स्तर पर भी स्वच्छता अभियान चलाने, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को विभिन्न अस्पतालों में कैंप के माध्यम से कोविड-19 का बूस्टर डोज लगाने के निर्देश दिए।

साथ ही उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि दिव्यांग जनों को राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर कृत्रिम उपकरण वितरित करें। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि रामलीला मैदान में समस्त विभागों द्वारा स्टॉल लगाए जाएंगे तथा संस्कृति विभाग द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

इस अवसर पर परियोजना निदेशक डीआरडीए संजीव कुमार राय, जिला विकास अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह चौहान, डीएफओ गढ़वाल मुकेश कुमार, मुख्य शिक्षा अधिकारी डॉ. आनंद भारद्वाज, मुख्य कृषि अधिकारी अमरेंद्र सिंह चौधरी, सीओ सदर प्रेम लाल टम्टा, जिला क्रीड़ा अधिकारी गिरीश कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## गंगा कलश यात्रा पहुंची टिहरी, किया भव्य स्वागत

नई टिहरी : गंगोत्री धाम से 800 लीटर के कलश में गंगा जल भरकर नेपाल के पशुपति नाथ मंदिर तक कलश यात्रा निकाली गई है। मंगलवार को कलश यात्रा नई टिहरी पहुंची। जहां पर स्थानीय लोगों ने कलश यात्रा का भव्य स्वागत किया। कलश यात्रा के आयोजक गंगोत्री धाम के रावल शिव प्रकाश सेमवाल ने कहा कि पहली बार 800 लीटर के वृहत कलश में गंगा जल पशुपति नाथ पहुंचाया जायेगा। पौराणिक काल से परंपरा है कि पशुपति नाथ में गंगा जल से पूरे साल भर जलाभिषेक होता है। जिसके लिए हर वर्ष गंगोत्री धाम के कपाट बंद होने पर लक्ष्मी पूजन के दिन कलश की मदद से जल पशुपति नाथ के लिए रवाना किया जाता है। लेकिन इस बार एक बड़े कलश का सृजन कर 800 लीटर गंगा जल पशुपति नाथ के लिए कलश यात्रा की मदद से रवाना किया गया है। ताकि पूरे वर्ष पर्याप्त गंगा जल से पशुपति नाथ का जलाभिषेक हो सके। कलश यात्रा आगामी 7 नवंबर को पशुपति नाथ मंदिर नेपाल पहुंचेगी। कलश यात्रा के दर्शन से पशुपति नाथ की कृपा बनी रहती है। नई टिहरी में कलश यात्रा का स्वागत करने वालों में कुलदीप पंवार, माया राम थपलियाल, ज्योति डोभाल, कुशलानंद भट्ट, राकेश लांबा, लक्ष्मी प्रसाद भट्ट, राजेंद्र प्रसाद चमोली, देवेंद्र बेलवाल, हरिकृष्ण लांबा, आशीष भट्ट, सुनील, अवतार सिंह, मीना भट्ट, शशि आदि मौजूद रहे। (एजेन्सी)

# कांग्रेसी राज्य स्थापना दिवस पर निकालेगें पदयात्रा, तैयारियां जोरों पर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

श्रीनगर : ब्लॉक सभागार कीर्तिनगर में जिला कांग्रेस कमेटी देवप्रयाग की बैठक आहुत की गई। जिसमें 9 नवंबर राज्य स्थापना दिवस पर प्रस्तावित पदयात्रा पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष उत्तम सिंह असवाल ने कहा कि 9 नवंबर राज्य स्थापना दिवस पर श्री घंटाकर्ण देवता धाम घड़ियालधार लोस्तु बढ़ियारगढ़ से मुख्यमंत्री आवास देहरादून तक पदयात्रा निकाली जाएगी। जिसके माध्यम से बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने, अंकिता भंडारी हत्याकांड की सीबीआई जांच व वीआईपी का नाम उजागर करने, ममता बहुगुणा व कविता बिष्ट को न्याय देने के लिए सीबीआई जांच, लोस्तु बढ़ियारगढ़ में स्वीकृत राजकीय महाविद्यालय को इसी सत्र से शुरू करने की मांग की जाएगी।

इसके अलावा चौरास में स्थित जीवीके कंपनी द्वारा हटाए गए सभी प्रभावित कर्मचारियों की पुनर्बहाली, उत्तराखंड अधीनस्थ चयन आयोग में हुए भर्ती घोटाले की सीबीआई जांच, दैवीय आपदा से क्षेत्र में क्षतिग्रस्त नहरों एवं संपर्क मार्गों के निर्माण, रेलवे निर्माण में स्थानीय युवाओं को रोजगार की मांग के साथ स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल एवं सड़क निर्माण की समस्याओं के समाधान की मांग भी प्रमुखता में रहेगी। पदयात्रा में पूर्व कैबिनेट मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी, पूर्व विधायक ओम गोपाल रावत, प्रताप नगर विधायक विक्रम सिंह नेगी, प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल सहित सभी कांग्रेस जन एवं सामाजिक संस्थाएं प्रतिभाग करेंगे।


## अदालती सूचना

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज महोदय, पौडी गढवाल**
**दी वाद संख्या :- 04/22**
**वादिनी :- श्रीमती कमला देवी उम्र 54 वर्ष पत्नी श्री भरतवीर सिंह निवासी ग्राम निग्याण पट्टी गगवाडस्यूं तहसील पौडी, जिला पौडी गढवाल**
**बनाम**

प्रतिवादीगणः- 1. श्री दीपक सिंह नेगी उम्र 33 वर्ष पुत्र श्री भरतवीर सिंह

2. श्री आशीष नेगी उम्र 31 वर्ष पुत्र श्री भरतवीर सिंह निवासीगण ग्राम निग्याणा पट्टी गगवाडस्यूं तहसील पौडी, जिला पौडी गढवाल

3. ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत ल्वाली विकास खण्ड ल्वाली

4. आम व खास

नोटिस बनाम आम व खास

चूंकि वादिनी ने इस न्यायालय में अपने पति के लगभग 30 वर्ष पूर्व लापता होने के कारण उनकी दीवानी मृत्यु घोषित करवाने बावत घोषणात्मक वाद अन्तर्गत धारा 34 विशिष्ट अनुतोष अधिनियम योजित किया है, जिस पर जवाबदेही की तिथि 18/11/22 नियत है।

अतः हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को इस बाबत कोई आपत्ति हो तो वह उक्त तिथि को ठीक 10 बजे प्रातः इस न्यायालय में स्वयं/मॉर्फत अधिवक्ता उपस्थित होकर जवाबदेही करें अन्यथा उक्त वाद में आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

आज दिनांक 20/10/22 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी

**आज्ञा से**
**सिविल जज**
**पौडी गढवाल**


# खेल हमारे जीवन का आवश्यक हिस्सा : बिष्ट

### खेल प्रतियोगिताओं में रियांश, आध्या व कार्तिक अव्वल

जयन्त प्रतिनिधि। श्रीनगर : श्री गुरू राम राय पब्लिक स्कूल की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। प्रधानाचार्य दान सिंह बिष्ट ने मार्च पास्ट की सलामी लेने के बाद दीप प्रज्जवलित कर प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि खेल हमारे जीवन का आवश्यक हिस्सा है। स्वस्थ शरीर और दिमाग को विकसित करने के लिए खेल महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेल कई प्रकार के होते हैं, जो हमारे शारीरिक के साथ मानसिक विकास में मदद करते हैं। लगातार पढ़ाई के दौरान कई बार तनाव की स्थिति होती है। ऐसे में खेल इस तनाव को दूर करने का बेहतर माध्यम है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से हम टीम भावना नहीं सीख सकते, लेकिन खेल से यह संभव है। शिक्षा के साथ खेलों का भी मानवीय जीवन में अहम योगदान है। खेलों से सहनशीलता और अनुशासन बढ़ता है। विभिन्न प्रतियोगिताओं में नर्सरी कक्षा में रियांश जोशी प्रथम, आध्या द्वितीय एवं कार्तिक पंवार तृतीय रहे। एलकेजी कक्षा में आरूष, नैना, दर्श, भूमिका, शिवाय व दिव्या अव्वल स्थान पर रहे। यूकेजी कक्षा में रूद्रांश, प्रज्ञा, आरव, अवनी भंडारी, आदित्य, अधीरा पालीवाल ने बाजी मारी। इस मौके पर अभिभावकों के बीच भी प्रतियोगिताएं हुई। जिसमें अभिभावकों ने बढ़चढ़कर प्रतिभाग किया।

## अज्ञात वाहन ने तीन वाहनों को मारी टक्कर

नई टिहरी : चंबा–मसूरी सड़क के किनारे खड़े तीन वाहनों को किसी अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। वाहन स्वामियों ने चंबा थाने में अज्ञात वाहन चालक खिलाफ तहरीर दी है। चंबा के थानाध्यक्ष पंकज देवरानी ने बताया कि सोमवार रात को चंबा-मसूरी सड़क के किनारे खड़ी विक्रम राणा की स्कूटी, अरविंद रणावत तथा मनोज रमोला की कारों को किसी अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया।

# विकास मेला का चौथा दिन लोक गायक रोहित चौहान, खुशी और सतीश राणा ने नाम रहा

रूद्रप्रयाग : कृषि औद्योगिक एवं पर्यटन विकास मेले का चौथे दिन लोकगायक रोहित चौहान, खुशी जोशी, सतीश राणा के साथ ही नागेन्द्र इंटर कॉलेज बजीरा व अन्य कलाकारों के नाम रहा। इस मौके पर रोहित चौहान व खुशी जोशी के साथ ही नागेन्द्र इंका बजीरा के बच्चों व स्थानीय कलाकारों ने भी अपने-अपने कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर दर्शकों को झूमने को मजबूर कर दिया।

मंगलवार को ब्लाक मुख्यालय में आयोजित कृषि मेले में केदारनाथ विधायक शैलारानी रावत ने बतौर मुख्य अतिथि दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया है। उन्होंने कहा कि मेले हमारे संस्कृति के द्योतक होते हैं। कहा कि युवा पीढ़ी को अपने संस्कृति के संरक्षण के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने क्षेत्रीय जनता से विभागीय योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया है। मेला संयोजक ब्लाक प्रमुख प्रदीप थपलियाल ने अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मेला आयोजन का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र का पलायन रोककर संस्कृति का संरक्षण करना है। उन्होंने स्थानीय लोगों से मेले में लगे स्टालों से विभागीय योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया है। चौथे दिन मेले में बतौर विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य शिव सिंह रावत, नपं अगस्त्यमुनि अध्यक्ष अरुणा बेंजवाल, प्रधान संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष विक्रम नेगी, पूर्व प्रमुख राजकुमारी रावत, पूर्व जिपंस देवेश्वरी नेगी, हर्षवर्धन बैंजवाल, उमा कैन्तुरा, रमेश बैंजवाल ने मेले के सफल आयोजन के लिए मेला समिति को बधाई दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महिला एवं बाल विकास कर्मचारी संघ की प्रदेश महामंत्री सुमति थपलियाल ने मेले में आमंत्रित करने पर मेला समिति का आभार व्यक्त करते हुए भव्य आयोजन के लिए मेला समिति को बधाई दी है।

## गुजरात के मोरबी जैसी घटना की आशंका जताई

**जयन्त प्रतिनिधि।**

श्रीनगर : गुजरात के मोरबी में मच्छु नदी में झूला पुल की केवल टूटने से बड़ी संख्या में लोगों की मौत होने पर स्वच्छता अभियान से जुड़े लोगों ने मृतकों की आत्मा की शांति के लिए श्रीनगर में शोक सभा आयोजित की। मौके पर उन्होंने दो मिनट का मौन रखा।इस दौरान स्वच्छता के ब्रांड एंबेसडर डा. बीपी नैथानी ने कहा कि श्रीनगर व नैथाणा को जोड़ने वाले झूला पुल भी रखरखाव के अभाव में दुर्घटना को निमंत्रण दे रहा है। उन्होंने कहा कि पुल पर बिछी लोहे की प्लेटों की वेल्डिंग उखड़ जाने से यह क्षतिग्रस्त हो रही हैं। जिससे दुपहिया वाहनों के गुजरने पर तेज आवाज भी आती है। उन्होंने मोरबी जैसी घटना न हो इसके लिए पुल के रखरखाव पर ध्यान दिया जाना जरूरी है। उन्होंने लोनिवि के अधिकारियों से इसे गंभीरता से लिए जाने की मांग की। मौके पर मंजू नैथानी, डा.गरिमा, गायत्री देवी, सौरभ, ज्योति, कविता सकलानी आदि मौजूद रहे।

## गरिमा बनी लेफ्टिनेंट, जताई खुशी

जयन्त प्रतिनिधि।

श्रीनगर : बार कौंसिल ऑफ उत्तराखंड के सदस्य अर्जुन सिंह भंडारी एवं बार एसोसिएशन श्रीनगर के संरक्षक अनूप पांथरी ने विकासखंड खिर्सू के हरकंडी की होनहार बालिका गरिमा कुकसाल द्वारा सेना में सर्वोच्च रैकिंग हासिल कर लेफ्टिनेंट पद पर सेना की तकनीकी कोर में ज्वानिंग देने एवं कमीशन प्राप्त करने पर खुशी व्यक्त की है। पांथरी ने कहा कि गरिमा ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है जो श्रीनगर व आस-पास के क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। खुशी जताने वालों में एडवोकेट दीपक भंडारी, विकास पंत, विवेक जोशी, भूपेंद्र गैरोला, प्रमेश जोशी, कृष्णानंद मैठाणी, बलवीर सिंह रौतेला, ओमप्रकाश मैठाणी, जगजीत सिंह जयाड़ा, ब्रह्मानंद भट्ट, प्रदीप मैठाणी, सुबोध भट्ट आदि शामिल रहे।

# तीर्थ पुरोहितों के विस्थापन की कवायद शुरू

नई टिहरी : बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत किये जा रहे निर्माण कार्य को लेकर प्रशासन ने बदरीनाथ मंदिर के 75 मीटर परिधि में निवास करने वाले देवप्रयाग के तीर्थ पुरोहित समाज को विस्थापित करने की कवायद शुरू कर दी है।

श्री बदरीश पंडा पंचायत को एसडीएम जोशीमठ की ओर से इस संबंध में पत्र मिला है। पंडा पंचायत अध्यक्ष प्रवीन ध्यानी तथा सचिव रजनीश मोतीवाल ने बताया कि मास्टर प्लान के फेज टू के तहत बदरीनाथ मंदिर के चारों ओर परिसर बनाया जाना प्रस्तावित है, जिससे मंदिर के 75 मीटर परिधि में प्राचीन समय से निवास कर रहे तीर्थ पुरोहित समाज को विस्थापित किया जाना है। एसडीएम जोशीमठ कुमकुम जोशी द्वारा भेज पत्र के अनुसार प्रभावित परिवारों को नर पर्वत स्थित हरि निवास होटल में उनकी भूमि भवन के बराबर कक्ष आवंटित किये जाऐंगे।


## उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0

### निविदा सूचना

विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडाडा के अन्तर्गत निम्न वर्णित कार्यों के निष्पादन हेतु अनुभवी, उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रदत्त विद्युत ठेकेदारी ए श्रेणी लाईसेन्स प्राप्त [illegible] एवं पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदाएं दो भागों में (प्रथम भाग में धरोहर धनराशि तथा द्वितीय भाग में दरें जो कि निविदा खुलने की तिथि से कम से कम 6 माह के लिए वैध हों) दिनांक 23.11.2022 के 13.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है जो कि उसी दिन 15.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख अधोहस्ताक्षरकर्ता अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में विद्युत वितरण खण्ड कोटद्वार के कार्यालय से दिनांक 22.11.2022 को 13.00 बजे तक प्रति निविदा के नकद भुगतान करके प्राप्त किए जा सकते हैं। धरोहर धनराशि किसी भी बैंक/डाकघर की एफडीआर/सीडीआर/राष्ट्रीय बचत पत्र के रूप में अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड नैनीडांडा के पक्ष में बंधक होनी चाहिए। बिना धरोहर धनराशि के निविदा भाग दो नहीं खोली जायेगी। यदि निविदा खुलने के दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहता है तो अगले कार्य दिवस को निविदा खोली जायेगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता को यह अधिकार है कि वह बिना कारण बताए आंशिक अथवा किसी भी निविदा को निरस्त कर सकते हैं।

| निविदा संख्या | निविदा प्रपत्र क्रय राशि (जीएसटी अतिरिक्त) | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (रू0) |
|---|---|---|---|
| 10/2022–23 | रू0 250/– | [illegible] के अन्तर्गत विभिन्न क्षेत्र में जीर्ण शीर्ण विद्युत पोलों को बदलने का कार्य किया जाना है। | 10000.00 |
| 11/2022–23 | रू0 250/– | वि0वि0 खण्ड नैनीडांडा के अन्तर्गत [illegible] विभिन्न क्षेत्र में लाइन शिफ्ट का कार्य। | 9000.00 |

पत्रांक : 153/वि0वि0खं0/टी–8
दिनांक : 01.11.2022

अधिशासी अभियन्ता,
विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा

[CIN] [illegible] "विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें"
"राष्ट्र हित में बिजली बचायें" (Customer Care Toll Free no. 1800 419 0405)

## सम्पादकीय

# आत्महत्या नहीं है समाधान

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से सुनहरे भविष्य का सपना या फिर आजीविका का साधन ढूंढने वाले युवा असफल होने पर कुछ ऐसे कदम उठा लेते हैं जो ताउम्र उनके परिजनों को दुख में डाल देते हैं। भावेश में लिए गए कदम किसी परिवार के लिए दुखों का सैलाब लेकर आता है। हालांकि कुछ व्यवस्था ऐसी बन जाती है जो वर्षों से परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवकों को भविष्य में अंधेरे का एहसास कराती हैं लेकिन यह भी नहीं भूलना चाहिए कि इन्हीं प्रयासों में सफलता भी टुपी रहती है। देश की सेना में भर्ती होने के लिए युवाओं में जोश और जुनून देखा जाता है। भारत सरकार ने सेना में भर्ती होने के कुछ नए नियम कानून बनाए हैं जिसका काफी विरोध भी हुआ लेकिन केंद्र सरकार से मस नहीं हुई और अंततः सरकार ने अग्निवीर नाम की योजना को सेना में लागू कर दिया। युवाओं को सेना में चंद अवधि का अग्निवीर का यह नया फार्मूला अच्छा नहीं लगा लेकिन बावजूद इसके भर्तियां खुली तो लाखों की तादाद में युवाओं ने आवेदन किया। कुछ सफल हुए तो कुछ को असफलता का सामना करना पड़ा। उत्तराखंड से अग्निवीर भर्ती में असफल होने के बाद एक ऐसी घटना सामने आई है जिसे पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। अग्निवीर परीक्षा में असफल होने पर एक होनहार युवक ने अपनी जान दे दी। आत्महत्या से पहले युवक ने वीडियो बनाया और उसे अपलोड भी किया। आभास होने के बावजूद भी कि वह गलत कर रहा है उसने अपना जीवन समाप्त कर लिया। माता-पिता से माफी मांगी लेकिन यदि एक बार ठंडे दिमाग से भविष्य में नौकरी के विकल्पों को तलाशा होता तो शायद इस युवक का परिवार दुखों के सागर में ना डूबता। झकझोर देने वाली यह घटना उत्तराखंड के एक सुदूरवर्ती बागेश्वर जिले के कपकोट तहसील के फरसाली गांव के रहने वाले कमलेश गोस्वामी पुत्र हरीश गोस्वामी ने जहरीला पदार्थ गटक लिया। जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष में मौत जीत गई और एक युवक काल के आगोश में समा गया। युवाओं में इस प्रकार की हताशा बेहद चिंताजनक है। मात्र 19 वर्ष की उम्र में एक असफलता से इस प्रकार निराश होना यह साफ दर्शाता है कि आज हमारे युवाओं में धैर्य एवं परिस्थितियों को झेलने की शक्ति कम हो रही है। इतनी कम उम्र में मैच एक नौकरी में असफल होने पर यदि कोई युवा इस प्रकार का गंभीर कदम उठाता है तो यह समझ लेना चाहिए कि कहीं ना कहीं हमारे तंत्र और युवाओं को शिक्षित करने में कुछ कमी रह गई है। आज यह जरूरी हो गया है कि युवाओं को नियमित पाठ्यक्रमों के साथ-साथ मनोवैज्ञानिक तौर पर भी विपरीत परिस्थितियों से लड़ने के लिए मजबूत बनाने की जरूरत है। यह जिम्मेदारी सीधे तौर पर शिक्षकों एवं अभिभावकों की बनती है कि वे परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं को मनोवैज्ञानिक तौर पर मजबूत बनाएं और उन्हें यह आश्वस्त करे कि सफलता एवं असफलता संघर्ष का एक नाम है और इसमें परिस्थितियां चाहे जैसी भी हो कम से कम ऐसा कदम तो कभी नहीं उठाना चाहिए जहां सोचने के लिए कुछ भी बाकी ना रहे।

# संस्कृत कविता और भारतीय परंपरा के अग्रदूत श्रीनिवास रथ

**आधुनिक संस्कृत में प्रो,श्री निवास रथ का विशेषस्थान है । इन्होने तदेव गगनं सैव धरा , भारतीय कवितायेँ , बाणस्यातिद्वयी कथा, बलदेवचरितम आदि मूल रचनाओं के साथ भास त ऊरुभंगम् और मेघदूतम् का सरल हिंदी अनुवाद भी पुस्तक के रूप में प्रकाशित है । साथ ही शोधलेख , समस्यापूर्ति एवं अभिनन्दन पत्र भी आपके द्वारा लिखा गया है जिसकी गणना श्रेष्ठ कवि कर्म के रूप में की जाती है । श्रीनिवास रथ संस्त कविता के बेजोड़ महारथी हैं । कविता की कमनीयता और रसपेशलाता पग- पग पर दिखलाई पड़ती है । उनके कविता में युगबोध मिलता है । लगभग पचास वर्षों के लेखन काल में निरंतर जीवन के विविध पक्षों को ही आप साहित्य पटल अंकित करते हुए दिखलाई पड़ते हैं । आप आप संस्त साहित्य के बदलते हुए परिवेश में प्रत्येक समसामयिक आंदोलन आधुनिकता के विविध पक्ष , समकालीन जीवन को प्रभावित करने वाली कविताएं लिखें हैं।आपकी कविताएँ सदैव वर्तमान से संबाद करती हुई दिखलाई पड़ती हैं । सनातन बोध में स्थित होकर आप जो अनुभव करते हैं वही साहित्य में उतरते भी हैं जिसका उदहारण तदेव गगनं सैव धरा है । जिसमें 162 संस्त कवितायेँ संकलित हैं ।प्रो.रथ भारत के अनेक अकादमियों के पदों पर भी अपने दायिव का निर्वाह किये हैं ।कालिदास अकादमी, उज्जैन के निदेशक , सिंधिया प्राच्य शोध संस्थान , उज्जैन के निदेशक ,महर्षि सान्दिपनी वेद विद्या प्रतिष्ठान के कोषाध्यक्षके साथ उत्तर प्रदेश संस्त संस्थान के मानद निदेशक आदि के साथ विश्विद्यालय अनुदान आयोग ,व विभिन्न विश्वविद्यालयों के अकादमिक समितियों के सदस्य भी आप रह चुके हैं । ऐसे कम लोग होते जो लेखन और प्रशासन दोनों में दक्ष रहते हों लेकिन उनमें से आप एक हैं ।**

**डा.संजय कुमार**

आधुनिक संस्त के नवीन चिन्तक , नवीन सर्जक तथा नवीन रचनाधर्मी एवं अभिनवकालिदास के नाम से विख्यात श्रीनिवास रथ का जन्म कार्तिक पूर्णिमा 1 नवंबर 1933 ई .पुरी -उड़ीसा में हुआ था । उनके माता का नाम लक्ष्मीदेवी तथा पिता का नाम पं. जगन्नाथ शास्त्री काव्यतीर्थ था। जो गोपाल द्विंबर जैन महाविद्यालय,मुरैना में संस्त के प्राध्यापक थे। गद्यचिंतामणि, प्रमेयकमलमार्तड एवं शाकटायन आदि ग्रंथों का बड़े सहज भाव से इनके पिता अध्यापन करते थे । श्रीनिवास रथ की प्रारंभिक शिक्षा पिता के सानिध्य में ही प्रारंभ हुई। इस प्रकार मुरैना से ही मध्यमा, उत्तर मध्यमा की परीक्षा उत्तीर्ण करके 1947 ई. में जिस समय भारत कठिन संघर्ष द्वारा स्वतंत्रता प्राप्त किया उसी समय एस.डी.क़ कलेज, सहारनपुर से आप इंटरमीडिएट की परीक्षा स सम्मान उत्तीर्ण किये । तत्पश्चात विक्टोरिया कलेज ,ग्वालियर से बीए.क़ी परीक्षा उत्तीर्ण कर काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी से स्वर्ण पदक के साथ स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त किये ।यद्यपि आप स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त कर लिए थे फिर भी ज्ञान की पिपासा शांत न होने के कारण राजकीय संस्त महाविद्यालय जो संप्रति संपूर्णानंद संस्त विश्वविद्यालय के नाम से विख्यात है वहां से साहित्याचार्य की उपाधि भी ग्रहण किये । इस तरह प्रोफेसर रथ साहब प्राची एवं प्रतीची दोनों शिक्षा पद्धति से अपना ज्ञान वर्धन किए और संस्कृत अध्ययन अध्यापन को ही अपने जीवन का लक्ष बना लिए । परिणाम स्वरूप सागर विश्वविद्यालय जो वर्तमान में डाक्टर हरीसिंह गौर विश्विद्यालय ,सागर( मप्र.) में व्याख्याता के पद पर 1955 से कार्य करने लगे । उनकी विद्वत्ता , संस्त के प्रति लगन और निष्ठा के कारण संस्त विभाग -विक्रम विश्वविद्यालय ,उज्जैन (मप्र.) के प्रारंभिक वर्ष में ही 195। ई. में आप नियुक्त हो गए ।यही पर आचार्य ,अध्यक्ष , संकायाध्यक्ष आदि महनीय पदों को अलंत करते हुए 1993 ई. सेवा निवृत्त हो गए । लेकिन आप सरकारी सेवा से निबृत्त हुए न कि अध्ययन , अध्यापन और लेखन की अपनी प्रवृत्ति से । आप सदैव अपने ज्ञान और लेखन से संस्त जगत आलोकित करते रहे । आपका संस्त टंद गानअद्भुत था जो कोई एक बार सुन लें तो वह श्रुति के सामान उसका स्मरण रखता था ।

आधुनिक संस्कृत में प्रो,श्री निवास रथ का विशेषस्थान है । इन्होने तदेव गगनं सैव धरा , भारतीय कवितायेँ , बाणस्यातिद्वयी कथा, बलदेवचरितम आदि मूल रचनाओं के साथ भास त ऊरुभंगम् और मेघदूतम् का सरल हिंदी अनुवाद भी पुस्तक के रूप में प्रकाशित है । साथ ही शोधलेख , समस्यापूर्ति एवं अभिनन्दन पत्र भी आपके द्वारा लिखा गया है जिसकी गणना श्रेष्ठ कवि कर्म के रूप में की जाती है । श्रीनिवास रथ संस्त कविता के बेजोड़ महारथी हैं । कविता की कमनीयता और रसपेशलाता पग- पग पर दिखलाई पड़ती है । उनके कविता में युगबोध मिलता है । लगभग पचास वर्षों के लेखन काल में निरंतर जीवन के विविध पक्षों को ही आप साहित्य पटल अंकित करते हुए दिखलाई पड़ते हैं । आप आप संस्त साहित्य के बदलते हुए परिवेश में प्रत्येक समसामयिक आंदोलन आधुनिकता के विविध पक्ष , समकालीन जीवन को प्रभावित करने वाली कविताएं लिखें हैं।

आपकी कविताएँ सदैव वर्तमान से संबाद करती हुई दिखलाई पड़ती हैं । सनातन बोध में स्थित होकर आप जो अनुभव करते हैं वही साहित्य में उतरते भी हैं जिसका उदहारण तदेव गगनं सैव धरा है । जिसमें 162 संस्त कवितायेँ संकलित हैं ।प्रो. रथ भारत के अनेक अकादमियों के पदों पर भी अपने दायिव का निर्वाह किये हैं ।कालिदास अकादमी, उज्जैन के निदेशक , सिंधिया प्राच्य शोध संस्थान , उज्जैन के निदेशक ,महर्षि सान्दिपनी वेद विद्या प्रतिष्ठान के कोषाध्यक्षके साथ उत्तर प्रदेश संस्त संस्थान के मानद निदेशक आदि के साथ विश्विद्यालय अनुदान आयोग ,व विभिन्न विश्वविद्यालयों के अकादमिक समितियों के सदस्य भी आप रह चुके हैं । ऐसे कम लोग होते जो लेखन और प्रशासन दोनों में दक्ष रहते हों लेकिन उनमें से आप एक हैं ।

आपको सारस्वत योगदान के लिए राष्ट्रपति सम्मान , राजशेखर सम्मान , साहित्य अकादमी पुरस्कार , विश्व भारती पुरस्कार , कवि सार्वभौम राजप्रभा पुरस्कार ,पऱाज जगन्नाथ सम्मान एवं महामहोपाध्याय उपाधि ,आदि प्रदान किया गया है ।दसवें विश्व संस्त सम्मलेन में बंगलौर के उपाध्यक्ष तथा इटली में होने वाले ग्यारहवें विश्व संस्त सम्मलेन में आप मानव संसाधन विकास मंत्रालय , भरत सरकार के प्रतिनिधि के रूप उपस्थित रहे जो भारत और संस्त जगत के लिए गौरव की बात है ।

श्रीनिवास रथ निरंतर साहित्य सेवा को अपना धर्म मानकर करते रहे । शोध की गुत्थियों के साथ संस्त नव कविता विलास को उच्च शिखर पर पहुचाने का श्रेय आपको ही जाता है । आप जितना मनुष्य के व्यक्तिव के विषय में चिंतित रहते हैं उतने ही प्रति से भी गहरा नाता रखते हैं । उन्हें तालाब,नदियों ,वृक्ष ,पर्वत , पठार बड़े प्रभावित करते थे, उनकी विति से उन्हें कष्ट होता था । मनुष्य की सामाजिकता की बहुत चिंता थी और समाज विरोधी सरकार के नीतियों के विरोध का आत्मबल भी उनमे था । भारतीय संसति का संवर्धन ही उनका ध्येय था ।उनका मानना था कि भारतीय संसति ही मनुष्य को मनुष्य बनती है । जिसे इसका बोध हो गया वह मानव नहीं महामानव बन जाता है। पुरुषार्थ ,संस्कार ,आश्रम से संबलित मानव जीवन श्रेष्ठ और उत्तम है । महाकाल के सानिध्य में जीवन को बड़े अच्टे रूप से जीते हुए कविता कामिनी के विलास पुरुष 13 जून 1914ईक़ को अपने भौतिक शरीर का परित्याग कर यशरू शरीर में विलीन हो गए ।

**(लेखक संस्त विभाग,डाक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय ,सागर मप्रहैं)**

# वे लोग, वह देश कैसा और हम कैसे?

**विवेक सक्सेना**

चूंकि वहां बेरोजगारी व बुढ़ापे की चिकित्सा की चिंता नहीं है इसलिए हमारी तरह वे लोग ज्यादा बचत करने की बजाए खाओ पियो और मौज करने में विश्वास रखते हैं। न तो वे अपने मां-बाप का खर्च उठाते हैं और न ही दवाई दारु की चिंता करते हैं। वहां आम लोग राजनीति में दिलचस्पी नहीं लेते हैं। शायद यही वजह है कि वहां पिछले लोकसभा चुनाव में बड़ी तादाद में भारतीय जीते। पिछली बार उनका रक्षा मंत्री भी एक भारतीय था।

जब कौन बनेगा करोड़पति देख रहा था तो एक सवाल पर मैंने कुतुब मीनार का चित्र देखकर सोचा कि मैंने तो दिल्ली भी ठीक से नहीं घूमा है। पूरा देश घूमने की तो बात ही अलग है। जब कनाडा में था तो देखा कि वहां के लोगों को घूमने का कितना शौक है। टुट्टी के दिन लोग अपनी कारों के साथ लगे ट्रालर पर नौकाए लाद कर समुद्र की सैर करने के लिए जाते हैं। कहीं भी घूमने के लिए जाए तो वहां लोग गैस से चलने वाले चूल्हे लेकर आते हैं जिन पर तंदूरी व टिक्के आदि सेंके जा रहे होते हैं। समुद्र तट के किनारे लोगों को अपने बच्चों के साथ प्लास्टिक के घरों में आनंद लेते हुए देखा जा सकता है। बावजूद इस सबके कहीं कुछ भी गंद्गी नजर नहीं आती। हर घूमने वाली जगह पर अच्टे साफ सुथरे टायलट मौजूद है। लोगों के बैठने के लिए बेंचों से लेकर गाड़ी की पार्किंग तक का पूरा प्रबंध होता है।

ऐसा लगता है कि वहां की सरकार ने अपने नागरिकों के लिए ही सारी सुविधाओं का प्रबंध किया है। कहीं कूड़ा बिखरा नजर नहीं आता। हर जगह पर कूड़ा इका। करने वाले कूड़ादान है। समुद्र किनारे घूम रही बत्तखों या दूसरे पक्षियों को कुछ खिलाना सख्त मना है। लोग सरकार के निर्देशों का पूरी तरह से पालन करते हैं। हम तो अक्सर खाने का सामान घर से ही ले जाते थे क्योंकि शाकाहारी सामान खाना हमारी मजबूरी थी व बाहर हम चाय काफी व कोल्डड्रिंक ही खरीद सकते थे। समुद्र तट पर तैरने के लिए लोगों को नावें किराए पर मिल जाती है इनके साथ ही प्रशिक्षण देने वाले तैराक भी मौजूद रहते हैं। वहां मछली पकडने पर सख्त पाबंदी है। आस पास काटे गए विशाल पेड़ों को काटकर बैठने के लिए धरती पर बिछा दिया गया है कहीं धूल नहीं उड़ती न ही समुद्र के किनारे पर रेत नजर आती है। वहां की मिट्टी हमारे देश



जैसी होती है। तमाम खाली जगहों को लकड़ी पाटों से ढक दिया जाता है ताकि पैदल चलने में कोई दिक्कत न हो न कहीं भी मिट्टी गीली होने के कारण लोगों के पैर गंदे हों। पार्किंग से लेकर समुद्र तट तक साफ सुथरे पक्के रास्ते बने हुए हैं।

वहां हर मुहल्ले व हर स्कूल में खेलने के लिए लंबे चौड़े मैदान है। ज्यादातर आम परिवारों के बच्चे सरकारी स्कूल में ही पढ़ते हैं। बच्चा जिस इलाके में रह रहा है उसे उस इलाके के स्कूल में दाखिला देना ही पड़ता है। बच्चों को ज्यादा होमवर्क नहीं मिलता है और न ही उनकी पढ़ाई होती है। आमतौर पर लोग 12 वीं से ज्यादा नहीं पड़ते हैं क्योंकि ग्रेजुएशन व इंजीनियरिंग या डाक्टरी की पढ़ाई बहुत मंहगी है। बारहवीं पास बच्चे को ऐसी नौकरी मिल जाती है ताकि वह मां-बाप से अलग रहकर भी अपना खर्च उठा सके।

ज्यादातर ज्यादा पढने-लिखने वाले विदेश जैसे भारत, पाकिस्तान, चीन आदि देशों से ही है। दूसरे शब्दों में कहा जाए कि वहां के बच्चे अपने दिमाग को ज्यादा कष्ट नहीं देते हैं क्योंकि न तो उन्हें नौकरी की चिंता होती है और न ही अपने स्वर्णिम भविष्य की। जब किसी सड़क की मरम्मत की जा रही है तो वहां झंडा दिखाकर ट्रैफिक को नियंत्रण करने वालों को भी घंटे के हिसाब से मोटी मजदूरी दी जाती है क्योकि सरकार का मानना है कि वह सड़क पर खड़ा होने के कारण वह अपनी जिंद्गी को खतरे में डाल रहा है।

किसी बच्चे को भविष्य में क्या बनना है, यह तय करने में उनके शिक्षक विशेष मदद देते हैं। यही वजह है कि हमने उच्च शिक्षा हासिल करके डाक्टर, वैज्ञानिक या इंजीनियर बनने वाले लोगों में कनाडा के लोगों का नाम नहीं देखा। वे लोग घर से दूर रहना पसंद नहीं करते हैं। यही वजह है कि वहां ज्यादातर बड़ी ट्रकों व ट्रालर के ड्राइवर भारतीय या पाकिस्तान के लोग हैं जो बहुत मोटी कमाई कर रहे हैं। भारतीय परिवारों का लगभग हर सदस्य नौकरी करता है व एक घर में साथ-साथ रहने के कारण उनके खर्चे भी कम हैं। इसलिए वे लोग जल्दी मकान बना लेते हैं। ज्यादातर मकान अंग्रेजों से ही खरीदे जाते हैं इसलिए मूल निवासियों के मन में उनसे ईर्ष्या होना स्वाभाविक है। चूंकि वहां बेरोजगारी व बुढ़ापे की चिकित्सा की चिंताा नहीं है इसलिए हमारी तरह वे लोग ज्यादा बचत करने की बजाए खाओ पियो और मौज करने में विश्वास रखते हैं। न तो वे अपने मां-बाप का खर्च उठाते हैं और न ही दवाई दारु की चिंता करते हैं। वहां आम लोग राजनीति में दिलचस्पी नहीं लेते हैं। शायद यही वजह है कि वहां पिछले लोकसभा चुनाव में बड़ी तादाद में भारतीय जीते। पिछली बार उनका रक्षा मंत्री भी एक भारतीय था।

आमतौर पर लोग राजनीति की बातें करना पसंद नहीं करते हैं। उन्हें लगता है कि आम जिंद्गी में नेताओं से जान पहचान रखने की कोई जरुरत नहीं है। बच्चे के दाखिल से लेकर उसे नौकरी करने तक वहां किसी की सिफारिश की जरुरत नहीं पड़ती है। भ्रष्टाचार लगभग नहीं है। रिश्वत का मानो नामो निशान ही नहीं है। अगर किसी इलाके में किसी मकान को गिरा कर वहां बहुमंजिला इमारत बननी हो तो उसका बाकायदा विज्ञापन देकर व उस स्थान पर नोटिस बोर्ड लगाकर आस पास के लोगों को इस बारे में सूचना देते हुए उनसे पूछा जाता है कि वहां भवन बनाने के लिए इजाजत देने में उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। जैसे बहुमंजिला इमारत बनने के कारण उन घर में आने वाली धूप व सड़क का यातायात तो प्रभावित नहीं होगा। उनके द्वारा आपत्ति न जताने के बाद ही निर्माण की इजाजत दी जाती है व हर स्तर पर निर्माण की जांच पड़ताल करके यह सुनिश्चित किया जाता है कि कहीं नियम कानूनों की अवहेलना तो नहीं की जा रही है। जैसे हाल ही में नोएडा में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद बहुचर्चित इमारतें गिरायी गई थी। वैसा करने की नौबत नहीं आती है। वहां की सरकारें यह देखती है कि उनके किसी कदम से आम नागरिकों को कोई दिक्कत तो नहीं होती है। वहां भवन निर्माण में बिल्डरों की नहीं बल्कि आम नागरिक की दिक्कतों को देखा जाता है।

## शी की सत्ता पर मुहर

विश्लेषकों का कहना है कि सीपीसी में शी का अब लगभग वह दर्जा हो गया है, जो कभी माओ जेदुंग को प्राप्त था। 20वीं कांग्रेस ने मोटे तौर पर शी जिनपिंग की नीतियों और विचारों पर मुहर लगा दी है।

चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) की 20वीं कांग्रेस (महाधिवेशन) सार यह रहा कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग अब व्यक्ति और विचार के रूप में पार्टी के निर्विवाद नेता मान लिए गए हैं। बल्कि कुछ विश्लेषकों का तो यह कहना है कि सीपीसी में शी का अब लगभग वह दर्जा हो गया है, जो कभी माओ जेदुंग को प्राप्त था।

हालांकि पार्टी पर शी के प्रभाव को लेकर पहले भी कोई शक नहीं था, लेकिन ऐसे तमाम संकेत हैं कि 20वीं कांग्रेस ने मोटे तौर पर शी जिनपिंग की नीतियों और विचारों पर मुहर लगा दी है।

अब सीपीसी ने शी के विचारों और लेखन को भी पार्टी ने आत्मसात कर लिया है। यानी शी की विचारधारा को, जिसे शी जिनपिंग थट के नाम से जाना जा रहा है- अब पार्टी की विचारधारा माना जाएगा। शी वैसे तो अपने इन विचारो को पहले से सामने रख रहे हैं, लेकिन कांग्रेस के उद्घाटन सत्र में उन्होंने इसकी फिर व्याख्या की थी। उन्होंने चीन के श्समाजवादी आधुनिकीकरण, साझा समृद्धि, पर्यावरणीय सभ्यता के निर्माण, और 2049 तक चीन को पूर्णतरू समृद्ध समाज बनाने के बारे में अपनी कार्ययोजना पेश की है।

# झाग ही तो छिपाना है!

जब सारी राजनीति झाग का इलाज करने के बजाय झाग छिपाने या झाग में भी सकारात्मक पहलू ढूंढने की हो रही हो- और यह कामयाब भी हो- तो फिर यमुना में झाग के कारणों के इलाज की क्या जरूरत है!

छठ पूजा के मौके पर दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार ने यमुना में झाग छिपाने के लिए सिलिकन डिफर्मर नाम के केमिकल का छिड़काव करवा दिया। इस क्रम में दिल्ली से ही भाजपा के सांसद प्रवेश वर्मा ने दिल्ली के एक अधिकारी से जैसे लहजे में बात की और बाद में भाजपा और आप समर्थकों के बीच जैसी तू तू-मैं मैं हुई, उसे यह समझ कर नजरअंदाज किया जा सकता है कि आज के भारत में आम संवाद का यही लहजा है। यह नया भारत सिविलिटी यानी सभ्य आचरण की बलि चढ़ाते हुए ही बनाया जा रहा है, जिसे इस मुकाम तक पहुंचाने में इन दोनों पार्टियों का विशेष योगदान रहा है। बहरहाल, इस बात को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि झाग छिपाने के लिए जिस केमिकल को यमुना में डाला गया, उसका (जैसाकि डक्टरों और विशेषज्ञों ने कहा है) मानव त्वचा पर क्या प्रभाव होगा, इस बारे में कोई अध्ययन नहीं हुआ है। मगर उनका अनुमान है कि देर तक इसके संपर्क में रहने का बहुत खराब असर हो सकता है।

दरअसल, इस केमिकल को पानी में डालने के लिए बनाया ही नहीं गया है। इसका इस्तेमाल कारपेट पर से झाग हटाने के लिए होता है। इसे यमुना में डालने का फैसला लेने से पहले अरविंद केजरीवाल सरकार ने किसी प्रतिष्ठित विशेषज्ञ से राय-मशविरा नहीं किया। उसे महसूस हुआ होगा कि छठ पूजा के दिन लोगों को झाग नजर आए, तो वाहवाही मिलेगी। बाकी अगर सचमुच यमुना से झाग हटानी हो, तो वह तो श्रमसाध्य प्रक्रिया है। आज के दौर में जब सारी राजनीति झाग का इलाज करने के बजाय झाग छिपाने या झाग में भी सकारात्मक पहलू ढूंढने की हो रही हो- और यह कामयाब भी हो- तो फिर यमुना में झाग के कारणों का इलाज करने की क्या जरूरत है! असल बात वाहवाही लूटना है। ऐसे में लोगों की सेहत की चिंता क्यों की जाए? इस तरह ये सारा प्रकरण एक रूपक के रूप में हमारे सामने है। सच को छिपाना, दुष्प्रचार से नैरेटिव बनाना, और सभ्य आचरण को तिलांजलि देना- आज की राजनीति में सफलता के सूत्र हैं। आमजन के हित की बलि चढना

**कारपेट पर से झाग हटाने के लिए होता है। इसे यमुना में डालने का फैसला लेने से पहले अरविंद केजरीवाल सरकार ने किसी प्रतिष्ठित विशेषज्ञ से राय-मशविरा नहीं किया। उसे महसूस हुआ होगा कि छठ पूजा के दिन लोगों को झाग नजर आए, तो वाहवाही मिलेगी। बाकी अगर सचमुच यमुना से झाग हटानी हो, तो वह तो श्रमसाध्य प्रक्रिया है। आज के दौर में जब सारी राजनीति झाग का इलाज करने के बजाय झाग छिपाने या झाग में भी सकारात्मक पहलू ढूंढने की हो रही हो- और यह कामयाब भी हो- तो फिर यमुना में झाग के कारणों का इलाज करने की क्या जरूरत है!**

# परदे के पीछे वाले अब सामने आएंगे!

कांग्रेस पार्टी में एक पूरा तंत्र है, जो परदे के पीटे से काम करता है। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा के लिए निजी सहायक के तौर पर या सोशल मीडिया एक्टिविस्ट के तौर पर काम करता है। नेताओं के एक ग्रुप है, जो कांग्रेस वार रूम में काम करता है। इनमें से कई नेताओं के मुख्यधारा की राजनीति में आने की चर्चा है। बताया जा रहा है कि राहुल और प्रियंका के साथ काम करने वाले कई नेता कांग्रेस के केंद्रीय संगठन में या अनुषंगी संगठनों में बड़ा पद हासिल कर सकते हैं। ऐसे लोगों में प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ काम करने वाले संदीप सिंह, राहुल गांधी के साथ काम करने वाले कनिष्क सिंह, सचिन राव और कौशल विद्यार्थी के नाम की चर्चा है। राहुल के साथ भारत जोड़ो यात्रा में समन्वय का काम देख रहे अलंकार सवाई के भी सक्रिय राजनीति में आने की चर्चा है। पिछले दिनों दो राज्यों के चुनाव को देखते हुए मीडिया प्रभारी पवन खेड़ा को भारत जोड़ो यात्रा से वापस दिल्ली बुलाया गया तो साथ में संदीप सिंह को भी बुलाया गया। वे भी मीडिया का काम देख रहे हैं। उनको स्थायी रूप से मीडिया टीम में जगह मिल सकती है। कांग्रेस के लिए बौद्धिक इनपुट देने का काम कर रहे गुरदीप सप्पल को बड़ी जिम्मेदारी मिलने की चर्चा है। वे राज्यसभा टेलीविजन के सीईओ रहे हैं और भाजपा की ओर से सोशल मीडिया में होने वाले झूठे सच्चे प्रचार का सबसे तार्किक और तथ्यात्मक तरीके से वे जवाब देते हैं। उनको मल्लिकार्जुन खडगे की टीम में शामिल किया जा सकता है। सोशल मीडिया में कांग्रेस के लिए सक्रिय कुछ और लोगों को टेलीविजन वक्ताओं या प्रवक्ताओं में शामिल किया जा सकता है।

# तुम्हारी रेवडियाँ और मेरा रेवड़ा

**वेद प्रताप वैदिक**

साढ़े चार लाख लोगों को मुफ्त मकान बांटते वक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो भाषण दिया, वह कई बुनियादी सवाल खड़े कर रहा है। उन्होंने कहा कि (राज्य) सरकारें जनता को जो मुफ्त की रेवडियाँ बांटती है, उससे देश के करदाताओं को बहुत कष्ट होता है। मोदी ने बताया कि उनके पास लोगों की ढेरों चिाि यां आती हैं। उनमें लिखा होता है कि हम अपने खून-पसीने की कमाई करके उसमें से टैक्स भरते हैं और नेता लोग वोटों के लालच में उन्हें मतदाताओं को रेवडियों की तरह बांट देते हैं।

रेवडियाँ कौन-कौनसी हैं। ये हैं- कंप्यूटर, साइकिलें, गैससिलेंडर, जेवर, बिजली, पानी, नाइयों को उस्तरे, धोबियों को प्रेस मशीनें, स्कूली बच्चों को भोजन, प्रेशर कुकर, टेलिविजन सेट, वाशिंग मशीन आदि-आदि! ये सब चीजें मतदाताओं को मुफ्त में देने का वादा इसलिए किया जाता है कि चुनाव के वक्त नेताओं को थोक वोट कबाडने होते हैं। यह काम सबसे पहले तमिलनाडु की मुख्यमंत्री जयललिता ने शुरु किया। उनकी देखादेखी लगभग सभी मुख्यमंत्रियों ने, चाहे वे किसी भी पार्टी के हों, रेवडियाँ लुटाने में एक-दूसरे को मात कर दिया।

अब हालत यह है कि लगभग हर प्रांत इन रेवडियों के चलते कर्जदार और भिखमंगा बन रहा है। वह केंद्र और बैंकों के कर्जों में डूब रहा है लेकिन वह अपनी हरकत से बाज नहीं आ रहा है। उन राज्यों की विधानसभा में बैठे उनके विरोधी परेशान हैं लेकिन वे भी बगलें झांक रहे हैं। उनकी बोलती बंद है। उन्हें भी वोटों के लालच ने गूंगा बना रखा है लेकिन मुझे खुशी है कि नरेंद्र मोदी और अमित शाह इस रेवड़ी संसति के खिलाफ खुलकर बोल रहे हैं लेकिन वे अपने आपको इससे ऊपर बता रहे हैं।

मोदी ने कल साढ़े चार लाख लोगों को मुफ्त मकान बाँटे। इसी तरह से करोड़ों लोगों को कोरोना-काल के नाम पर अब तक मुफ्त अनाज बांटा जा रहा है। इसे वह लोक-कल्याण का काम कहते हैं। इसे वे रेवडियाँ नहीं मानते। क्यों नहीं मानते? ये रेवड़ी ही नहीं हैं, मेरी राय में ये श्रेवड़ा हैं क्योंकि इन पर करदाताओं के करोड़ों नहीं, अरबों रु. खर्च किए गए हैं। मोदी का कहना है कि इस खर्च का मकसद वह नहीं है, जो राज्यों द्वारा बांटी गई रेवडियों का है? यदि नहीं है तो मोदी जरा यह बताएं कि इसका नाम श्प्रधानमंत्री आवास योजना क्यों रखा गया है?

प्रधानमंत्री क्या अपनी जेब से यह पैसा लगा रहे हैं? अन्य मुख्यमंत्रियों की तरह प्रधानमंत्री भी इस बंटरबाट का फायदा अपनी पार्टी के लिए पटा रहे हैं। जहां तक मुफ्त अनाज और मुफ्त मकान देने का सवाल है, क्या यह मतदाताओं को दी जानेवाली सबसे मोटी रिश्वत नहीं है? क्या यह करदाताओं पर कमरतोड़ हमला नहीं है? कोरोना-काल में मुफ्त अनाज की बात तो समझ में आती है लेकिन किसी आदमी को रोटी, कपड़ा और मकान के लिए सरकार या किसी अन्य पर निर्भर रहना पड़े तो उसमें और किसी पशु में क्या अंतर रह जाता है?

नेताओं को बस अपने वोटों की चिंता है, चाहे वोट देनेवाले मानव हों या पशु हों। नेताओं को यदि कुछ करना हो तो भारत की शिक्षा और चिकित्सा को मुफ्त करें। ये लोगों की ठगी के दो सबसे बड़े साधन बन गए हैं। आज तक देश में कोई सरकार ऐसी नहीं बनी है और 75 साल में कोई ऐसा नेता भारत में पैदा नहीं हुआ है, जो इन दो बुनियादी सुविधाओं को सर्वसुलभ बना दे। अभी तो रेवडियों ने सभी नेताओं और पार्टियों को एक ही थाली के चट्टे-बट्टे बना दिया है।

## पाकिस्तान में सेना के अभियान में 2 जवान व 4 आतंकी मारे गए

**इस्लामाबाद ,एजेंसी।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत में एक सैन्य अभियान के दौरान दो पाकिस्तानी सैनिक और चार आतंकवादी मारे गए। यह बयान सेना की तरफ से आया है। पाकिस्तानी सेना की मीडिया विंग इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने कहा कि प्रांत के कमान पास इलाके में आतंकियों के ठिकाने को खाली कराने के लिए अपरेशन चलाया गया।

इस दौरान आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलियां चलाईं, इसके परिणामस्वरूप सैन्यकर्मियों की मौत हो गई, आईएसपीआर के बयान में कहा गया है कि जवाबी कार्रवाई में चार आतंकवादी भी मारे गए।

आतंकवादियों के पास से विस्फोटक उपकरणों सहित भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। सेना ने कहा कि सुरक्षा बलों ने इलाके में अन्य आतंकवादियों को पकडने के लिए अभियान जारी रखा है।

## इजराइल व बहरीन ने आर्थिक संबंधों को मजबूत करने पर की चर्चा

**यरुशलम ,एजेंसी।** इजरायल के वित्त मंत्री एविगडोर लिबरमैन और बहरीन के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री जायद आर. अलजायानी ने दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। इजरायल के वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि बहरीन के मंत्री के साथ जेरूसलम में एक बैठक में लिबरमैन ने इस क्षेत्र में आर्थिक क्षमता पर प्रकाश डाला और इजरायल से खाड़ी में एक स्थलीय संबंध बनाने की संभावना के बारे में बात की।

अल्जायानी ने दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों के महत्व पर जोर दिया और दोनों पक्षों से द्विपक्षीय निवेश और व्यापार बढ़ाने का आग्रह किया। बहरीन के एक बड़े प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए, अल्जायानी वर्तमान में पांच दिवसीय व्यावसायिक मिशन पर इजराइल में हैं, इस दौरान उन्होंने इजराइली राष्ट्रपति इसाक हर्जोग और वित्त मंत्री ओर्ना बारबिवे के साथ बैठकें भी कीं।

## चेक गणराज्य में बाबिस ने की राष्ट्रपति चुनाव लडने की घोषणा

**प्राग ,एजेंसी।** चेक गणराज्य के पूर्व प्रधानमंत्री आंद्रेज बाबिस ने 2023 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए आधिकारिक रूप से अपनी दावेदारी पेश कर दी है। बाबिस ने जोर देकर कहा है कि चेक गणराज्य में मुद्रास्फीति सितंबर में चिंताजनक 18 प्रतिशत वार्षिक की दर पर पहुंच गई और नागरिकों की स्थिति दयनीय हो रही है।

चेक गणराज्य के सबसे धनी लोगों में से एक श्री बाबिस संसद के निचले सदन में सबसे बड़ी एकल पार्टी, एक्शन अफ डि सासोटिस्फ ाइड सिटीजन्स(एएनओ) के नेता हैं। उन पर कथित यूरोपीय संघ सब्सिडी धोखाधड़ी योजना को लेकर मुकदमा चल रहा है।

जांचकर्ताओं के मुताबिक श्री बाबिस ने एक सम्मेलन केंद्र बनाने हेतु सब्सिडी के लिए आवेदन किया था, जिसे स्टर्क्स नेस्ट कहा जाता था। इसे छोटे और मध्यम आकार के व्यवसायों के लिए निर्धारित किया जाना था।उल्लेखनीय है कि चेक गणराज्य के राष्ट्रपति को प्रत्यक्ष चुनाव में चुना जाता है और उनका कार्यकाल पांच साल का होता है। यहां कोई भी व्यक्ति राष्ट्रपति पद के लिए अधिक से अधिक लगातार दो बार जनादेश ही जीत सकता हैं। यहां के मौजूदा राष्ट्रपति मिलोस जमैन का दूसरा कार्यकाल मार्च की शुरुआत में समाप्त हो रहा है।

देश में राष्ट्रपति चुनाव का पहला दौर 13-14 जनवरी, 2023 को होगा, जबकि दूसरा दौर दो सप्ताह बाद हो सकता है।

# सीएम योगी आदित्यनाथ ने ग्रेटर नोएडा को दी 1670 करोड़ की सौगात, अब घरों में आएगा गंगा जल

**लखनऊ एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को ग्रेटर नोएडा को गंगाजल परियोजना समेत 1670 करोड़ रुपये की विभिन्न योजनाओं की सौगात दी। ग्रेटर नोएडा के नलेज पार्क-4 में सीएम योगी ने इन परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। 85 क्यूसेक की गंगाजल परियोजना की शुरुआत होने के बाद घरों में स्वच्छ पीने योग्य जल की आपूर्ति संभव होगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गौतमबुद्धनगर देश ही नहीं, विदेश में भी निवेश का सबसे अच्छा गंतव्य बन रहा है। पिछले साढ़े 5 वर्षों में यहां नई-नई चीजें आई हैं। मेट्रो यहां प्रारंभ हुई, एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट जेवर में बन रहा है, फिल्म सिटी यहां बनने जा रही है, मेडिकल डिवाइस पार्क बनने जा रहा है और भी कई योजनाएं जल्द यहां आने जा रही हैं। ये क्षेत्र लाखों नौजवानों के लिए रोजगार, लाखों परिवारों को स्वावलंबन की ओर अग्रसर करने की ओर बढ़ रहा है। निवेश के नए क्षेत्र यहां बन रहे हैं। पहले हम केवल आईटी और आईटीएमएस में निवेश देखते थे, लेकिन अब मल्टी मडल ट्रांसपोर्ट के हब के रूप मल्टी मडल लजिस्टक हब के रूप में भी ये क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ रहा है। इन्हीं में से कुछ योजनाओं का लोकार्पण हुआ है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अब तक लोग गंगा स्नान करने जाते थे, लेकिन अब गंगा मइया खुद लोगों के घर तक स्वच्छ जल देने आ गई हैं। 85 क्यूसेक गंगा जल यहां उपलब्ध होने जा रहा है। यहां पर 176 किमी. पाइपलाइन का नेटवर्क बिछाया गया है, 5 एकड़ में 19 रिजर्व वायर का निर्माण हुआ। इस पर 376 करोड़ रुपए की धनराशि व्यय हुई। 4 लाख लोग इसके माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कर पाएंगे। यहां पर 28 आवासीय सेक्टर में यह सुविधा उपलब्ध करा रहे हैं और मार्च 2023 तक 38 आवासीय सेक्टर तक विशुद्ध गंगाजल की आपूर्ति करने वाले हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकास में जो लोग बैरियर बनते थे, उन्होंने यहां भी कोताही नहीं छोड़ी थी। हमने पहले ही बोला था कि किसान को जो समस्या होगी हम बातचीत से निदान करेंगे। किसानों के साथ, युवाओं के साथ, यहां काम करने वाले मजदूरों के साथ हम संवाद करेंगे और जो माफिया प्रवृति के तत्व हैं, उनके साथ कठोरता से बर्ताव करेंगे। वर्षों से लंबित योजनाओं को लागू करने में इतने वर्ष इसलिए लगे कि कुछ लोग इसमें रोड़ा अटकाते थे। उन सभी रोड़ों को हटाते हुए 85 क्यूसेक शुद्ध गंगा जल आपको उपलब्ध हो रहा है। इस कार्य को हम एक समय सीमा में पूरा करेंगे।

सीएम योगी ने अपने संबोधन में कहा कि साढ़े 5 वर्ष पहले ये पूरा क्षेत्र मुख्यमंत्रियों के लिए अभिशप्त माना जाता था, ये पूरा क्षेत्र विकास की योजनाओं में गिद्ध दृष्टि लगाए हुए माफिया की चपेट में थे जो यहां किसानों का एक ओर शोषण करते थे तो दूसरी ओर उत्तर प्रदेश के नौजवानों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करते थे और अथरिटी से जुड़ी हुई धनराशि का दुरुपयोग करते थे। यहां की औद्योगिक इकाइयां यहां से पलायन कर रही थीं। पिछले साढ़े पांच वर्षों में गौतमबुद्धनगर की तस्वीर बदली है। इसमें जनप्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता, पुलिस और प्रशासन ने एक टीम के रूप में परिणाम देना प्रारंभ किया तो यहां उत्तर



भारत के पहला डाटा सेंटर का भी लोकार्पण हुआ। ये डिजिटल इंडिया के मूर्तरूप और उसकी आने वाली चुनौतियों के लिए एक नई शुरुआत है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने कुछ दिन पहले टेलीकम सेक्टर में 5जी का शुभारंभ किया। ये 5जी जिस स्पीड से इंटरनेट की सेवाएं प्रदान करेगा, ये जीवन की बदलती नई तस्वीर है, इसकी स्पीड के साथ हम चल सकें, आपकी प्राइवेसी सुरक्षित रह सके, यहां के डाटा को हम यहां के विकास के साथ जोड़ सकें, इस दृष्टि से यूपी और खासतौर पर गौतमबुद्धनगर डाटा सेंटर के एक नए हब के रूप में विकसित हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने पिछली सरकारों की खामियों को इंगित करते हुए कहा कि अगर पिछली सरकारें होतीं तो ये डाटा सेंटर यहां कभी नहीं लग पाता। ये कमजोरी अथरिटी की नहीं, पलिटिकल लीडरशिप की थी, जो स्वयं बेईमानी में डूबी हुई थी। यहां पर कोई भी सुरक्षित नहीं था, कार्य समयबद्ध ढंग से नहीं हो पाता था, आखिर अपनी पूंजी और स्वयं की सुरक्षा को दांव पर लगाते हुए कोई निवेशक कैसे आता। लेकिन अब तस्वीर बदल रही है।

ये न केवल गौतमबुद्धनगर के प्रत्येक नागरिक की बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश की तकदीर को बदलती हुई दिखाई दे रही है। ये बदलती हुई तकदीर आज हम सबके सामने नए भारत के नए उत्तर प्रदेश की तस्वीर को प्रस्तुत करती है, जिस पर हर प्रदेशवासी गौरव की अनुभूति कर रहा है।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कभी जेवर क्षेत्र अपराध के गढ़ के रूप में जाना जाता था। जुलाई 2017 में यहां वीभत्स कांड हुआ था, जिससे पूरी मानवता दहल उठी थी। तब मैंने कहा था कि इन माफियाओं, दुष्कर्मियों को सबक सिखाना होगा। हमने तब अपनी कार्रवाई प्रारंभ की थी। तब हमने अपनी इच्छाशक्ति से इनके खिलाफ लड़ना प्रारंभ किया था। कार्रवाई आगे बढ़ी और आज उत्तर प्रदेश से संगठित अपराध खत्म हुआ है। उत्तर प्रदेश से माफिया जो कभी प्रदेश की व्यवस्था के सरपरस्त हुआ करते थे, व्यवस्था का संचालन करते थे, उनके बगैर सत्ता का पत्ता नहीं हिलता था, आज वे जेलों में सड़ रहे हैं, गिड़गिड़ा रहे हैं। ये यहां के युवाओं के भविष्य पर ग्रहण लगाते थे, आज आपके आशीर्वाद से उत्तर प्रदेश के अंदर पीएम मोदी के आह्वान पर जो सरकार बनी है, वह इन पर ग्रहण लगाने का कार्य कर रही है।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज यहां ढेर सारी विकास की योजनाएं आई हैं। तीनों अथरिटी में एक स्वस्थ प्रतिस्पर्द्धा प्रारंभ हुई है। देश के अंदर वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर आपको कहीं जाकर देखना है तो नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना अथरिटी के पास आकर देख सकते हैं। आप प्रदेश के बाहर निकलेंगे तो उत्तर प्रदेश की साफ, चौड़ी और जगमगाती सड़कें आपको याद आएंगी। सभी लोग जब मिलकर एक दिशा में चलते हैं तो इसके परिणाम भी देखने को मिलते हैं।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ढेर सारे सीवेज ट्रीटमेंट का भी यहां लोकार्पण हो रहा है। इंटीग्रेटेड सिक्योरिटी एंड ट्रैफिक फाइनेंस का सिस्टम भी यहां लागू हो रहा है।

ट्रैफिक रूल का उल्लंघन करने वालों का आटोमैटिक चालान इसके माध्यम से कट जाएगा। बहुत जल्द इसे हम सेफ सिटी से भी जोड़ेंगे, ताकि हर बेटी-बहन अपने आपको सुरक्षित महसूस कर सके।

विद्युत की आपूर्ति अनवरत बनी रहे, इसके लिए विद्युत सबस्टेशन का लोकार्पण के साथ ही कई अंडरपास और सड़कों के चौड़ीकरण के साथ ही चिल्लन पार्क का लोकार्पण भी हो रहा है। यूपीसीडा के माध्यम से रेडीमेड गारमेंट के लिए फ्लैटेड फैक्ट्री का शुभारंभ किया गया है।

# टाइटैनिक से जुड़े तीन दशक पुराने रहस्य से उठा पर्दा, समंदर में मलबे के पास मिली अनोखी चीज



**न्यूयार्क, एजेंसी।** टाइटैनिक को डूबे 100 हो गए हैं। हालांकि उससे जड़े कई रहस्य अब तक सामने नहीं आए हैं। अब एक 26 साल पुराने रहस्य से पर्दा उठा है। गोताखोरों को टाइटैनिक के मलबे के पास ही एक इकोसिस्टम मिला है। पहले सोनार की मदद से इसका पता लगाया गया। लगभग 30 साल पहले एक जानेमाने टाइटनिक गोताखोर पीएच नारजियोलेट को जहाज के मलबे के पास किसी चीज के बारे में पता चला था। हालांकि स्पष्ट नहीं हो पाया था कि यह क्या चीज है।

वह इस बात को जानने की कोशिश करते रहे कि आखिर जो चीज उन्हें मिली है वह जहाज का ही कोई हिस्सा है या फिर कोई प्रातिक संरचना है। दो दशकों के अथक परिश्रम के बाद आखिर उन्हें पता चल ही गया कि वह चीज क्या है। 25 अक्टूबर को नारजियोलेट तैरकर वहां तक पहुंच गए। वहां एक ज्वालामुखी की चट्टान थी।

इस खोज में लगे संगठन ओसियनगेट एक्सपेडिशन्स ने उस इलाके का फुटेज भी जारी किया। वहां पर स्पन्ज, कोरल और समुद्री जीव थे। टाइटनिक के मलबे के पास ही पूरा इकोसिस्टम था। यहां बहुत सारे समुद्री जीव रहते हैं और ज्वालामुखी से बनी चट्टान भी लगभग 2900 मीटर की है। नारजियोलेट ने कहा कि उन्हें लगता नहीं था कि कभी इस चीज के बारे में जान पाएंगे। वह यही सोचते थे कि यह भी टाइटैनिक का ही कोई हिस्सा है।

उन्होंने कहा, सोनार से पता लगने का बाद से ही हम उस चीज के बारे में जानना चाहते थे। यह एक बहुत अच्छी खोज है। जहाज तो अब समुद्र की गहराई में है। कनाडा के न्यूफाउंडलैंड से इसकी दूरी करीब 400 नटिकल माइल है। 15 अप्रैल 1912 को टाइटैनिक डूबा था। ओसियनगेट के चीफ साइंटिस्ट ने कहा कि इस चट्टान के बारे में पता चलने के बाद समुद्री जीवन के बारे में खोज को आगे बढ़ाया जा सकेगा।

## जलाशयों में दिखाई दे रही प्रवासी पक्षियों की अटखेलियाँ

**उदयपुर ,एजेंसी ।** सर्दियों की दस्तक के साथ ही राजस्थान में मेवाड़ के जलाशयों में प्रवासी पक्षियों का आना प्रारंभ हो गया है। वागड़ नेचर क्लब के सदस्यों की बर्डवाचिंग के दौरान कई प्रवासी परिंदों के जलाशयों में पहुंचने की पुष्टि हुई है।

क्लब के पक्षीविद विनय दवे के नेतृत्व में बर्ड वचिंग के लिए निकले बर्ड एक्सपर्ट विधान द्विवेदी एवं भानुप्रताप सिंह, उभरते वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर जय शर्मा ने बर्ड विलेज मेनार, रुंडेडा, जोरजी का खेड़ा का दौरा किया और यहां पर पक्षियों की उपस्थिति के संबंध में डेटा संकलित किया।पक्षीविद विनय दवे ने बताया कि बर्ड वचिंग दौरान मेनार में लगभग एक दर्जन प्रवासी पक्षियों की उपस्थिति दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि मेनार जलाशय में प्रवासी पक्षी नदर्न शवलर, यूरेशियन विजन, कमन पोचार्ड, कमन टील, ट्फ्टेड पोचार्ड, मार्श हेरियर,फेरो जीनियस पोचार्ड, सिट्रीन वेगटैल, ग्रे वेगटैल सहित अन्य प्रवासी पक्षियों को जलक्रीड़ा करते देखा गया।

# केंद्र का बड़ा फैसला, पाक समेत 3 देशों से आए अल्पसंख्यकों को मिलेगी राज्य में नागरिकता

**नई दिल्ली ,एजेंसी ।** गुजरात विधानसभा चुनाव से ठीक पहले केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। केंद्र ने पाकिस्तान, अफगानिस्तान व बांग्लादेश से आने वाले और फिलहाल गुजरात के 2 जिलों में रह रहे हिंदुओं, सिखों, बौद्ध, जैनियों, पारसियों और ईसाइयों को भारतीय नागरिकता देने का फैसला किया है। यह फैसला नागरिकता कानून, 1955 के तहत लागू किया जाएगा। विवादास्पद नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019 (सीएए) के बजाय नागरिकता अधिनियम, 1955 के तहत नागरिकता देना काफी अहम है।

मालूम हो कि सीएए अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से आने वाले हिंदुओं, सिखों, बौद्ध, जैनियों, पारसियों और ईसाइयों को भारतीय नागरिकता देने का प्रावधान करता है। चूंकि अधिनियम के तहत नियम अब तक सरकार की ओर से नहीं बनाए गए हैं, इसलिए इसके तहत अब तक किसी को भी नागरिकता नहीं दी जा सकी है।

केंद्रीय गृह मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार, गुजरात के आणंद और मेहसाणा जिलों में रहने वाले हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई को भारत के नागरिक के रूप में रजिस्ट्रेशन की इजाजत दी जाएगी या फिर उन्हें देश के नागरिक होने का सर्टिफिकेट दिया जाएगा। यह नागरिकता अधिनियम, 1955 की धारा 6 और नागरिकता नियम, 2009 के प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा।

बता दें कि आणंद और मेहसाणा में रहने वाले ऐसे लोगों को अनलाइन आवेदन करना होगा। जिला स्तर पर कलेक्टर की ओर से इसका वेरिफिकेशन किया जाएगा।

## मध्यप्रदेश के महाकौशल अंचल में भूकंप के झटके

**जबलपुर ,एजेंसी ।** मध्यप्रदेश के महाकौशल अंचल में आज सुबह भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए, हालाकि इसकी वजह से किसी प्रकार के जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4॰ 3 दर्ज की गयी। मौसम विभाग के अनुसार सुबह आठ बजकर 43 मिनट पर कुछ सैकंड के लिए भूकंप के झटके दर्ज किए गए। इसका अभिकेंद्र डिंडोरी जिले में बताया गया है। भूकंप के झटके डिंडोरी के अलावा जबलपुर, मंडला और आसपास के जिलों में भी महसूस हुए। संबंधित जिलों में प्रशासन ने ऐहतियातन आवश्यक कदम उठाए हैं।जबलपुर में दो दशक पहले काफी तीव्रता वाला भूकंप आया था, जिसकी वजह से कई लोगों की जान गयी थी ।

# सनकी पिता की हैवानियत, धारदार हथियार से गला काटकर दो बच्चियों को उतारा मौत के घाट

**रांची ,एजेंसी ।** पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) जिले के कराईकेला थाना अंतर्गत परसाबेड़ा गांव में एक सनकी व्यक्ति ने अपनी दो बच्चियों की धारदार हथियार से गला काट कर हत्या कर दी। वारदात बीती देर रात की है। पुलिस ने मंगलवार सुबह गांव पहुंचकर दोनों बच्चियों के शव बरामद किये हैं। हत्या के आरोपी बुधन सिंह बोदरा को गिरफ्तार कर लिया गया है। चक्रधरपुर के एएसपी कपिल चौधरी ने बताया कि गांव वालों से पूछताछ में जानकारी मिली है कि हत्या का आरोपी मानसिक रूप से विक्षिप्त है।

बताया गया कि बीती देर शाम बुधन सिंह बोदरा कहीं बाहर से लौटने के बाद अपने घर में बड़बड़ाते हुए चापड़ की धार तेज करने लगा। यह देख उसकी पत्नी डर गई। उसने अनहोनी की आशंका देखते हुए घर से बाहर निकल शोर मचाते हुए मदद के लिए गांव वालों को पुकारा। जब गांव के लोग पहुंचे तो बुधन सिंह ने घर का दरवाजा बंद कर रखा था। काफी कोशिश के बाद भी जब उसने दरवाजा नहीं खोला तो कुछ लोगों ने घर की खपरैल छत पर चढ़कर खपड़ा हटाकर देखा तो चारों तरफ खून फैला हुआ था।

### भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुईं रोहित वेमुला की मां

# मन को नई शक्ति मिलीः राहुल

हैदराबाद, एजेंसी। राहुल गांधी ने अपनी भारत जोड़ो यात्रा के 55वें दिन मंगलवार को हैदराबाद में प्रवेश किया। राहुल के साथ इस मार्च में शामिल होने वालों में हैदराबाद विश्वविद्यालय के दलित छात्र रोहित वेमुला की मां राधिका भी शामिल थीं। वेमुला की आत्महत्या के बाद 2016 में खूब विरोध प्रदर्शन हुए थे। विरोध प्रदर्शन के दौरान राहुल गांधी ने खुद हैदराबाद कैंपस का दौरा किया था। अब अपनी भारत जोड़ो यात्रा में रोहित वेमुला की मां के साथ मुलाकात के बाद राहुल ने उनकी तस्वीरें शेयर की हैं।

राहुल गांधी ने कथित उत्पीड़न के बाद 2016 में आत्महत्या करने वाले दलित छात्र रोहित वेमुला को सामाजिक भेदभाव और अन्याय के खिलाफ अपने संघर्ष का प्रतीक बताया। राधिका यात्रा के प्रातःकालीन चरण में गांधी के साथ कुछ समय के लिए चलीं। राधिका वेमुला ने ट्वीट किया, ''भारत जोड़ो यात्रा के प्रति एकजुटता दिखाई। राहुल गांधी के साथ चली और कांग्रेस से संविधान को भाजपा-आरएसएस (भारतीय जनता पार्टी-राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) के हमले से बचाने, रोहित वेमुला को न्याय दिलाने, रोहित अधिनियम पारित कराने, उच्च न्यायपालिका में दलितों का प्रतिनिधित्व बढ़ाने, सभी के लिए शिक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया।''

राहुल गांधी ने वेमुला की मां के साथ मुलाकात के बाद ट्वीट किया, '' रोहित वेमुला सामाजिक भेदभाव और अन्याय के विरुद्ध मेरे संघर्ष का प्रतीक है और रहेगा।'' उन्होंने कहा, ''रोहित की माताजी से मिलकर यात्रा के लक्ष्य की ओर बढ़ रहे कदमों को नया साहस और मन को नई शक्ति मिली।'' कांग्रेस ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर और पार्टी के कई नेताओं ने अपने



ट्विटर खातों पर 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान राधिका वेमुला के गांधी के साथ चलने की तस्वीरें साझा कीं। रोहित (26) की 17 जनवरी, 2016 को मौत हो गई थी। इस घटना ने उच्च शिक्षा संस्थानों में जातिवाद के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन टेड़ दिया था।

# कर्नाटक ने एससी और एसटी के लिए बढ़ा हुआ आरक्षण किया लागू

**बेंगलुरु ,एजेंसी ।** कर्नाटक सरकार ने मंगलवार से कन्नड़ राज्योत्सव दिवस के अवसर पर अनुसूचित जातियों के लिए 17 फीसदी और अनुसूचित जनजातियों के लिए 7 फीसदी बढ़ा हुआ आरक्षण लागू करने का निर्देश देते हुए एक अधिसूचना जारी की है। हालांकि नौकरशाहों ने कहा है कि कार्यान्वयन के लिए जारी अधिसूचना पर कोई स्पष्टता नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि पहले अस्पष्टताओं को दूर करने की जरूरत है।

अधिसूचना में कहा गया है कि आरक्षण बढ़ाने के संबंध में उनके निर्देशों को 1 नवंबर से लागू किया जाना चाहिए। वरिष्ठ नौकरशाहों ने कहा कि बढ़े हुए आरक्षण को लागू करने के बाद, राज्य में कुल आरक्षण बढ़कर 56 प्रतिशत हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि रोस्टर्स पर फिर से काम करना होगा और कानूनी प्रावधानों के तहत भी आरक्षण में वृद्धि को लागू करना आसान नहीं है।

समाज कल्याण विभाग ने अधिसूचना जारी कर राज्य सरकार द्वारा अध्यादेश को लागू करने के निर्देश दिए हैं।

अधिसूचना सभी विभागों, विश्वविद्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, निगमों, बोर्ड्स, आयोगों, सरकारी उपक्रमों, कर्नाटक लोक सेवा आयोग (केपीएससी) के सचिव और कर्नाटक परीक्षा प्राधिकरण (के-ईए) के सीईओ को दी गई थी।सत्तारूढ़ भाजपा सरकार द्वारा घोषित अध्यादेश के अनुसार, बढ़ा हुआ आरक्षण सरकार द्वारा संचालित शिक्षण संस्थानों, सहायता प्राप्त स्कूलों और कलेजों पर भी लागू होगा और छात्रों के प्रवेश पर भी लागू होगा।

आदेश को कर्नाटक सहकारी समिति अधिनियम और सभी सरकारी उपक्रमों के तहत पंजीत कंपनियों और सार्वजनिक संस्थानों में लागू करना होगा।

कर्नाटक में एससी और एसटी के लिए आरक्षण बढ़ाने के मुद्दे ने राजनीतिक मोड़ ले लिया है। एससी और एसटी के लिए आरक्षण बढ़ाने का फैसला लेने पर विपक्षी कांग्रेस और सत्तारूढ़ भाजपा दावा करती रही है।

## नाबालिग से बलात्कार के आरोप में शिक्षक व तांत्रिक गिरफ्तार

**कोलकाता ,एजेंसी ।** पश्चिम बंगाल के बांकुरा जिले में एक नाबालिग लड़की से बलात्कार के आरोप में एक शिक्षक और एक तांत्रिक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, शादी न होने पाने के कारण आरोपी शिक्षक साबुज डे, तांत्रिक गुरुपद माजी के संपर्क में आया था। माजी ने तब डे को सुझाव दिया कि विवाह तभी संभव होगा जब वह ऐसे अनुष्ठान कराए, जिसमें एक नाबालिग लड़की शामिल हो।

# मोरबी पुल हादसा :गुजरात के मुख्यमंत्री को पद पर बने रहने का अधिकार नहीं : केजरीवाल

**कोलकाता ,एजेंसी ।** आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को कहा कि मोरबी पुल गिरने के बाद भूपेंद्र पटेल को गुजरात के मुख्यमंत्री पद पर बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।

एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा, गुजरात में मोरबी पुल का पतन बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का परिणाम था। इस घटना में अपनी जान गंवाने वालों के लिए संवेदना, मुख्यमंत्री के पास पद पर बने रहने का कोई नैतिक आधार नहीं है।सीमए केजरीवाल ने कहा, यह बड़े भ्रष्टाचार का मामला है और इसे दबाने के प्रयास किए जा रहा है। एक घड़ी कंपनी को पुल की मरम्मत करने का ठेका बिना किसी निविदा के दिया गया। प्राथमिकी में न तो कंपनी का नाम न ही मालिक का नाम है।

# कोहली के कमरे में घुसपैठ पर होटल ने माफी मांगी



पर्थ ,आईसीसी टी20 विश्व कप में यहां भारतीय टीम की मेज़बानी करने वाले होटल 'क्राउन पर्थ' ने विराट कोहली के कमरे में घुसपैठ की घटना पर माफी मांगते हुए कहा कि इस कृत्य में शामिल लोगों को नौकरी से हटा दिया है।होटल ने बयान जारी कर कहा, हम अतिथि (कोहली) से माफी मांगते हैं और यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठायेंगे ताकि ऐसी घटना की पुनरावृति न हो।

बयान में यह भी कहा गया, यह व्यवहार बिल्कुल सहनीय नहीं है और यह हमारे टीम के सदस्यों और ठेकेदारों के लिए निर्धारित मानकों पर खरा नहीं उतरता है। क्राउन ने इस मुद्दे को सुधारने के लिए तत्काल कदम उठाए हैं। इसमें शामिल व्यक्तियों को क्राउन से हटा दिया गया है। क्राउन तीसरे पक्ष के ठेकेदार के साथ एक जांच कर रहा था और यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाएगा कि इस प्रकार की घटना फिर से न हो।कोहली इस समय भारतीय टीम के साथ एडिलेड पहुंच चुके हैं, जहां भारत का सामना बंगलादेश से बुधवार को होगा। कोहली ने अपने कमरे में कथित घुसपैठ की वीडियो साझा करते हुए कहा था कि यह बहुत ही खौफनाक है।कोहली ने इंस्टाग्राम पर वीडियो साझा करते हुए कहा, मैं समझता हूं कि प्रशंसक अपने पसंदीदा खिलाड़ियों को देखकर बेहद खुश और उत्साहित हो जाते हैं। मैंने हमेशा इसकी सराहना की है, लेकिन यह वीडियो बहुत ही खौफनाक है और इसने मुझे डरा दिया है। अगर मुझे अपने होटल के कमरे में भी निजता नहीं मिलेगी, तो मैं कहां इसकी उम्मीद कर सकता हूं। मैं इस तरह के पागलपन और निजता के उल्लंघन का बिल्कुल समर्थन नहीं करता।

भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सुपर–12 मुकाबले के लिये यहां क्राउन पर्थ होटल में ठहरी थी। जब यह वीडियो इंस्टाग्राम पर पोस्ट की गई तब टीम एडिलेड के लिये रवाना हो चुकी थी। वीडियो में देखा जा सकता है कि एक व्यक्ति कोहली के कमरे में घूम–घूम कर उनके सामान को दिखा रहा है और वीडियो पर 'होटल में किंग कोहली का कमरा' लिखा हुआ है।

ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने कोहली की वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, यह हास्यास्पद और एकदम अस्वीकार्य है। कोहली की पत्नी अनुष्का शर्मा ने भी इस घटना पर नाराजगी जताते हुए कहा कि यह अब तक का उनका सबसे खराब अनुभव है।

अनुष्का ने कहा, कुछ ऐसी घटनाओं का अनुभव किया है जहां कुछ प्रशंसकों ने अतीत में भी इस तरह की हरकतें की हैं, लेकिन यह वास्तव में अशोभनीय घटना है। यह एक इंसान की निजता का उल्लंघन है।

## शंकर, सात्विक–चिराग के लिये बीएआई ने इनाम की घोषणा की

नयी दिल्ली , भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने विश्व जूनियर चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाली शंकर मुथुसामी और फ्रेंच ओपन 750 टूर्नामेंट में स्वर्ण जीतने वाली सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी एवं चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी को पांच–पांच रुपये की पुरस्कार राशि देने की घोषणा सोमवार को की। बीएआई के अध्यक्ष हिमंत बिस्वा सर्मा ने पुरस्कार की घोषणा करते हुए कहा, यह हम सभी के लिए गर्व का क्षण है कि हमारे जूनियर और सीनियर शटलर शीर्ष श्रेणी के खिलाडियों को हराकर पोडियम फिनिश सुनिश्चित करते हुए देश का गौरव बढ़ा रहे हैं। सात्विक और चिराग की पुरुष युगल जोड़ी चीनी ताइपे के लू चिंग याओ और यांग पो हान को हराकर फ्रेंच ओपन खिताब जीतने वाली पहली भारतीय युगल जोड़ी बन गई। उन्होंने चर्टरफाइनल में विश्व की नंबर एक जोड़ी, जापान के ताकुरो होकी और यूगो कोबायाशी को भी हराया था। पेरिस में ऐतिहासिक स्वर्ण जीतने के लिये इस जोड़ी को पांच लाख रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा।

दूसरी ओर, पूर्व जूनियर विश्व नंबर एक शंकर मुथुसामी ने चीनी ताइपे के कुओ कुआन लिन के खिलाफ फाइनल में हारकर चांदी का तमगा हासिल किया। वह विश्व जूनियर चैंपियनशिप में पुरुष युगल रजत जीतने वाले केवल दूसरे भारतीय हैं।

बीएआई के सचिव संजय मिश्रा ने कहा, पिछले एक हफ्ते में लडक़ों ने निडर बैडमिंटन खेला है और हम इस तरह के वैश्विक आयोजनों में भारत को शीर्ष देशों में शामिल देखकर वास्तव में खुश हैं। यह युवा पीढ़ी के लिए भी एक बड़ी प्रेरणा होगी।

# सूर्यकुमार की खामी ढूंढना बेहद मुश्किल : फ्लेमिंग



पर्थ , न्यूज़ीलैंड के पूर्व कप्तान स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा है कि टी20 विश्व कप में सूर्यकुमार यादव का खेल उस स्तर पर है जहां उनकी खामियां ढूंढना बेहद मुश्किल है।

सूर्यकुमार यादव ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 विश्व कप 2022 का अपना दूसरा अर्द्धशतक जड़ा। भारतीय टीम के अन्य बल्लेबाज जहां पर्थ की उछाल भरी पिच पर सिर्फ 57 रन जोड़ सके, वहीं सूर्यकुमार ने 40 गेंदों पर 68 रन की अर्द्धशतकीय पारी खेली।

फ्लेमिंग ने ईसपीएन क्रिकइन्फो के कार्यक्रम टी20 टाइमआउट पर रविवार को कहा, सूर्यकुमार की सोच सकारात्मक है। वह विकेट पर बहुत ही आक्रमक रूप से खड़े होते हैं जो उन्हें बहुत सारे असामान्य शॉट खेलने की आजादी देता है। अगर गेंदबाज आगे टप्पा देते हैं तो वह कवर के ऊपर से मार सकते हैं। अगर वे छोटी गेंद फेंकते हैं तो वह थर्ड मैन की ओर खेल सकते हैं। सूर्यकुमार सामने के क्षेत्र में भी मजबूत हैं। उन्होंने एक ऐसी तकनीक अपनाई है जिसमें कमजोरी ढूंढना बहुत मुश्किल है।

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने कहा कि उन्होंने सूर्यकुमार को इतने वृहद शॉट होने के बावजूद कभी घबराते हुए या जल्दबाजी में नहीं देखा।

डु प्लेसिस ने कहा, उनका कौशल इतना अच्छा है कि एक गेंदबाज के रूप में आपको ऐसा नहीं लगता कि आप उन्हें कुछ क्षेत्रों में बांध सकते हैं। उनके पास कई तरह के शॉट हैं, जिससे वह मैदान के हर हिस्से में रन बना सकते हैं। मेरे लिये जो चीज सबसे खास है, वह है उनका संयम। एक ऐसा व्यक्ति जिसके पास इतने सारे शॉट हैं, मैंने उन्हें कभी भी उत्तेजित या जल्दबाजी में नहीं देखा। वह खेलते समय बहुत शांत रहते हैं।

## पीकेएल : सचिन के शानदार प्रदर्शन ने पटना पाइरेट्स को गुजरात जायंट्स के खिलाफ दिलाई बड़ी जीत

पुणे ,पटना पाइरेट्स ने श्री शिवछत्रपति स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, बालेवाड़ी में विवो प्रो कबड्डी लीग सीजन 9 में गुजरात जायंट्स को 34–28 से हराने के लिए बेहतरी प्रदर्शन किया। मैच में 13 अंकों के साथ सचिन पटना की ओर से सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में उभरे। पटना पाइरेट्स ने 6वें मिनट में 4–2 से बढ़त बना ली और सचिन ने कुछ रेड पॉइंट हासिल किए। इसके तुरंत बाद, पटना की ओर से 10वें मिनट में 10–5 पर भारी बढ़त लेने के लिए ऑल आउट किया। हालांकि, क्षण भर बाद, प्रतीक दाहिया ने एक सुपर रेड निकाला और जायंट्स को खेल में बनाए रखा। लेकिन, रोहित रेड अंक बटोरते रहे क्योंकि पाइरेट्स ने मैच में 15–9 से मजबूत बढ़त बनाई।



इसके बाद, सचिन ने 16वें मिनट में मल्टी–पॉइंट रेड करके पटना को अपनी बढ़त बढ़ाने में मदद की। पाइरेट्स ने प्रदर्शन जारी रखा और हाफ–टाइम से ठीक पहले 21–13 से बढ़त बनाने के लिए एक और ऑल आउट कर दिया।दूसरे हाफ में गुलिया ने शानदार फॉर्म दिखाना जारी रखा क्योंकि पटना की टीम ने 23–15 से मैच में अपना दबदबा बनाया। कैप्टन नीरज कुमार के नेतृत्व में पाइरेट्स की डिफेंसिव इकाई ने अपने रेडरों का समर्थन किया और अपनी टीम को आगे बढऩे में मदद की। गुजरात के राकेश ने कुछ शानदार रेड की, लेकिन वह अपनी टीम को पटना से आगे बढ़ाने में मदद नहीं कर सके। जायंट्स ने 38वें मिनट में पाइरेट्स को मैट पर तीन सदस्यों तक सीमित कर दिया, लेकिन सचिन ने अपनी टीम को बढ़त बनाए रखने में मदद करने के लिए शानदार रेड की। पटना की टीम ने आखिरी मिनट में सावधानी से कदम रखा और अंततः एक बड़ी जीत दर्ज की।

## बंगलादेश दौरे के लिये टीम में वापस आए जडेजा

मुंबई ,ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने दिसंबर में बंगलादेश दौरे के लिए भारत की टेस्ट और एकदिवसीय टीम में वापसी की है। बीसीसीआई ने यह जानकारी दी। जडेजा को एशिया कप के दौरान घुटने में चोट आई थी। वह घुटने की सर्जरी के बाद रिहैब से गुजर रहे हैं, जिसकी वजह से उन्हें टी20 विश्व कप टीम में शामिल नहीं किया गया। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी पीठ की चोट के कारण टी20 विश्व कप से बाहर रहे, हालांकि उन्हें बंगलादेश दौरे के लिये टीम में शामिल नहीं किया गया है।

हनुमा विहारी को दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए टीम से बाहर कर दिया गया है जबकि श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से बाहर हुए अजिंक्या रहाणे अब भी टीम में वापस नहीं आए हैं।

# एएफसी के अध्यक्ष शेख सलमान ने कहा, हम भारत पर केंद्रित करना चाहते हैं ध्यान

मुंबई , एएफसी के अध्यक्ष शेख सलमान बिन इब्राहिम अल खलीफा ने कहा कि फीफा और एएफसी हाल ही में समाप्त हुए फीफा अंडर–17 महिला विश्व कप जैसे प्रमुख टूर्नामेंटों के मेजबान के रूप में भारत की सफलता से खुश हैं, और एक बढ़ते फुटबॉल स्थान के रूप में देश पर अधिक ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं। विश्व कप की मेजबानी तीन शहरों भुवनेश्वर, गोवा और नवी मुंबई में की गई है जिसमें एएफसी अध्यक्ष रविवार को नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में कोलंबिया और स्पेन के बीच फाइनल मैच के दौरान मौजूद थे।शेख सलमान शुक्रवार शाम को एएफसी के महासचिव दातुक विंडसर जॉन, उप महासचिव वाहिद कार्दनी के साथ मुंबई पहुंचे और एआ-ईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे, महासचिव डॉ शाजी प्रभाकरन, कोषाध्यक्ष किपा अजय और कार्यकारी और एआईएफएफ तकनीकी समिति के सदस्यों से मुलाकात की।एएफसी अध्यक्ष ने कहा, फीफा और एएफसी भविष्य में और अधिक आयोजनों की मेजबानी के लिए भारत पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं। पिछले कुछ वर्षों में जब से मैंने एएफसी में पदभार संभाला है, मुझे लगता है कि भारत ने एशियाई फुटबॉल में बड़ी भूमिका है। आपने यहां दो विश्व कप और सीनियर महिला एएफसी एशियाई कप की मेजबानी की है। भारत एशिया का एक प्रमुख देश है और उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में यह फुटबॉल में समान स्तर पर अपना स्थान ले सकता है।एआईएफ-एफ के नए अध्यक्ष कल्याण चौबे से मुलाकात करते हुए, शेख सलमान ने भारतीय फुटबॉल के विकास के लिए एएफसी के पूर्ण समर्थन का विस्तार किया।शेख सलमान ने कहा, मैं यहां नए प्रबंधन से मिला हूं, और भारत को एक फुटबॉल राष्ट्र के रूप में सफल होने के लिए मैं हमेशा हर संभव समर्थन दूंगा। भारत की सफलता एशिया में हमारी सफलता होगी।एएफसी अध्यक्ष को लगता है कि भविष्य में भारत के पास सफलता की अधिक संभावना है।



# फिल्मी गपशप

# डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज होगी कार्तिक आर्यन की फिल्म फ्रेडी



अभिनेता कार्तिक आर्यन की हालिया फिल्में सफल रही हैं। वहीं अब वह काफी समय से अपनी फिल्म फ्रेडी को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। यह एक थ्रिलर फिल्म है, जिसमें वह अनोखे अवतार में दिखेंगे। अब मेकर्स ने इस फिल्म की रिलीज की घोषणा कर दी है। यह फिल्म सिनेमाघरों में ना आकर सीधे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दस्तक देगी। इसे स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज किया जाएगा।हॉटस्टार ने इंस्टाग्राम पर फिल्म की रिलीज से जुड़ी जानकारी शेयर की है। इस स्ट्रीमिंग कंपनी ने अपने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, हॉटस्टार पर सबसे हॉट स्टार कार्तिक आर्यन। डिज्नी+ हॉटस्टार। जल्द आ रहा है। रेडी फॉर फ्रेडी। दर्शकों में फिल्म के प्रति उत्सुकता देखने को मिली है। एक यूजर ने अपने कमेंट में लिखा, आखिरकार हॉटस्टार पर हमारा पसंदीदा सुपरस्टार आ रहा है। एक अन्य यूजर ने लिखा, फिल्म फ्रेडी देखने का इंतजार नहीं कर सकता।




फिल्म को लेकर कार्तिक ने कहा, मैं फ्रेडी का हिस्सा बनकर खुद को भाग्यशाली मानता हूं, फिल्म की कहानी ऐसी है, जिसे मैंने पहले कभी नहीं देखा है। इसने मुझे अपने शिल्प के साथ प्रयोग करने और एक नए जॉनर में एंट्री करने का मौका दिया है। बता दें, फ्रेडी की रिलीज डेट का अभी ऐलान नहीं किया गया है। बालाजी टेलीफिल्म्स और नॉर्दर्न लाइट्स फिल्म्स ने इसे प्रोड्यूस किया है। शशांक घोष ने इसका निर्देशन किया है। फिल्म में कार्तिक की जोड़ी अभिनेत्री अलाया एफ के साथ बनी है। इसमें दोनों एक–दूसरे के साथ रोमांस करते हुए दिखेंगे। बता दें कि अलाया ने सैफ अली खान के साथ फिल्म जवानी जानेमन से बॉलीवुड में अपने फिल्मी सफर की शुरुआत की थी। ऐसी चर्चा चली थी कि कार्तिक को फिल्म से इसलिए हटाया गया, क्योंकि वह इसकी कहानी में बदलाव की मांग कर रहे थे। हालांकि, सच्चाई यह थी कि कार्तिक ने कभी यह फिल्म छोड़ी ही नहीं।रिपोर्ट की मानें तो यह फिल्म दिसंबर में रिलीज हो सकती है। सूत्र की मानें तो इसे 2 दिसंबर को हॉटस्टार पर रिलीज किया जाएगा। इसको लेकर सूत्र ने बताया, फिल्म फ्रेडी 2, दिसंबर 2022 को रिलीज होगी। काफी चर्चा के बाद टीम को लगता है कि इस फिल्म को दुनिया के सामने पेश करने के लिए यह एक उपयुक्त तारीख होगी। इसकी आधिकारिक रिलीज डेट की घोषणा जल्द ही की जाएगी। पिछले साल कार्तिक की धमाका नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। इस फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों की अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी।

## रॉकेट गैंग के लिए स्पेशल डांस करेंगे रणबीर कपूर

बॉलीवुड स्टार रणबीर कपूर को कोरियोग्राफर से निर्देशक बने बॉस्को लेस्ली मार्टिस के निर्देशन में बनी पहली फिल्म रॉकेट गैंग के लिए एक विशेष डांस नंबर में शामिल किया गया है। गाने का टीजर सोमवार को रिलीज किया जाएगा।

रणबीर और बॉस्को ने इम्तियाज अली की तमाशा और रॉकस्टार सहित कई प्रोजेक्ट्स पर साथ काम किया है। इसलिए, अभिनेता ने अपने दोस्त के लिए प्रशंसा के निशान के रूप में गाने के लिए आने का फैसला किया।

नंबर के लिए अपने प्रिय मित्र के साथ सहयोग के बारे में बात करते हुए, बॉस्को ने कहा, मैं रणबीर को विशेष अतिथि के रूप में पाकर बहुत रोमांचित हूं। वह एक महान अभिनेता और एक महान ड्रांसर हैं। मैंने पूरे गीत को कोरियोग्राफ किया है और मैं वास्तव में खुश हूं।

# लाइगर की असफलता से आगे बढ़ फिर साथ काम करेंगे विजय देवरकोंडा और करण जौहर



विजय देवरकोंडा की फिल्म लाइगर का रिलीज से पहले खूब प्रचार किया गया था। फिल्म को लेकर निर्माताओं ने अच्छा हाइप बनाया था। हालांकि, जब फिल्म पर्दे पर आई तो इसका कंटेंट दर्शकों को पसंद नहीं आया। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप हुई। लाइगर से विजय पहली बार हिंदी दर्शकों के बीच आए थे। ऐसे में इस असफलता की खूब चर्चा हुई। अब खबर आई है कि करण जौहर और विजय फिर से साथ काम कर सकते हैं।रिपोर्ट्स के अनुसार लाइगर फ्लॉप होने के बाद भी निर्माता करण जौहर और विजय के बीच अच्छा रिश्ता है। दोनों एक दूसरे से संपर्क में हैं और नए प्रोजेक्ट पर विचार कर रहे हैं। लाइगर को करण ने पुरी जगन्नाथ के साथ मिलकर प्रोड्यूस किया था, लेकिन इस फिल्म को करण अकेले ही बनाएंगे। यह एक रोमांटिक फिल्म होगी। बता दें विजय करण से चैट शो कॉफी विद करण में भी नजर आए थे।रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म फ्लॉप होने के बाद विजय और निर्माता–निर्देशक पुरी जगन्नाथ के रिश्तों में दरार आ गई है। पुरी और विजय की चर्चित फिल्म जन गण मन फिलहाल ठंडे बस्ते में चली गई है। अब पुरी इस फिल्म को विजय की बजाय किसी ए–लिस्टर बॉलीवुड अभिनेता के साथ बनाने का मन बना चुके हैं। हालांकि, देखने वाली बात यह है कि लाइगर की असफलता के बाद वह नए अभिनेता को कैसे मना पाएंगे। लाइगर 25 अगस्त को बड़े पर्दे पर रिलीज हुई थी। फिल्म में विजय के साथ अनन्या पांडे मुख्य भूमिका में नजर आई थीं। बाहुबली अभिनेत्री राम्या कृष्णन लाइगर की मां के किरदार में दिखाई दी थीं। फिल्म का निर्देशन पुरी जगन्नाथ ने किया था जबकि इसका निर्माण करण की धर्मा प्रोडक्शन ने पुरी के साथ मिलकर किया था। फिल्म में माइक टायसन भी गेस्ट अपियरेंस में नजर आए थे। अब यह फिल्म डिज्नी+ हॉटस्टार पर मौजूद है। लाइगर में पूर्व मुक्केबाज माइक टायसन पहली बार किसी हिंदी फिल्म में नजर आए थे। वह इस फिल्म में गेस्ट अपियरेंस में थे। रिपोर्ट्स हैं कि इस कैमियो के लिए पुरी ने टायसन को करीब 20–25 करोड़ रुपये की फीस दी थी।विजय ने लाइगर का जमकर प्रचार–प्रसार किया था। मेकर्स को उम्मीद थी कि इसे पैन इंडिया लेवल पर पसंद किया जाएगा।

## हॉलीवुड फिल्ममेकर ने सनक की रीमेक राइट्स के लिए विपुल अमृतलाल को किया अप्रोच

इस महीने अभिनेता विद्युत जामवाल की फिल्म सनक को रिलीज हुए पूरे एक साल हो गए। यह फिल्म पिछले साल 15 अक्टूबर को डिज्नी+ हॉटस्टार पर आई थी। इसे विपुल अमृतलाल शाह और जी स्टूडियों ने मिलकर प्रोड्यूस किया था। अब सुनने में आ रहा है कि एक हॉलीवुड फिल्ममेकर ने इस फिल्म की रीमेक के लिए प्रोड्यूसर अमृतलाल को अप्रोच किया है। हॉलीवुड फिल्ममेकर उनसे रीमेक राइट्स हासिल करना चाहते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, हाल ही में हॉलीवुड फिल्म प्रोड्यूसर और निर्देशक काइलन टाइंग ने विपुल से बातचीत की है, क्योंकि वह सनक की रीमेक बनाने के इच्छुक हैं। बता दें कि काइलन ने लॉस्ट एंड फाउंड और गिगलबट जैसी चर्चित फिल्मों का निर्देशन किया है। यह गर्व की बात है कि एक हॉलीवुड फिल्ममेकर ने भारतीय फिल्म की रीमेक बनाने की इच्छा जाहिर की है। यह ऑफर मिलने पर विपुल बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, मेरे निर्देशक कनिष्क वर्मा को यह मेल मिला और उन्होंने इसे मुझे भेज दिया। यह मेरे जीवन का अद्भुत संयोग है कि मेरी पहली फिल्म आंखें की रीमेक के लिए भी हॉलीवुड से बातचीत चली थी, लेकिन किसी कारण से यह नहीं बन पाई थी। मैं ऐसा कह सकता हूं कि मैं एकमात्र व्यक्ति हूं, जिसकी दो फिल्मों की रीमेक के लिए हॉलीवुड फिल्ममेकर्स द्वारा बातचीत की गई है। आंखें के अलावा विपुल ने वक्त और नमस्ते लंदन जैसी यादगार फिल्में दी हैं। 2010 में आई एक्शन रीप्ले को उन्होंने ही प्रोड्यूस किया था। कमाडों सीरीज की तीनों फिल्मों का निर्माण इन्होंने खुद किया। फोर्स और फोर्स 2 जैसी फिल्मों के प्रोड्यूसर विपुल ही हैं। इसके अलावा उन्होंने कई टीवी सीरीज को भी प्रोड्यूस किया है। हम परदेसी हो गए और पुकार जैसी सीरीज विपुल ने ही बनाई है। सनक में विद्युत के अलावा नेहा धूपिया और चंदन रॉय सान्याल भी अहम भूमिका में नजर आए थे। फिल्म में विद्युत के साथ बंगाली फिल्मों की मशहूर अदाकारा रुक्मिणी मैत्रा को लीड एक्ट्रेस के तौर पर देखा गया। इस फिल्म में विद्युत ने अपने एक्शन से दर्शकों को प्रभावित करने की कोशिश की थी। विपुल और विद्युत ने इस फिल्म के लिए पांचवीं बार हाथ मिलाया था। इन दोनों ने फोर्स और कमांडो सीरीज में भी साथ किया है।



जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com